ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● आश्विन शुक्ल पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 28 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-13 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

फिल्म 'रामायण' में हनुमान के किरदार ... पेज 10 पर








## गागर में सागर

### गैंगस्टर अमन साहू पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में एटीएस

**रांची।** जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ झारखंड एटीएस बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। राज्य के अन्य कई हिस्सों से एटीएस की टीम अमन साहू की संपत्ति पर किए निवेश का ब्यौरा जुटाने का काम कर रही है। इसे लेकर 5 जिलों के निबंधन कार्यालय से टीम ने जानकारी भी मांगी है। बता दें, अमन साहू और उसके पिता नरंजन प्रसाद साहू, मां किरण देवी भाई आकाश कुमार और दूसरे भाई अंकित कुमार के नाम पर खरीदी गई जमीन और अन्य अचल संपत्ति की जानकारी जुटाने में लगी है। एटीएस की टीम राजधानी रांची के अलावा चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और लातेहार जिला में अमन साहू की संपत्ति का डाटा खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक, लेवी और रंगदारी से मिली बड़ी राशि की अमन साहू ने जमीन और अन्य अचल संपत्ति में निवेश किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि एटीएस जांच के दौरान संपत्ति की जानकारी मिलने पर साहू की सभी संपत्तियों को जब्त करने को लेकर आगे की कार्रवाई कर सकती है।

### झारखंड में सुबह-शाम की ठंड शुरू

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में अब ठंड का एहसास होने लगा है। सुबह और शाम को चलने वाली ठंडी हवाओं ने गर्म कपड़ों की जरूरत को महसूस कराना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में ठंड की रफ्तार और तेज होगी। तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। राज्य में हिमालय और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठंड महसूस होने लगी है। मौसम शुष्क और धूप के कारण अभी ठंड का ज्यादा एहसास होगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की वजह से मौसम अपना मिजाज बदल रहा है। साईक्लोन सकुर्लेशन का असर राज्य में कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से बादल नजर आयेंगे। संभावना व्यक्त की है कि राजधानी रांची, देवघर, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, सरायकेला, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड में बादल नजर आयेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। रांची का न्यूनतम तापमान 18.6 दर्ज की गई है जबकि डालटनगंज में सबसे कम तापमान 17.7 दर्ज की गई है।

### अमन श्रीवास्तव गिरोह का कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, एटीएस पर हमले का है आरोपी

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के कुख्यात अपराधी मोहम्मद उर्फ नेपाली को रांची से धर दबोचा है। साल 2022 में भी नेपाली को एटीएस की टीम के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था ,लेकिन उसे दौरान भीम ने एटीएस पर हमला कर नेपाली को मौके से भगा दिया था।

**कुख्यात अपराधी है नेपाली :** मोहम्मद उर्फ नेपाली अमन श्रीवास्तव गिरोह का कुख्यात अपराधी है उसके ऊपर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। एटीएस के चुंगल से फरार होने के बाद वह अपना ठिकाना लगातार बदलकर रह रहा था। इसी बीच एटीएस की टीम को यह सूचना मिली कि मोहम्मद उर्फ नेपाली रांची के अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास देखा गया है। जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने अरगोड़ा इलाके में नजर रखनी शुरू की, इस दौरान अरगोड़ा में मोहम्मद के कुछ रिश्तेदार भी देखे गए तब एटीएस को यह पक्का विश्वास हो गया कि जरूर मोहम्मद भी अरगोड़ा इलाके में भी है। तलाशी के दौरान एटीएस की टीम को मोहम्मद उर्फ नेपाली अरगोड़ा स्टेशन के पास नजर आया जिसके बाद एटीएस ने उसे घेर कर धर दबोचा।

### राजधानी में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी के अलग-अलग इलाकों में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो कुख्यात अपराधियों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों अपराधी अभिषेक कुमार सिंह और सोनू सिंह उर्फ सोनू सरदार पुराने अपराधी हैं ,दोनो आर्म्स एक्ट और रंगदारी जैसे मामलों में पूर्व में भी जेल जा चुके हैं।

### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023

पाकिस्तान VS दक्षिण अफ्रिका

पाकिस्तान-270 /10 ( 46.4 ओवर)

दक्षिण अफ्रिका- 271/9 ( 47.2 ओवर)

**आज का मैच**

आस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड : धर्मशाला (10:30 बजे से)

नीदरलैंड बनाम बांग्लादेश : कोलकाता (2:00 बजे से)

झारखंड सरकार लॉन्च करेगी कोर्स, स्थापना दिवस पर मॉड्यूल लाने की तैयारी

# अफसरों को सीखनी होगी जनजातीय भाषा


नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड की सरकार राज्य में काम करने वाले आईएएस-आईपीएस और राज्य सेवा के अफसरों को छह जनजातीय भाषाएं सिखाने के लिए ऑनलाइन पाठशाला चलाएगी। फील्ड में काम करने वाले हर अफसर के लिए यह अनिवार्य किया जाएगा कि वे राज्य में बोली जाने वाली जनजातीय भाषाएं सीखें। झारखंड सरकार का ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट इसके लिए कोर्स मॉड्यूल तैयार कर रहा है। 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर कोर्स मॉड्यूल लॉन्च कर दिया जाएगा।

सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य सरकार के कल्याण विभाग ने इसकी पूरी योजना तैयार की है। तय किया गया है कि छह जनजातीय भाषाओं संथाल, हो, खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी और भूमिज के तीन-तीन महीने के ऑनलाइन कोर्स चलाए जाएंगे। कोर्स पूरा करने के बाद परीक्षाएं भी ली जाएंगी और उत्तीर्ण अफसरों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। अगर कोई अफसर परीक्षा में पास नहीं होता है तो उसे फिर से मौका दिया जाएगा।

उद्देश्य यह है कि अफसर झारखंड की वृहत जनजातीय आबादी से उसकी भाषा में संवाद कर सकें। अफसरों को जनजातीय इतिहास और संस्कृति की भी जानकारी दी जाएगी। ऑनलाइन क्लास के सफल संचालन के लिए जनजातीय भाषा के व्याख्याताओं, शिक्षकों और जानकारों की सेवाएं ली जाएंगी। झारखंड में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली जनजातीय भाषा संथाली है। करीब 20 लाख लोग इस भाषा का इस्तेमाल करते हैं। यह संविधान की आठवीं अनुसूची में भी शामिल है। इसी तरह लगभग 15 लाख लोग मुंडारी, दस लाख से ज्यादा लोग कुड़ुख और आठ लाख से ज्यादा लोग हो भाषा का उपयोग करते हैं। भूमिज भाषा बोलने वालों की संख्या भी पांच लाख से ज्यादा है। जनजातीय बहुल शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में ट्राइबल डिजिटल एटलस बनाने की कवायद शुरू




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य में निवास करने वाले आदिवासी समूह के लिए ट्राइबल डेवलपमेंट डिजिटल एटलस तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के प्रथम चरण में अति कमजोर आदिवासी समुदाय का बेसलाइन सर्वे किया जाएगा। इसकी तैयारी कल्याण विभाग अंतर्गत आदिवासी कल्याण आयुक्त के मार्गदर्शन में शुरू कर दी गई है। इसके लिए आदिवासी गांवों की बुनियादी सुविधाओं की वर्तमान स्थिति और विकास के मानक लक्ष्य से क्रिटिकल गैप सर्वे के साथ प्रत्येक गांव और टोला में शिक्षा, कौशल क्षमता, रोजगार, आय, जीवनस्तर आदि के सम्बन्ध में भी ब्यौरा तैयार होगा।

**सुविधा देने पर विशेष ध्यान :** इसके लिए राज्य सरकार उनके सामाजिक बुनियादी ढांचा, आजीविका और स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य योजना को अमली जामा पहनाएगी। ताकि ऐसे जनजातीय समूह के लोगों को पक्के आवास, स्वच्छता, पाइपलाइन के जरिये शुद्ध पेयजल, बिजली/सौर विद्युतीकरण, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीडीएस और ई-श्रम का लाभ, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी तक पहुंच, शिक्षा, सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता, हर मौसम में सड़क कनेक्टिविटी, मोटर बाइक एम्बुलेंस/मोबाइल स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, वनोत्पाद आधारित आजीविका, राज्य आजीविका शेष पृष्ठ 11 पर

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान होंगे पीएम मोदी



### 4000 संत-महंत व प्रतिष्ठित लोग रहेंगे उपस्थित

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर के उद्घाटन के दौरान 22 जनवरी को मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य समारोह में यजमान के तौर पर नरेंद्र दामोदर दास मोदी पूजा में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री सभी कार्यों को यजमान के तौर पर ही संपादित करेंगे और पूजा का संकल्प लेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इसके लिए कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री से मुलाकात करके उनको निमंत्रण दिया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार प्रधानमंत्री प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी पूजन विधि में शामिल होंगे। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी एक प्रोटोकॉल शिष्टाचार के अंतर्गत कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। चंपत राय ने बताया कि देश में जितने भी पूजा पद्धति, उपासना पद्धति और दार्शनिक परंपरा हैं, उन सब से जुड़े 4000 संत इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में आने के लिए देश के लिए प्राण गंवाने वाले शहीद जवानों के परिवार के लोगों के अलावा कुछ चर्चित लेखक, कवि, साहित्यकार व अभिनेता - अभिनेत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है। लेकिन ट्रस्ट ने यह नहीं बताया कि केन्द्र के प्रमुख व अन्य विपक्षी नेताओं से मिलकर उनको आमंत्रित किया गया है या नहीं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले नवनिर्मित गर्भगृह में अक्षत पूजन होगा जिसके माध्यम से राम भक्तों को निमंत्रण दिया जाएगा। मुख्य समारोह से पहले परंपरा अनुसार अक्षत पूजन होगा जिसे आस-पास के गांव और लोगों को बांटकर इस बात की सूचना और निमंत्रण दिया जाएगा कि रामलला अपने नए भव्य मंदिर में विराजमान होने वाले हैं।

# गुमला में कुएं में मिला डीन फादर रजत एक्का का शव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** संत जॉन पारिस के डीन फादर रजत एक्का का शव शुक्रवार को पारिस के बगान स्थित कुंए में मिला। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि फादर रजत इक्का ने आत्महत्या की है या उनकी हत्या कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार रजत एक्का ने फादर पवन लकड़ा के साथ गुरुवार रात 8:30 बजे खाना खाया। इसके बाद दोनों अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। फादर पवन लकड़ा के मुताबिक सुबह 5:30 बजे प्रत्येक दिन फादर रजत मिस्सा घंटी बजाते थे लेकिन शुक्रवार को मिस्सा घंटी नहीं बजी तो उन्होंने बजाया। सुबह आठ बजे तक नाश्ते के लिए वह नहीं पहुंचे तो उनकी खोजबीन की गई लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। सुबह करीब नौ बजे पारिस के बगान में काम करने गए विमला तिर्की ने फादर रजत का चप्पल एवं टॉर्च को कुएं के पास देखा। इसके बाद इसकी सूचना पारिस में दी गई। जब लोग कुएं के पास पहुंचे तो फादर रजत की टोपी कुंए में दिखा। कुछ देर बाद फादर का शव कुआं में दिखने लगा। फादर पवन लकड़ा ने चैनपुर थाना को घटना की सूचना दी गई। चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर कुएं से फादर का शव को निकलवाया। हत्या या आत्महत्या दोनों पहलू की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने फादर के रूम को सील कर दिया है। उनके मोबाइल व डायरी को भी जब्त कर लिया गया है।

### एक वर्ष पूर्व मिली थी जान से मारने की धमकी

मिली जानकारी के अनुसार जुलाई, 2022 में अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति को लेकर हुटार गांव के ग्रामीणों के साथ रजत एक्का का काफी विवाद हुआ था। मामला इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने फादर को जान से मारने की धमकी दे डाली थी। इसके बाद फादर के भाई ने डुमरी थाना में मामला दर्ज कराया था।

### ट्रांसफर पर टिप्पणी मामले में पूर्व डीएसपी के दो वेतन वृद्धि पर रोक

**रांची।** फेसबुक अकाउंट पर ट्रांसफर संबंधी सरकार के निर्णय के खिलाफ अवांछनीय टिप्पणी करना राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी व तत्कालीन डीएसपी एसआईआरबी-02 खूंटी किशोर कुमार रजक पर लगे आरोपों को प्रमाणित मानते हुए राज्य सरकार ने उनकी दो वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। साथ ही 27 सितंबर, 2019 को शुरू किए गये विभागीय कार्रवाई का निस्तारण भी कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। वर्ष 2019 में गृह विभाग के द्वारा उनका तबादला किया गया था, जिसके खिलाफ उन्होंने सोशल मीडिया में सरकार के खिलाफ टिप्पणी की। पूरे मामले पर विभागीय कार्रवाई भी हुई।

# संकल्प सभा आज रांची में, जेपी नड्डा भरेंगे हुंकार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरमू मैदान में संकल्प यात्रा के समापन के साथ भाजपा के मिशन 2024 का शंखनाद के साथ हुंकार भरेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में नौ चरणों में 75 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा पूरी हो चुकी है। शनिवार को छह विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, मांडर व तमाड़ के कार्यकताओं व नेताओं की जुटान हरमू मैदान में होगी। जेपी नड्डा शाम चार से साढ़े पांच बजे तक हरमू मैदान में संकल्प यात्रा के समापन समारोह में शामिल होंगे। दिन के 3 बजे वह मेघालय से विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। रांची एयरपोर्ट पर 45 मिनट तक वह भाजपा नेताओं और समाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। रांची में समापन समारोह के बाद वह रायपुर रवाना होंगे। रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर बोरियाकला में वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

**संकल्प यात्रा के समापन की तैयारी पूरी :** भाजपा ने संकल्प यात्रा के समापन समारोह की पूरी तैयारी कर ली है। शुक्रवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का दौरा शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी की संपत्ति खंगाल रही एसीबी

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा खंगाल रही है। साथ ही एसीबी अमर बाउरी की पत्नी कल्याणी देवी के नाम से खरीदी गयी अचल संपत्ति की भी जानकारी जुटाने में लगी है। इसके लिए एसीबी ने रांची के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में पत्र लिखा है। एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से यह जानकारी मांगी है कि अमर कुमार बाउरी और कल्याणी देवी के नाम पर कितनी अचल संपत्ति खरीदी गयी है। वहीं एसीबी ने दोनों के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को दिये हैं। एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में अमर कुमार बाउरी और उनकी पत्नी की प्रॉपर्टी की डिटेल की जानकारी एकत्र की जा रही है।

1985 से ही ददई दुबे व रामचंद्र चंद्रवंशी ही करते रहे हैं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व

# तीन दशक बाद विश्रामपुर को नया विधायक मिलने की आहट

## उम्र व स्वास्थ्य संबंधी कारणों से चुनाव में दोनों के ही चुनाव नहीं लड़ने की चर्चा

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रतिष्ठापरक विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा को आसन्न विधान सभा चुनाव में नया विधायक चेहरा मिलने की आहट सुनाई देने लगी है। उम्र व स्वास्थ्य संबंधी कारणों से वर्ष 1985 से ही राजनीतिक प्रतिद्वंदी रहे वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के इस बार चुनाव न लडने की क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। वर्ष 1985 में जनता पार्टी के विनोद सिंह को शिकस्त देकर ददई दुबे ने विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराया था। पांच वर्ष बाद 1990 में भी निर्दलीय धर्मेंद्र प्रताप देव को पराजित कर उन्होंने अपनी बादशाहत कायम रखी। किंतु वर्ष 1995 में राजद के रामचंद्र चंद्रवंशी ने ददई दुबे को परास्त कर उन्हें हैट्रिक बनाने से रोक दिया। इसका बदला लेते हुए अगले चुनाव में ददई दुबे, चंद्रवंशी को परास्त कर विधान सभा पहुंचने में सफल रहे। इस बार वे संयुक्त बिहार के राबडी देवी मंत्रीमंडल में श्रम मंत्री का पदभार भी संभाला। इसी बीच अलग झारखंड राज्य अस्तित्व में आ गया। उसके बाद वर्ष 2004 में हुए विधान सभा चुनाव में रामचंद्र चंद्रवंशी ने पुनः ददई दुबे को परास्त कर दिया। उसके बाद हुए लोक सभा चुनाव में धनबाद से चुनाव जीत कर श्री दुबे संसद पहुंच गये। वर्ष 2009 के विधान सभा चुनाव के दौरान सांसद होने के कारण ददई दुबे ने अपने पुत्र अजय दुबे को विधान सभा चुनाव लडाया। किंतु वे राजद के रामचंद्र चंद्रवंशी से पार नहीं पा सके। इसी बीच बदले राजनीतिक परिदृश्य में रामचंद्र चंद्रवंशी भगवा खेमे में आकर वर्ष 2014 के बाद वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव जीत कर हैट्रिक बना ली। रघुवर सरकार में वे स्वास्थ्य मंत्री भी बने। इन दोनों ही चुनावों में भाजपा से चुनाव लडे चंद्रवंशी का ग्राफ जहां लगातार बढता गया। वहीं सिकुड़ते हुए कांग्रेस तीसरे से पांचवें स्थान पर पहुंच गई। आगामी विधान सभा चुनाव में उम्र व स्वास्थ्य शेष पृष्ठ 11 पर





### विश्रामपुर विस में फ्रेंडली फाइट की पटकथा हो रही तैयार

**मेदिनीनगर।** आईएनडीआईए गठबंधन की पृष्ठभूमि तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले झारखंड के विश्रामपुर विधान सभा में फ्रेंडली फाइट की पटकथा तैयार हो रही है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस व राजद के संभावित उम्मीदवारों ने विधान सभा क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। भाजपानीत एनडीए गठबंधन को मात देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आईएनडीआईए गठबंधन बनाने में बिहार के साथ झारखंड ने भी अहम भूमिका निभाई है। इसके बाद भी सीट बंटवारे को लेकर गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सामंजस्य बनता दिखाई नहीं दे रहा है। पलामू प्रमंडल के विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में दोस्ताना संघर्ष की स्थिति स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### नये अंचल पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**हुसैनाबाद।** अंचल में नये अंचल पदाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि निवर्तमान सीओ नंद कुमार राम का बरियातू स्थानांतरण हो गया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अंचल कर्मियों ने बुके देकर सीओ का स्वागत किया। नव पदस्थापित सीओ ने कहा कि समय पर आम लोगों के कार्यों का निष्पादन, दाखिल खारिज, भूमि संबंधी विवादों का निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही बिचौलियों को कभी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से सहयोग का आग्रह किया। मौके पर अंचल नाजिर सुनील कुमार सिंह,राजस्व कर्मचारी राजेन्द्र राम,संतोष कुमार,कौशिक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सूर्यप्रताप, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, बिकाश कुमार कुशवाहा, सहायक कामेश्वर पहाड़िया, संतोष कुमार रविमौजूद

### मुखिया ने दुर्गा पूजा कमेटी को किया सम्मानित

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार में भव्य दुर्गा पूजनोत्सव के मद्देनजर मुखिया व मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। आसेहार मुखिया देवसागर राम द्वारा जहां कमेटी के सदस्यों को तलवार भेंट किया गया। वहीं मोहर्रम इंतजमियाँ कमेटी के अध्यक्ष मो. ताजुदीन अहमद, मो. हसीब अंसारी, मो. एकराम अंसारी, मुजाहिद अंसारी, महताब अंसारी, अलमताब अंसारी, मो अनवर हुसैन, मो युनूस अंसारी आदि ने कमेटी के पदाधिकारियों को पगडी बांधकर सम्मानित किया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की बिगड़ी हालत

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के उरसुला गांव में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई। गंभीर अवस्था में परिजनों ने युवती को सीएचसी विश्रामपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि अनजाने में 18 वर्षीय शोभा कुमारी ने घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया।

### प्रमुख ने सरसों बीज का किया वितरण

**पाटनः** पाटन प्रमुख शोभा देवी ने नावा खास पंचायत के ग्राम पोखरिया में टाना भगत के लाभुकों के बीच सरसों बीज का वितरण किया। प्रमुख ने बताया कि सरकार की योजना के तहत हर गरीब किसान को योजनाओं का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, एटीएम विनय कुमार उपस्थित थे।

### पाटन विधायक पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास

# 3 करोड़ 80 लाख की लागत से निर्मित होगा जंघासी-बनासो रोड

**इस रोड को बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी : पूर्व सांसद**



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रखंड के जंघासी से बनासो तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 80 लाख की लागत से रोड का निर्माण शुरू हो गया है। पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने शुक्रवार को सडक निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि इस रोड को बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। यह क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है। उन्होंने कहा कि पाटन प्रखंड में आवश्यकतानुसार कई सडक निर्माण के लिए टेंडर हो चुका है। किशुनपुर और नावा जयपुर को प्रखंड बनाने के लिए सदन में मामला उठाया जाएगा। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार लूटने का काम कर रही है। इसके बाद भी क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का प्रयास निरंतर जारी है। केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवास का लाभ दिया है। उज्ज्वला योजना से ग्रामीण महिलाओं को जहां राहत मिली है। वहीं सदन में 33 प्रतिशत आरक्षण देने से उन्हें सम्मान प्रापत हुआ है। कार्यक्रम के दौरान जदयू छोड़कर डेढ दर्जन से अधिक लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ने सभी का स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे,जालंधर यादव, गुड्डू सिंह, चंदन दुबे,जंगासी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, शुभम क्रांति, कामता सिंह,अजीत मेहता,नीलिमा देवी मौजूद थे।

## पिपरा प्रखंड सभागार में बीज वितरण को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत मक्का, सरसों, चना बीज वितरण को लेकर बैठक आयाजित की गई। बैठक में बीडीओ अनिता केरकेट्टा ने बताया कि प्राप्त बीजों का सभी पंचायतों में एक समान वितरण करना है। पात्र किसानों को टोकन के माध्यम से बीज का वितरण किया जाएगा। बीटीएम संजय कुमार ने बताया कि जन प्रतिनिधियों की सहमति से बीज वितरण हेतु प्रखंड के तीन दर्जन गांवों का चयन किया गया है। प्रखंड कृषक सलाहकार समिति अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि प्रयास है कि अधिकाधिक किसानों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में जिप सदस्य ददन पासवान, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता, कृषि पदाधिकारी सरजुन राम, एसआई पीनीयस मुंडा, पंचायत समिति सदस्य जनेश्वर रजवार,अंशु मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### धूमधाम से मना आदित्य बिडला पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

# नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



नवीन मेल संवाददाता

**बिश्रामपुर।** नपं अंतर्गत रेहला कस्बे के ग्रासिम औद्योगिक संस्थान परिसर स्थित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह के दौरान नन्हे-मुन्नों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रेहला ग्रासिम संस्थान के नए प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के साथ पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा, हरदीप कोहली, दिनेश पांडे,महिला मंडल अध्यक्ष यामिनी शर्मा, मोनिका खन्ना, वंदना कोहली, एबीपीएस के प्राचार्य संजय खन्ना आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा छह से आठ की छात्राओं ने भावपूर्ण गणेश वंदना प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं के विविधरंगी आकर्षक

# किसान ब्रिगेड ने समाजसेवी राजेश को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में घुसखोर कर्मचारी सचिन गुप्ता को रंगे हाथ पकड़वाने वाले दरुआ निवासी प्रखर समाजसेवी राजेश तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। किसान ब्रिगेड के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है। उन्होंने कार्रवाई के लिए मुहिम में शामिल एसीबी की पूरी टीम के प्रति आभार जताया। संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कडी कार्रवाई समय की जरूरत है। राजेश तिवारी ने लोगों का आह्वान किया कि किसी भी कार्यालय में घुस की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है। निडर होकर एसीबी को इसकी सूचना देनी चाहिए। जबतक भ्रष्टाचारियों के मन में डर पैदा नहीं होता वे घुस लेना बंद नहीं करेंगे। मालूम हो कि राजेश तिवारी की शिकायत पर पिछले सप्ताह हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की एसीबी की टीम ने 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### खरीफ के बाद रबी की फसल पर भी मौसम की मार

**मेदिनीनगर।** खरीफ के बाद रबी फसल पर भी मौसम की मार पडने से किसानों की हालत खस्ता हो गई है। बरसात न होने के कारण किसान गेहूं, चना, मसूर, मटर, राई आदि फसलों की बोआई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष सिर्फ खरीफ की फसल ही चौपट हुई थी। मौसम के साथ देने के कारण वे रबी की अच्छी उपज प्राप्त करने में सफल रहे थे। किंतु इस वर्ष दोनों सीजन की फसल चौपट हो गई है। किसानों ने कहा कि खेती के लिए महाजन का कर्जा भी बढ़ता जा रहा है। प्रमंडल में सिंचाई की सुविधा न होने से खेती लगातार घाटे का सौदा साबित हो रही है। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल राहत कार्य शुरू कराये जाने की मांग की है।

# बीडीओ व एसडीपीओ नदारद, जनता परेशान

### भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ ने जताई नाराजगी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में पदाधिकारियों की कमी का दंश यहां की जनता झेल रही है। परंतु झारखंड सरकार से लेकर विधायक तक कोई इसकी सुध लेने वाला नहीं है। मोहम्मदगंज प्रखंड में जहां कोई अंचलाधिकारी नहीं है। वहीं हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंड में बीडीओ की कुर्सी खाली है। भ्रष्टाचार और घूसखोरी हुसैनाबाद के सभी कार्यालयों में खुलेआम व्याप्त है। जिसका ताजा उदाहरण अभी हाल में ही हुसैनाबाद के एक कर्मचारी का घूस लेते हुए एसीबी की टीम द्वारा रंगेहाथों पकड़ा जाना है। विगत एक महीना से हुसैनाबाद अनुमंडल बिना अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के ही चल रहा है। किसान बिग्रेड के संरक्षक सह भाजपा प्रदेश सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण हुसैनाबाद अनुमंडल में सरकारी व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की कारस्तानी तो नागरिकों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। बिजली संबंधी सुविधाएं दिये बिना ही ग्रामीण की छोटी सी गलती पर विभाग द्वारा भारी आर्थिक दण्ड लगा कर उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जन समस्याओं की अनदेखी कर स्थानीय विधायक अनावश्यक कार्यक्रमों पर लाखों रूपये खर्च कर रहे हैं। यदि तत्काल समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो शीघ्र ही आम जनता सडक पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## पिपरा में मेरी माटी- मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड परिसर स्थित मैदान में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीता केरकेट्टा ने किया। नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक अंजली कुमारी, शैलेंद्र कुमार, पूर्व स्वयं सेवक अभिषेक शर्मा ने बताया कि सभी पंचायतों की मिट्टी को एकत्रित कर भेजा जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव, रामजी पासवान आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग पुत्र के चाकू से घायल पिता की इलाज के दौरान मौत



**पाटन।** नावाजयपुर थाना के पकरिया गांव में नाबालिग पुत्र के चाकू से घायल पिता ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड दिया। बता दें कि 45 वर्षीय छोटु शर्मा उनके छोटे पुत्र ने चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान मेडिकल कालेज मेदिनीनगर में उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार मृतक छोटु शर्मा शराब के नशे में अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। दशहरा के दिन भी मृतक ने पत्नी के साथ मारपीट की थी। बताया जाता है कि मां की प्रताड़ना से पुत्र आहत था तथा मानसिक तनाव में आकर उसे घटना को अंजाम दिया। इस सबन्ध में थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया है कोई फर्द बयान थाना में नही मिला है।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक–957 / दिनांक– 26.10.2023

अति अल्पकालीन / दर आमंत्रण सूचना : 29 / 2023–24

(पुर्ननिविदा 4th Call)

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु Basic Equipment and Stationary की आवश्यकता है। Basic Equipment & Stationary क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / विकेता दिनांक 06.11.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन / दर नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

| क0 सं0 | उपकरण / सामग्री का नाम | मात्रा | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pulse Oximeter | 01 | | |
| 2 | Gluco Meter | 01 | | |
| 3 | Hemoglobin Meter | 01 | | |
| 4 | Stethoscope | 02 | | |
| 5 | BP Machine Digital | 01 | | |
| 6 | Weight Machine Digital | 01 | | |
| 7 | Height meter | 01 | | |
| 8 | Thermometer Digital | 02 | | |
| 9 | Register Large | 10 | | |
| 10 | Register Medium | 10 | | |
| 11 | Bed side Screen | 01 | | |
| 12 | Emergency Drug Tray | 01 | | |
| 13 | Nebulizer Machine | 01 | | |
| 14 | Fire Extinguisher | 02 | | |
| 15 | Ambu Bag | 01 | | |
| 16 | I/V Stand | 01 | | |
| 17 | Tongue Depression | 01 | | |
| 18 | Mouth Gag | 01 | | |
| 19 | Inverter with Battery Tobler | 01 | | |
| 20 | Dustbin | 10 | | |
| 21 | Color Coded bin | 16 | | |
| 22 | Sharp container | 02 | | |
| 23 | Towel | 06 | | |
| 24 | Suction Machine | 01 | | |
| 25 | Foot step | 01 | | |
| 26 | Nebulizer | 01 | | |
| 27 | Torch | 01 | | |
| 28 | फुल झाडू | 03 | | |
| 29 | Mop | 03 | | |
| 30 | सीक झाडू | 03 | | |
| 31 | झोल झाड़न | 02 | | |
| 32 | A4 Paper | 02 पेटी | | |
| 33 | Pen | 10 | | |
| 34 | Bucket | 02 | | |
| 35 | Mug | 02 | | |
| 36 | Baby weight machine Digital | 01 | | |

नोटः– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR.NO.309969 Urban Development(23-24):D

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

### अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला अन्तर्गत लावालौंग एवं सिमरिया अंचल के अद्योलिखित तालाबों की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक के लिए विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में प्रथम तिथि दिनांक 08.11.2023 को पूर्वाहण् 11:00 बजे खुली डाक द्वारा अपर समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष जिला स्तरीय वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण समिति, चतरा की उपस्थिति मे अपर समाहर्त्ता, चतरा के कार्यालय कक्ष में की जायेगी।

शर्तें :

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत प्रतिभूति राशि डाक शुरू होने पर पना पहचान–पत्र, यथा आधार कार्ड / चुनाव पहचान–पत्र / पासपोर्ट साईज फोटो / फोटोयुक्त बैंक पासबुक जिला मत्स्य कार्यालय में जमा करना होगा।
2. डाक में लगायी गई उच्चतम बोली तालाब का वार्षिक राजस्व होगा।
3. पूर्व के बकायेदारों को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
4. डाक के उपरांत सफल उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर शेष व्यक्तियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जायेगी। उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि वार्षिक राजस्व में समायोजित कर ली जायेगी।
5. सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के उपरांत लगाये गये बोली की पूर्ण राशि एक मुस्त अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
6. सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के उपरांत लगाये गये बोली की पूरी राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उनकी प्रतिभूति राशि दण्ड स्वरूप जब्त कर ली जायेगी।
7. सफल डाक वक्ता को 15 दिनों के अन्दर एकरारनामा कर उसका निबंधन कराना आवश्यक होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये डाक रदद अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
9. डाक वक्ता को अपना पहचान–पत्र, यथा आधार कार्ड / चुनाव पहचान–पत्र / पासपोर्ट साईज फोटो / फोटोयुक्त बैंक पासबुक के साथ ही डाक में भाग लेने की अनुमति होगी।

| क्र0 | आहर / तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | तलाब का विवरणी | | | | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | खाता | खेसरा | रकवा (ए0में) | जलक्षेत्र (ए0में) | |
| 1 | सोहावन आहर | सोहावन | लावालौंग | लावालौंग | 18 | 143,147 | 10.95 | 5.0 | 15,000.00 |
| 2 | नारा पोखर | बारा | सिमरिया | सिमरिया | 114 | 149 | 2.55 | 1.53 | 28,000.00 |

नोट : उक्त बन्दोबस्ती तिथि के पश्चात् बन्दोबस्ती हेतु शेष बचे तालाबों की बन्दोबस्ती द्वितीय एवं तृतीय तिथि क्रमशः दिनांक 09.11.2023 एवं 10.11.2023 को पूर्वाहण 11:00 बजे उक्त स्थान पर आयोजित की जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा।

PR 309982 (Fish) 23-24 (D)

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 930 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 13.10.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–पनघटवा**, थाना नं0–172, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **डंडई बाजार से लावाहीकला होते हुए पनघटवा पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ (लम्बाई 10.5 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–पनघटवा**, थाना नं0–172, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.023** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 72 | 379 | रैयती | टॉड़ 3 | 0.023 | नरेश राम वगैरह, पिता–महावीर राम, निवासी नीज ग्राम | – | – | – | – |
| कुल :– | | | | | 0.023 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0 / भू0अ0नि0(अधिनियम)–129 / 2017 / नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त, गढ़वा

PR 309973 Land Reforms(23-24)#D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव

पत्रांक– 960 / दिनांक– 26.10.2023

### अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– 32/2023–24 (पुर्ननिविदा 2nd Call)

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. निविदा / कोटेशन जमा करने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक– 06.11.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ 5000.00 रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के नाम से भुगतेय होगा। जो Non Refundable होगा।
3. निविदा / कोटेशन खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक–06.11.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।

नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत अधिष्ठापित High Mast Light हेतु 150W LED Flood Light एवं मरम्मति हेतु अन्य सामग्री क्रय किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0 सं0 | सामग्री का विवरण | संख्या | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150W LED Flood Light<br>Voltage- AC 240<br>System Wattage - 150 W<br>System Current in Amps at 240V AC- 063<br>Power Factor- ≥ 0.95<br>Make- Bajaj, Hovels, Crompton, | 125 Pcs. | | |
| 2 | MCB 40 Amp. DP Triple pole | 15 Pcs | | |
| 3 | Wire 2.5 mm 4 phase | 200 mtr. | | |
| 4 | PVC tape | 30 Packet | | |
| 5 | Solding iron 60 watt | 03 pcs. | | |
| 6 | Ranga | 200 Gram | | |
| 7 | Pest | 05 Pcs. | | |
| 8 | 16 mm cable wire 4 Phase | 500 mtr | | |
| 9 | Silcom Paste | 500 Gram | | |
| 10 | इलेक्ट्रीक हैंड ग्लब्स | 06 Pcs. | | |
| 11 | केबल कटर | 02 Pcs. | | |
| 12 | प्लास टपरीया | 02 Pcs. | | |
| 13 | वायर कटर | 03 Pcs. | | |
| 14 | पेचकस 2 इन 1 | 02 Pcs. | | |
| 15 | टेस्टर | 02 Pcs. | | |
| 16 | एम्पीयर / वोल्ट मीटर | 01 Pcs. | | |
| 17 | सेफटी शु 08 नं0 | 02 जोड़ी | | |

कोटेशन / निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 309953 Urban Development(23-24)#D

## गागर में सागर

### योग संस्थान का रक्तदान शिविर आज

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के द्वारा पलामू में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संस्थान के जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर पलामू जिला में कई जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविर की तिथि एवं स्थल निर्धारित कर दिया गया है। 28 अक्तूबर को डालटनगंज से जिले में मेगा रक्तदान शिविर शुरू होगा। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में 28 अक्तूबर को शिविर लगेगा। इसके बाद जिले के अन्य जगहों पर शिविर लगाकर भक्तजन रक्तदान करेंगे। निर्धारित तिथि के मुताबिक 29 अक्तूबर को नौडीहा बाजार के सरईडीह,एक नवंबर को छतरपुर,दो नवंबर को हुसैनाबाद,तीन नवंबर को पाटन,चार नवंबर को पड़वा,पांच नवंबर को पांकी एवं 6 नवम्बर को विश्रामपुर प्रखंड के रेहला में रक्तदान शिविर लगेगा. संयोजक श्री सिंह ने सभी सेवा प्रभारियों को निर्देश दिया है कि रक्तदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करें. अधिक से अधिक संख्या में लोग रक्तदान करें,इसके लिए सभी सेवा प्रभारियों को सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है.सबकी सक्रियता एवं सहभागिता से ही रक्तदान अभियान सफल होगा।

### अवैध वसूली से व्यवसायी खफा

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों ने नगर निगम के कर्मियों पर प्लास्टिक के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए गहरा रोष जताया है। व्यवसायियों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता और गोपाल सिन्हा को आवेदन देकर नाराजगी जताई है। व्यवसायियों की समस्या को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता ने पलामू आयुक्त, उपायुक्त सहित नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर दोषी निगम कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि प्लास्टिक को लेकर निगम प्रशासन द्वारा व्यवसायियों के साथ वार्ता कर समस्या का हल करना चाहिए।

### पांकी विधायक पर दर्ज हो मुकदमा : भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आपत्तिजनक बयान के लिए पांकी विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है। भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, हुसैनाबाद के अंचल सचिव गणेशा राम, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया, आलोक कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर एवं श्रद्धानंद तिवारी ने आरोप लगाया कि अनर्गल बयानबाजी कर विधायक ने पांकी सहित पूरे जिले का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये कम है। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि संविधान की धारा 15 में यह साफ वर्णित है कि कोई भी जन प्रतिनिधि किसी सार्वजनिक स्थल पर या कहीं भी अगर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास करता है तो उसको अपराधिकृत माना जाएगा।

### यामाहा शोरूम में स्कूटर का माइलेज टेस्ट

**मेदिनीनगर।** चियांकी हवाई अड्डा के सामने स्थित यामाहा शोरूम मां वैष्णो ऑटोमोबाइल्स में फेसिनो हाइब्रिड 125 सीसी व रायजेड आर हाइब्रिड 125 सीसी स्कूटी का माइलेज टेस्टिंग कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस आयोजन में 10 ग्राहकों ने अपने स्कूटी के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी कस्टमर के स्कूटी के टैंक को पेट्रोल से फुल कराया गया। यामाहा कम्पनी के एरिया सर्विस मैनेजर जावेद आलम, प्रोपराइटर नागेंद्र प्रसाद ने झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को चियांकी से पोलपोल के लिए रवाना किया। इस दौरान सर्विस मैनेजर ने ग्राहकों को वाहन से बेहतर माइलेज पाने के गुर बताये। कार्यक्रम के दौरान क्विज कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान मनोज कुमार को प्राप्त हुआ। उनकी स्कूटी का माइलेज 96 केएमपीएल दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर आये करुणा करण की स्कूटी ने 93 का माइलेज दिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले पंकज कुमार सिंह की स्कूटी ने 89 का माइलेज दिया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन में शोरूम के प्रोपराइटर सतीश कुमार साहू, मैनेजर अनुराग तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर शोरूम के इंजीनियर हेड नकुल प्रसाद, मैकेनिक हेड मंटू कुमार, जावेद, आरिफ, सौरभ कुमार, हनी, रजनीश, सुमित शुक्ला, मनीष दुबे, काजल, ग्रेसी उपस्थित थे।

### मतदान केंद्र पर उपायुक्त ने बीएलओ संग ली सेल्फी, कहा –

# निर्वाचन प्रणाली में बीएलओ की भूमिका बेहद ही महत्वपूर्ण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन नगर निगम में स्थित मतदान केंद्र संख्या 185,186 पर पहुंचे और यहां मौजूद बीएलओ ममता कुमारी व ज्योत्सना कुमारी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रणाली में बीएलओ की भूमिका बेहद ही महत्वपूर्ण है।इनके कार्यों को सम्मान देने के लिये ही आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज पलामू ही नहीं देश भर के सभी मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम से मतदाता जागरूकता में मदद तो मिलेगी ही साथ ही साथ बीएलओ का मनोबल बढ़ाने में भी लाभदायक साबित होगा। मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की फरियाद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे चैनपुर थाना क्षेत्र के सिराजुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन बनवाने की मांग की तो नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के वृजनन्दन पासवान ने अम्बेडकर आवास देने की मांग की। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के परवेज अहमद ने कैंसर से पीड़ित अपने पिता के इलाज करवाने का अनुरोध उपायुक्त से किया,जिस पर उपायुक्त ने पीड़ित का इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत करवाने का आश्वासन दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये।

### उपायुक्त ने की जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

# केंद्रीय पुस्तकालय समेत कई योजनाओं के निर्माण की स्वीकृति

**साहित्य समाज चौक स्थित केंद्रीय पुस्तकालय के परिसर में एक नये पुस्तकालय के निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गई**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की और पदाकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने तथा कार्य ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने एमएमसीएच का बाउंड्री वाल का निर्माण कराने की स्वीकृति दी। वहीं साहित्य समाज चौक स्थित केंद्रीय पुस्तकालय के परिसर में एक नये पुस्तकालय के निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावे डीएमएफटी फंड से छतरपुर में भी एक पुस्तकालय निर्माण की दिशा में डीडीसी को निर्देशित किया। छतरपुर व लेस्लीगंज में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की योजना पर चर्चा की गई। हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस के समीप तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में एक कस्तूरबा विद्यालय का जीर्णोद्धार कराने पर सहमति बनायी गयी।इसी तरह लेस्लीगंज में नाली निर्माण कराने का निर्णय लिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश एवं मत्स्य पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता ,सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## डीसी ने दी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा व आपत्ति निवारण तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्तियों संबंधी आवेदन देने की अवधि निर्धारित की गई है, जबकि 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे। 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति जरूर कर लें ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु उपस्थित थीं।

# समाजसेवी ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर शहर में दुर्गा पूजा त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने में ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह भूमिका अहम रही। बताते चले कि दुर्गा पूजा के दौरान शहर में नवमी पर काफी भीड़भाड़ रहती है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करना पुलिस के लिए चुनौती भरा होता है। पर्व के दौरान सुचारू आवागमन के लिए छह मुहान चौक पर बैरकेटिंग कर सभी चार पहिया वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया गया था। लोगों को इसका लाभ भी मिला। इससे अष्टमी-नवमी पर दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को जाम का सामना नहीं करना पडा। समाजसेवी राज कुमार गुप्ता उर्फ ट्विंकल गुप्ता ने ट्रैफिक प्रभारी व उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया।

# संविदा पर बहाल 8 डॉक्टरों की सेवा अवधि एमएमसीएच में समाप्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यह आठ डॉक्टर फैकेल्टी मेंबर है। इनमें से चार डॉक्टर की सेवा अवधि सितंबर और अक्टूबर महीने में ही संविदा के आधार पर पूरी हो गई है। जबकि अन्य चार डॉक्टरों की संविदा की समय अवधि नवंबर महीने में पूरी हो जाएगी। झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग संविदा पर बहाल फैकल्टी मेंबर को 2 साल के लिए रखता है। जैसे ही संविदा की यह 2 साल की अवधि पूरी होती है तो फिर से उस संविदा की अवधि को विस्तार दिया जाता है। इस समय आठ डॉक्टर अपने संविदा की अवधि विस्तार के लिए चिंतित हैं। मेडिकल कॉलेज के सूत्रों ने बताया कि आठ डॉक्टर जिनकी संविदा की अवधि समाप्त हो चुकी है। कुछ की होने वाली है। इस तरह से दोनों समूह के डॉक्टर जो संविदा पर हैं, चिंतित हैं। जिन आठ डॉक्टरों की संविदा की अवधि समाप्त हो गई है। या होने वाली है। उनके नाम हैं डॉक्टर राकेश कुमार, खान, डॉक्टर युसूफ सर्वर, डॉक्टर ओम रवि शंकर शंकर, डॉक्टर सुषमा, डॉक्टर आदित्य प्रकाश, डॉक्टर कुमारी सीमा और डॉक्टर प्रशांत कुमार । इस सिलसिले में मेडिकल कॉलेज के सूत्रों ने बताया की मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने इसी 3 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इन आठ डॉक्टरों की संविदा की अवधि को बिना किसी और विलंब के विस्तार करने की कृपा की जाये। आने वाले एक या दो हफ्ते के अंदर इन सभी आठ संविदा पर बहाल डॉक्टर को 2 साल की सेवा अवधि विस्तार दिए जाने की भरपूर संभावना है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के खूटीसोत नदी के समीप हुए सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। कजरु निवासी 27 वर्षीय दिलीप कुमार व 26 वर्षीय जय सिंह निवासी छत्तीसगढ बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी खूटीसोत नदी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। समीप स्थित लोग उन्हें सीएचसी विश्रामपुर में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु उन्हें जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने लगाया भर्ती कैंप



कैंप का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने शुक्रवार को जिला नियोजन कार्यालय में भर्ती कैंप लगाया। अतिथि श्रम अधीक्षक एतवारी महतो,जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने संस्था के उद्देश्यों एवं कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह संस्था बाल विवाह,दहेज प्रथा एवं महिला उत्पीड़न के खिलाफ लोगों को जागरूक करती है। साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए गरीब एवं असहाय परिवार की कन्याओं के विवाह में सहयोग करती है। गढ़वा में छह दिसंबर को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। जिसने 101 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सहायक सचिव हसीबुल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, राजेश सिंहा, विवेक, रंजिता, शालो,अनुज, राजा, वीणा सहित कई लोग मौजूद थे।

# गैरमजरुआ जमीन की गलत बंदोबस्ती से रोष



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सामगढ़ गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर गांव की आम गैरमजरुआ भूमि की अवैध बंदोबस्ती किये जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खाता न. 28 एवं 22 के प्लॉट न. 4 की भूमि आम गैरमजरुआ, जंगल झाड़ प्रकृति की है। इस जमीन का वर्षो से खेल का मैदान एवं चारागाह के रूप में सार्वजनिक रूप से उपयोग किया जा रहा है। किंतु उक्त जमीन के करीब दो एकड़ रकबा की बंदोबस्ती गांव के ही दो लोगों द्वारा करा लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब उपरोक्त लोग बंदोबस्ती के आधार पर उक्त जमीन पर दखल कब्जा करना चाह रहे हैं। जिससे गांव में शांति भंग की गंभीर आशंका उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर राजमणि सिंह, कन्हाई लाल सिंह, बिराज सिंह, शीला देवी, तारा देवी, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने कुएं से निकाला बालक का शव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सुठा गांव स्थित एक कुएं से गुरुवार की रात 9:00 बजे पुलिस ने एक बालक का शव बाहर निकलवाया। बताया जाता है कि सुठा गांव निवासी अकबर अंसारी का पांच वर्षीय पुत्र जुनैद गुरुवार की शाम से लापता था। परिजन उसे सभी जगह खोज कर थक हार गए थे। इसके बाद परिजनों द्वारा जुनैद के गुम होने की सूचना पाटन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस व परिजनों के सामूहिक तलाश के दौरान देर रात बालक का शव घर से आधा किलोमीटर दूर स्थित कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया।

### हाईवे पीसीआर वन के जवानों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीस फुटा पुल के समीप गंभीर रूप से घायल अधेड को पीसीआर वन के जवानों ने तत्परतापूर्वक अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को टेंपो की चपेट में आने से पांडू थाना क्षेत्र निवासी उमेश दुबे उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल घटना की जानकारी हाईवे पेट्रोलिंग पीसीआर वन को दी गई। एएसआई कौशल किशोर पांडे के नेतृत्व में पहुंचे जवानों ने तत्काल घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

**जागरुकता** — केंद्रीय कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# अब न्याय पाने में गरीबी नहीं बनेगी बाधक : संतोष



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगी। उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुकदमा लड़ने के लिए पैसा नहीं है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से फ्री में वकील मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही एल ए डी सी से जुड़े अधिवक्ता उनका मुफ्त केस लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जागरूकता अभियान गांव गांव में चलाया जा रहा है ।तथा बताया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा क्या-क्या सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों पर मुकदमा हुआ है या जो लोग मुकदमा लड़ना चाहते हैं वैसे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को हर संभव सहायता करने को प्रतिबद्ध है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की मदद से गरीब लोग मुकदमा लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिनके पास मुकदमा लड़ने के लिए पैसे की कमी होती या पैसे नहीं है वैसे लोग जो गरीब तबके के हैं असहाय हैं, बुजुर्ग , महिलाएं हैं ,अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग भिखारी, मानव तस्करी के शिकार व्यक्ति महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों या बल्वे या संप्रदायिक हिंसा जातीय हिंसा के शिकार व्यक्ति को और किसी प्राकृतिक आपदा भूकंप, बाढ़ या सुखा आदि के शिकार व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुफ्त में वकील मुहैया कराता है। इसका लाभ लेने के लिए सादा कागज पर एक आवेदन देना पड़ता है। इस मौके पर एल ए डी सी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स रॉय, पी एल भी के अलावे कारा बन्दी उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### सीओ सुनील कुमार ने दिया योगदान

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय में नव पदस्थापित सीओ सुनील कुमार ने शुक्रवार को योगदान दिया। योगदान के पश्चात



उन्होंने कहा कि प्रखंड वासियों की समस्या का समाधान करना तथा विकास योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए उसमें गति देना उनकी प्राथमिकता में है। किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रखंडवासी सीधा आकर मुझे मिले। मेरा प्रयास उनकी समस्या का समाधान करना होगा। वहीं बीपीओ कमलेश कुमार पासवान ने सीओ सुनील कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान, मिथलेश राम, जेई वरुण कुमार आदि उपस्थित थे।

### मनरेगा कर्मियों व पंचायत सचिवों को प्रत्येक दिन फील्ड वर्क करने का निर्देश

**डंडई।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सानू ने शुक्रवार को पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जन प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक की। उन्होंने प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में कर्मियों के साथ योजनाओं की समीक्षा कर बैठक की शुरुआत की। बैठक के दौरान आवास, मनरेगा, कल्याण, 15वें वित्त आयोग और 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित योजनाओं पर विस्तृत ढंग से चर्चा की गई। बीडीओ ने लंबित आवास को लेकर संबंधित पंचायत के सचिवों से पूछताछ की। साथ ही उसे अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं को प्राक्कलन के अनुसार पारदर्शिता पूर्वक पूरा कराने का पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को निर्देश दिया। साथ ही सभी मनरेगा कर्मियों व पंचायत सचिवों को प्रत्येक दिन फील्ड वर्क करने की बात बीडीओ ने कही। जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उन्होंने फोटो हो खेल मैदान को लेकर अविलंब स्थल चिन्हित कर जानकारी देने की बात कही। बैठक में एई राहुल कुमार, जेई मुकेश कुमार दुबे, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, सुनील कुमार, राजकुमार राम, ज्ञानेंद्र कुमार, विकास कुमार, नरेश ठाकुर, रोजगार सेवक दिनेश कुमार, दामोदर कुमार, प्रमोद प्रजापति, सुनील गुप्ता,अशोक राम, संजीव कुमार सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

### लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**मेराल।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने नाबालिग लड़की भागने के अप्राथमिकी अभियुक्त करन राम उर्फ करन कुमार रवि, उम्र करीब -19 वर्ष, पिता आनंद राम, गांव- मोतीहारा, थाना- डंडा जिला- गढ़वा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त द्वारा मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव से एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। उक्त नाबालिग लड़की को मेराल पुलिस द्वारा पहले ही बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा गया है।

### फसल पटाने को लेकर भाइयों में मारपीट

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव में खेत में पानी पटाने को लेकर दो सहोदर भाइयों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक पक्ष से मानदेव बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे परिजनों द्वारा घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिये भर्ती कराया गया, जहां आयुष चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्कर्मा द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बारे में मानदेव बैठा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मैं अपनी मिर्ची की फसल को पानी से पटा रहा था। इसी बीच मेरा भाई श्रवण बैठा आकर अपना धान पटाने को लेकर रोक-टोक करने लगा। विवाद बढ़ने से श्रवण व उसका पुत्र अखिलेश बैठा ने लाठी से मारपीट उसे कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी खरौंधी थाना को दे दी गई है।

### परिजनों से मिले बीडीओ व मुखिया

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में दशहरा के दिन हुई बाइक दुर्घटना में मृतक दोनों युवक के परिजनों से शुक्रवार को



मुखिया बेबी देवी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने मुलाकात की। बीडीओ ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए सरकारी प्रावधान के अनुसार हरसंभव सहयोग करने की बात कही। आपको बता दें कि 24 अक्टूबर को बोलेरो के धक्का मारने से भवनाथपुर बाजार निवासी उपेंद्र चंद्रवंशी के 20 वर्षीय पुत्र रवि चंद्रवंशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि भवनाथपुर बराज निवासी अशोक रजक के 21 वर्षीय पुत्र विकाश रजक का इलाज के लिए रांची जाने के दौरान रास्ते में हो मौत गई थी।

### प्रमुख ने की नापेड निर्माण की जांच

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर केतार पंचायत के केतार और लतमरवा गांव में पीएचडी विभाग से बने नापेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रमुख चंद्रावती देवी ने नापेड निर्माण में अनियमितता पाई। प्रमुख ने कहा कि संवेदक द्वारा मनमानी करते हुए घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर कार्य पूरा कराया गया है, जिससे निर्माण के कुछ दिनों में ही इसमें दरार आ गई है। इसकी उच्चस्तरीय जांच के लिए उपायुक्त से शिकायत की जायेगी। मौके पर उदय प्रसाद, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**श्री बंशीधर नगर :** श्रद्धालुओं ने श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ मंडप की परिक्रमा कर साधु-संत का लिया आशीर्वाद

# चौथे दिन उमड़ी अभूतपूर्व भीड़, संभालने में छूटे पसीने

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी। यज्ञ स्थल के साथ पूरे शहर में जनसैलाब जैसा दृश्य रहा। 10 लाख से अधिक लोगों के यज्ञ स्थल पहुंचने का अनुमान रहा। अहले सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साधु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। परिक्रमा के दौरान कई एकड़ में बने यज्ञ मंडप छोटा पड़ जा रहा था। महिलाओं की उपस्थिति सबसे अधिक रही। पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छूट गए। वोलेंटियर भी लोगों को व्यवस्थित करने में लगे रहे। वहीं यज्ञ स्थल पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन का दौर लगातार चलते रहा। कोलकाता से आये मंडली द्वारा अखंड कीर्तन किया जा रहा था। प्रसाद वितरण केंद्र पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। महान संत पूज्य जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ का समापन शनिवार को होना है।





### पुलिस की थी विशेष नजर

महायज्ञ में चौथे दिन उमड़ी भीड़ अभूतपूर्व था। प्रशासन व यज्ञ समिति जे अनुमान से काफी अधिक लोग यज्ञ में पहुंचे। जिसके कारण पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। भारी भीड़ के कारण कुछ चैन स्नैचर के भी यज्ञ में शामिल होने की बात सामने आई। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया गया। वाच टावर से दूरबीन द्वारा पुलिस भीड़ पर नजर बनाए रख रही थी। वहीं भीड़ भाड़ वाले इलाके में महिला पुलिस की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ी। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर इंस्पेक्टर कृष्णकांत, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के अलावे दर्जनों पुलिस अधिकारी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे।

### बीमारों का होता रहा इलाज

महायज्ञ के चौथे दिन भारी भीड़ के कारण कई लोगों की तबीयत बिगड़ गयी, जिस कारण यज्ञ परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ शिविर में बड़ी संख्या में लोग इलाज कराने पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य टीम बनाकर कैम्प में बारी-बारी से ड्यूटी कराई जा रही थी। वहीं गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा 2 एम्बुलेंस की व्यवस्था यज्ञ स्थल पर की गई थी। इसके अलावे श्री त्रिदंडी देव सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था। यहां भी काफी भीड़ रही।

### जाम से निपटने में पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को हनुमान मोड़ के समीप छोटे बड़े वाहनों के जाम हो जाने के कारण उपस्थित पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालाकि यज्ञ समिति द्वारा जगह-जगह पर वाहनों के पड़ाव की व्यवस्था की गई थी, लेकिन पार्किंग में वाहनों का पड़ाव ज्यादा होने के कारण स्थानीय पुलिस प्रशासन को यज्ञ स्थल से चार किलोमीटर की दूरी पर खाली स्थान पर वाहनों का पड़ाव कराना पड़ा। पूरी व्यवस्था पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह सहित यज्ञ समिति के सदस्य पूरी तरह नजर रखे हुए थे। यज्ञ में बनाये गए भंडारे में चौथे दिन भारी भीड़ के कारण व्यवस्था बनाये रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लाखों लोगों ने भंडारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। महिला, पुरुष व साधु-संत के लिए अलग-अलग भंडारे की व्यवस्था की गई है। युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव अपने सैकड़ो समर्थको के साथ भंडारे का व्यवस्था संभाला। इस दौरान लोगों को कोई दिक्कत ना हो इसके लिए लगातार कार्य रहते रहे। भंडारे में शुद्ध घी से बनाये भोजन परोसे जा रहे थे। 400 कारीगर व मजदूर खाना बनाने में लगे थे। महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो इसके लिए कई सरकारी विभागों के लोग भी पूरे दिन मुस्तैदी से काम करते नजर आए। नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई को लेकर पर्याप्त संख्या में कर्मियों को लगाया गया था। कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, सिटी मैनेजर रवि कुमार खुद पूरे काम का मोनिटरिंग कर रहे थे। वहीं पीएचईडी विभाग के लोग पेयजल व शौचालय व्यवस्था बनाये रखने में काम करते नजर आए। बिजली विभाग व प्रशासन के लोग भी व्यवस्था बनाये रखने में लगे रहे।

## अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में पहुंचे देश के महान धर्माचार्य

**श्री बंशीधर नगर।** लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन किया गया। धर्म संसद में देश के महान धमाचार्य मौजूद रहे। धर्म संसद में कांचीपुरम के पूज्य पाद गादी स्वामी जी महाराज, बालक स्वामी जी महाराज, बिहार के पूर्व डीजीपी जगद्गुरु गुप्तेश्वर गोविंदाचार्य महाराज, इस्कॉन के प्रमुख, स्वामीनारायण मंदिर मुंबई के भक्ति प्रकाश दास, अक्षरधाम मंदिर के श्यामनारायण महाराज, स्वामी सत्यप्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी हरिओम प्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी श्री स्वरूप दास जी सहित सनातन व जैन धर्म के कई धर्मगुरु मौजूद रहे। वहीं झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख, मिथिलेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के केंद्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, विधायक सरयू राय, रामचन्द्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही, बिहार के विधान पार्षद जीवन कुमार, अशोक सिंह, पीएचइडी के प्रधान सचिव मनीष रंजन, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव सहित अन्य लोग धर्म संसद में मंचासीन रहे।

### सही मार्ग व ईश्वर की प्राप्ति का रास्ता बताते हैं धर्म गुरु : मिथिलेश ठाकुर

धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यहां आकर और यहां लोगों का धर्म के प्रति आस्था देखकर मैं काफी खुश हूं। यहां लोगों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम लोग राजनीति में हैं और राजनीति का भी एक धर्म है। धर्म एक आस्था है। राजनीति को धर्म से अलग रखना चाहिए। ईश्वर सभी लोगों को मानव बनाकर धरती पर भेजते हैं लेकिन धरती पर आकर धर्म, जाति बदलता है। उन्होंने कहा कि स्वामी जीयर स्वामी जी महाराज की जीवन शैली देखकर लगता है कि वो साक्षात भगवान हैं। इस युग में आजतक मोबाइल फोन, टीवी का प्रयोग नहीं करना, मीडिया को इंटरव्यू नहीं देना, 24 घंटे में एक बार सिर्फ नारियल पानी और दूध पीकर रह जाना यह सिर्फ महापुरुष ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी यहां आने वाले थे लेकिन माता की तबीयत खराब होने के कारण नहीं आ सके।

### सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा : बादल पत्रलेख

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सीएम के निर्देश पर महाकुंभ में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं देवघर से हूं। बाबा भोले का सेवक हूं। सावन में वहां भक्तों का सैलाब देखता हूं, लेकिन यहां का सैलाब अपने आप में अनोखा है। लोग खुद चलकर इस समागम में शामिल होने आए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमें सही जीवन जीने का तरीका बताता है। सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा।

### विधायक सरयू राय ने कहा राजनीति धर्म के बिना सुना

धर्म संसद में शामिल होने आए जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कहा कि राजनीति धर्म के बिना सुना है। धर्म दीर्घकालिक राजनीति है। राजनीति समेत समस्त कार्य धर्म आधारित होने चाहिए। राजनीति और धर्म को अलग नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से धर्म संसद में शामिल होने धर्म गुरु आये हैं। धर्म की अवधारणा क्या है यह धर्म गुरु हमलोगों को बताएंगे लेकिन धर्म विहीन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां आकर वे धन्य हो गए। यहां का माहौल काफी धार्मिक है। धर्म संसद में सचिव मनीष रंजन, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

### संतों के विचारों को जीवन में उतारने की जरूरत

धर्म संसद में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी का जहां भी कार्यक्रम होता है मैं जरूर जाता हूं। यहां का दृश्य देखकर मैं देखकर चकित हूं। कई किलोमीटर में सिर्फ लोग ही नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। यह जीवन जीने का सही मार्ग भी बताता है। यज्ञ के आयोजन का अर्थ यहां से मिले अमृतवाणी संदेश को अपने जीवन में उतारना है। सेवा भाव विकसित करना है। अपने बुजुर्गों का सम्मान करना है। तभी यज्ञ की साथर्कता होगी। धर्म गुरु के विचारों को जीवन में उतार कर लोगों की सेवा के साथ राष्ट्र की प्रगति कर सकते हैं।

## 'उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओं पर विश्वास करने से मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि जैसे भगवान का आश्रय कल्याण करने वाला है। ऐसे ही रुपये आदि उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओं का आश्रय पतन करने वाला है। प्राकृत पदार्थमात्र को महत्त्व देना अनर्थ का मूल है। विश्वास भगवान पर ही करना चाहिये। उत्पत्ति - विनाशशील वस्तुओं पर विश्वास करने से धोखा ही होगा, दुःख ही पाना पड़ेगा। भगवान के साथ हमारा वियोग और संसार के साथ हमारा संयोग कभी हो ही नहीं सकता। हम संसार के साथ कभी रह ही नहीं सकते और परमात्मा से अलग कभी हो ही नहीं सकते। असत्य के संग से ही संपूर्ण दोषों और विषमताओं की उत्पत्ति होती है। मनुष्य ही आसक्तिपूर्वक संसार से संबंध जोड़ता है, संसार कभी संबंध नहीं जोड़ता। संसार के साथ मिलने से संसार का ज्ञान नहीं होता और परमात्मा से अलग रहने पर परमात्माका ज्ञान नहीं होता- यह नियम है। संसार के साथ एकता और परमात्मा से भिन्नता भूल से मानी हुई है। जीयर स्वामी ने कहा कि विनाशी से अपना संबंध मानने से अंतःकरण, कर्म और पदार्थ- तीनों ही मलिन हो जाते हैं और विनाशी से माना हुआ संबंध छूट जाने से ये तीनों ही स्वतः पवित्र हो जाते हैं। जब तक संसार से संयोग बना रहता है, तबतक भोग होता है, योग नहीं। संसार के संयोग का मनसे सर्वथा वियोग होने पर योग सिद्ध हो जाता है अर्थात परमात्मा से अपने स्वतः सिद्ध नित्ययोग का अनुभव हो जाता है। संसार से माने हुए संबंध का विच्छेद करने के लिये या तो मिले हुए (शरीरादि) पदार्थों को संसार का ही समझकर उनको संसार की सेवा में लगा दे या जड़ता (शरीरादि) से संबंध - विच्छेद करके अपने स्वरूप में स्थित हो जाय या फिर इन (शरीरादि) के सहित भगवान के शरण हो जाय। उत्पत्ति-विनाशशील वस्तुओं का आश्रय लेकर, उनसे संबंध जोड़कर सुख चाहने वाला मनुष्य कभी सुखी नहीं हो सकता - यह नियम है।



## क्षुद्र-स्वार्थ और व्यक्तिगत सुख के लिये जीने वाले कभी महापुरुष नहीं बन सकते : रत्नेशप्रपन्नाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जगद्गुरु रामानुजाचार्य रत्नेशप्रपन्नाचार्य ने कहा कि वाल्मीकि राम को महापुरुष कहकर नमन करते हैं। सच कहूं तो महापुरुष ही नमन के योग्य है। महापुरुष वो है जिसके आगे सिर स्वतः झुक जाता है। आज तो स्वार्थ के लिये हर कोई हर किसी के आगे झुकने को तैयार है, पर नमस्कार की सार्थकता तो महापुरुष के ही चरणों में झुकने में है। कोई महापुरुष बनता कैसे है? जीवन में महत्ता आती कैसे है? ये विचारणीय है ताकि उसे जानकर प्रेरणा ली जा सके।

रत्नेशप्रपन्नाचार्य ने कहा कि क्षुद्र-स्वार्थ और व्यक्तिगत सुख के लिये जीने वाले कभी महापुरुष नहीं बन सकते। उसके लिये समस्त सुख-सुविधाओं का त्याग करके घर से बाहर निकलना पड़ता है। कुश-कंटकों पर चलते हुये सर्दी, गर्मी और बरसात को सहते हुये महान लक्ष्य की ओर अग्रसारित होते रहना पड़ता है। घर में पलंग पर लेटकर ख़्वाब गढ़ने वाले कोई बड़ी क्रांति नहीं करते जब तक संघर्ष की आग में तपने के लिये बाहर न निकलें। श्रीराम महापुरुष इसीलिये कहे गये, क्योंकि समस्त अवतारों में सर्वाधिक दुख उन्होंने ही उठाये हैं। दूसरे की पीड़ा के दंश को वही समझ सकता है जो दुख की आग में स्वयं झुलसा हो। इसका परिणाम यह हुआ कि श्रीराम सर्वाधिक सुख देने वाले भी हुये। श्रीराम के जीवन की दो बातें जो विशेष उल्लेखनीय हैं और हमारे लिये सबसे अधिक प्रेरक हैं। पहली बात तो यह कि बड़ी से बड़ी विपत्ति से वो घबराये नहीं, कभी हिम्मत नहीं हारे। ईश्वर होते हुये भी एक मनुष्य की नियति की समस्त विडंबनाओं का मुकाबला मनुष्योचित तरीके से अपने पौरुष-पराक्रम और बल-विक्रम से करके दिखाये। उन्होंने कभी ऊंचाई पर रहने वाले देवताओं से कभी कोई सहायता नहीं मांगी। दूसरी बात यह कि उन्होंने कभी किसी को छोटा और बड़ा नहीं समझा। अपने आदर्शों की पूर्ति के लिये सबको अपनाया। अपने प्रेममय विनीत आचरण से वन में रहने वालों को अपना बनाकर इतना निर्भय बना दिया कि वे अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध खड़े हो गये। श्रीराम अकेले रावण को मारते तो लोगों के हृदय में बैठा भय रूपी रावण कभी न मरता। उन्होंने लोगों में इतना विश्वास जगाया कि पशु, पक्षी तक रावण से युद्ध के लिये तैयार हो गये। फलतः समाज से बुराई का अंत हुआ, लोग मानवता के सहयोग के लिये सतत तैयार रहने लगे।



**पहल** केतार में वार्ड सदस्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू

# प्रशासन की छोटी इकाई है वार्ड सदस्य : प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार और प्रमुख चंद्रावती देवी ने संयुक्त रूप से किया। पहले बैच में 46 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशासन की छोटी इकाई है, जो गांव का प्रतिनिधित्व करती है। पंचायत में वार्ड सदस्यों की क्या भूमिका होनी चाहिए, इन्हें पंचायत अधिनियम के तहत कौन-कौन से अधिकार दिये गये हैं और कार्य करने का क्या तरीका है इन सबकी जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षक अरूण कुमार पांडेय और कर्ण थापा ने वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण में पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव और पंचायत में कैसे विकास किया जाये, पंचायत के स्थायी समिति का गठन कार्य, उनके दायित्व, इसके अलावा पंचायती राज में अपने हक और अधिकार कैसे लिया जाये इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। वार्ड सदस्यों को बताया गया कि गांव एवं पंचायत की सरकार चलाने के लिए मुखिया, उप मुखिया और वार्ड सदस्यों का चुनाव कराया जाता है। वार्ड सदस्यों को अपने शक्ति और अधिकार की जानकारी होनी बहुत ही जरूरी है। गांव के विकास में वार्ड सदस्यों का योगदान महत्वपूर्ण है।

पहले बैच में परती कुशवानी के 15 वार्ड सदस्य, पाचाडुमर के 16 वार्ड सदस्य, बलिगढ़. पंचायत के 15 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे बैच में मुकुंदपुर पंचायत के 14 वार्ड सदस्य, परसोडीह पंचायत के 14 वार्ड सदस्य, लोहरगाड़ा के 14 एवं केतार पंचायत के 14 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण सोमवार से दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, वार्ड सदस्य पप्पू कुमार चौधरी, रंजय यादव, गुड़ी देवी, शारदा देवी, फुलदेव सिंह, प्रमेंद्र कुमार, कुमारी सबिता, रूबी देवी, संध्या देवी, पिंकी देवी, सनोज कुमार, प्रियंका कुमारी, माया देवी आदि मौजूद थे।



## खरौंधी प्रखंड के 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड क्षेत्र के सभी 48 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। इस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर जाकर प्रारूप सूची में अपना नाम देखें। यदि किसी का नाम गलत हो, किसी का नाम हटवाना हो या अपने रिश्तेदारों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना हो तो मतदान केंद्र पर ही बीएलओ के माध्यम से या स्वयं ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं या किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के साथ ही सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित बूथों के बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गयी, जिसकी सारी तैयारी करते हुए गुरुवार को सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का प्रारूप एवं पोस्टर का वितरण किया गया था। सभी 48 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार को बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के प्रकाशन में बीएलओ अनिता देवी, कश्मीरा बानो, तिलेश्वरी देवी, पूनम देवी, दुर्गावती देवी, मुनि देवी, अजंता देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, मिना देवी बिंदु देवी, संतरा देवी, मीरा दुबे आदि उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### आरओबी व फुटब्रिज निर्माण में हो रही देरी पर कफन सत्याग्रह की चेतावनी

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर टोरी चंदवा एनएच 99 (अब 22) पर रांची-चतरा मार्ग पर रेलवे लाईन समपार ओवरब्रिज (आरओबी) और टोरी जंक्शन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर कफन सत्याग्रह पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि नेशनल हाईवे (एनएचआई) विभाग के अधिकारियों और फुट ब्रिज निर्माण की एजेंसी जानबूझ कर फ्लाई ओवरब्रिज और फुटब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रही है। दोनों ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया, तो 30 अक्टूबर से कफन सत्याग्रह किया जाएगा। कफन सत्याग्रह के माध्यम से आरओबी व फुटब्रिज निर्माण शुरू करने में विलंब करने वाले अधिकारीयों और एजेंसियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### बिरसा मुंडा जयंती मनाने का निर्णय

**चंदवा।** आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर चंदवा पूर्वी पंचायत के गुरिटांड़ स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर शुक्रवार को बिरसा मुंडा स्मारक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करमा मुंडा ने की। बैठक में आगामी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती पर गुरिटांड़ स्थित स्मारक स्थल पर जतरा मेला का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति की अगली बैठक रविवार को रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से शितमोहन मुंडा, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, बबन मुंडा, सुखदेव मुंडा, लखन मुंडा, गणेश मुंडा, रंथु मुंडा, अनजन मुंडा, जलेश्वर मुंडा, तेतरा मुंडा आदि मौजूद थे।

### डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लातेहार।** डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर शुक्रवार को आजसू पार्टी ने डेमू पंचायत के हुंडरू गांव में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। अभियान का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण व विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अभियान चला कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज के लिए दो भवन बनकर तैयार हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दस माह पहले इसका उद्घाटन भी कर दिया गया, लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। इसके कारण यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए आजसू पार्टी द्वारा 2 नवंबर को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बावजूद भी पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो चरमबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### अभियुक्तों के घरों पर चिपकाया इश्तेहार

**बारियातु।** पुलिस ने चतरा व पलामु के चार अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार तामिल कराया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना (वर्तमान थाना बारियातु) कांड संख्या 248/19 के प्राथमिक अभियुक्त युगल भारती, पिता भारती ग्राम चिन्दरी गोविन्दपुर थाना प्रतापुर, जिला चतरा, कांड संख्या 181/21 के प्राथमिक दो अभियुक्त उपेंद्र भुईयां, पिता स्व. बांधो भुईयां एवं राजेश सिंह, पिता झुगुल सिंह ग्राम केहल दोनों थाना मनातु जिला पलामू एवं कांड संख्या 71/21 के प्राथमिक अभियुक्त आक्रमण जी उर्फ रविंद्र गंझु उर्फ विनायक सिंह भोकता, पिता गुनेश्वर गंझु ग्राम नागद थाना मनातु जिला पलामू के विरुद्ध न्यायालय के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया था। शुक्रवार को पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु एवं सशस्त्र बल के द्वारा स्थानिय थाना के सहयोग से चारों अभियुक्त के घरों पर इश्तेहार चिपकाया गया।

### इटखोरी में श्रम मंत्री व जिप उपाध्यक्ष ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**इटखोरी।** इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग स्थित पितीज तैलिया पुल के समीप शुक्रवार को इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया गया।



पंप का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विशिष्ट अतिथि सिमरिया विधायक किशुन दास, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जिप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, पेट्रोल पम्प मालिक सुमन कुमारी, बद्री राम, मुकेश कुमार गुप्ता, जिप सदस्य सरिता देवी, प्रमुख प्रिया कुमारी आदि ने विधिवत फीता काटकर कर किया। इस दौरान पितीज के उप मुखिया मुकेश कुमार गुप्ता व बद्री राम द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, मुखीया रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य मति रूबी देवी, पूर्व मुखया कुसुम देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद दुबे, इंद्रदेव सिंह, अजय दांगी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जिले के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर किया उनका उत्साहवर्धन, कहा

# कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज होने से न छूटे

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत शुक्रवार को चतरा जिले में 'मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है' थीम पर बीएलओ के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान चलाया गया। इसे लेकर मतदान केंद्र संख्या 310, 311, 470, 471, 472, 473, 474 पर जाकर जिला निर्वाचन पधाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनके महत्व को बताया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में बीएलओ से 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान व बीएलओ ऐप से सबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ उपायुक्त ने बीएलओ को तन्मयता के साथ काम करने के लिए उत्साहित किया और कहा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे।



### बारियातु प्रखंड की मतदाता सूची के प्रारूप का हुआ प्रकाशन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी मतदान बूथों में मतदाता संक्षिप्त पुनिरिक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन शुक्रवार को किया गया। सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है। कार्यक्रम के तहत कई मतदान केंद्रों में बीएलओ के साथ सेल्फी भी ली। ससमय मतदाता सूची से संबंधित सभी कार्य संपूर्ण रूप से करने पर बीएलओ की सराहना भी की। साथ ही निर्वाचक पदाधिकारी प्रतिमा ने कई बूथों में जाकर मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन का जायजा भी लिया। वहीं प्रखंड के सभी मतदाता, जो अबतक किसी कारण वश अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़वा सके हैं, वे 28 व 29 अक्टूबर एवं चार व पांच नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर नाम जुड़वा सकते हैं। इस दौरान निर्वाचक सहायक आलोक दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।





### रेडक्रॉस सोसाइटी में आमसभा का हुआ आयोजन

# नई कमेटी गठित, अध्यक्ष बने राजकुमार अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा में शुक्रवार को आम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीओ सुरेंद्र उरांव ने की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया और नई कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में राजकुमार अग्रवाल को अध्यक्ष, धर्मेंद्र पाठक को सचिव, विवेक केशरी को उपाध्यक्ष, गोपाल वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा डॉक्टर विजय कुमार अग्रवाल को मेडिकल ऑफिसर मनोनित किया गया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य में पांडेय रामदयाल, साबिर हुसैन, सैयद एजाज अहमद, कुमार विवेक सिंह, पंकज दुबे, संतन पांडेय, मृत्युंजय सिंह, अमरेश सिंह, अनुज कुमार गुप्ता, अजय चौरसिया, नसीरुद्दीन अंसारी (ब्लड डोनेशन भान प्रभारी), आकाश कुमार सिंह, परवेज अख्तर, जावेद पप्पू रजा, रविंद्र अग्रवाल, जितेंद्र जैन, प्रदीप सिंह को शामिल किया गया। मौके पर संरक्षक सदस्य, चंद्रदेव गोप, बिरजू तिवारी, डॉक्टर आनंद के अलावा सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद के अलावा आजीवन सदस्य राजेश श्रीवास्तव, विक्रांत शर्मा, शंकर पाठक, सुरेश प्रसाद, सन्नु अग्रवाल, सतेन्द्र अग्रवाल, सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के बाद नई कार्यकारिणी सदस्य अनुज कुमार गुप्ता ने एक जरूरतमंद थेलीसेमिया मरीज के लिए रक्तदान किया।





### छिपादोहर प्रखंड निर्माण समिति की बैठक आज

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर पंचायत भवन में शनिवार को नव प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड निर्माण समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में नव प्रस्तावित छिपादोहर प्रखंड की 6 पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बैठक में बुलाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने बताया कि प्रखंड निर्माण को गति देने के लिए इससे पूर्व 6 पंचायतों के सभी गांवों में प्रखंड निर्माण को लेकर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे सर्वसम्मति से पारित करने के लिए पंचायत स्तरीय बैठक बुलाई गई है। अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने कहा कि एक प्रतिनिधि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड निर्माण की मांग की। विधायक ने भी जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग रखने की बात कही है। अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने प्रखंड निर्माण को लेकर बुलाई गई बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हुआ शव का पोस्टमार्टम

#### पुलिस कस्टडी में युवक की मौत का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार जिले के चंदवा थाने की कस्टडी में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। शुक्रवार सुबह मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। लातेहार सिविल सर्जन ने बताया कि जल्द ही रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी जाएगी।

**क्या है मामला :** मृतक कैलाश सिंह (35), पिता कांता सिंह रामगढ़ जिला के बिजुलिया निवासी को गुरुवार को चंदवा थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बैट्री चोरी के शक में पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस उसे अपने कब्जे में कर थाना ले गई, जहां उसे हाजत में बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक अपने रिश्तेदार के यहां पूजा में शामिल होने चंदवा आया हुआ था। गुरुवार शाम को ही पुलिस युवक को अचेतावस्था में लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे ऑक्सीजन व जीवन रक्षित दवाएं देकर उसकी जान बचाने की कोशिश की लेकिन उसे बचा नहीं पाये। इधर घटना की सूचना परिजनों को देर से मिलने पर वे काफी नाराज दिखे। डॉक्टरों के अनुसार युवक के गले में फंदे का निशान दिख रहा था। घटना के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। देर रात तक पुलिस शव की रखवाली में डटी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा भी चंदवा पहुंचे थे और देर रात तक वे चंदवा में ही रुके रहे। शुक्रवार अहले सुबह शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को परिजन अपने साथ लेकर रामगढ़ के लिए निकल गये थे। पुलिस कस्टडी में युवक की मौत पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रदेश प्रवक्ता ने झारखंड सीएमओ, ह्यूमन राइट्स कमीशन, झारखंड पुलिस समेत लातेहार पुलिस को टैग कर लिखा है कि पुलिस कस्टडी में युवक की मौत एक अति गंभीर और संवेदनशील मामला है। उन्होंने पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते हुए मुख्यालय के वरीय अधिकारियों से घटना की जांच कराने की मांग की है।

## कोल परियोजना क्षेत्र में भूरैयतों का आंदोलन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र के आम्रपाली कोल परियोजना अंतर्गत कुमरांग में पूर्व प्रस्तावित आठ सूत्री मांगों को लेकर भू रैयतों का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुक्रवार से शुरू हो गया है।

वहीं ग्रामीणों की मांगों के समर्थन पर झामुमो नेता मनोज चंद्रा मौके पर पहुंच कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। मिली जानकारी के अनुसार आठ सूत्री मांगों में अधिगृहीत होने वाले भूखंडों का त्वरित सत्यापन व मुआवजा नौकरी देने, वैकल्पिक रोजगार हेतु मैनुअल लोडिंग, स्थानीय नियोजन नीति के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों का नियोजन,1 करोड़ रुपए तक का ठेका देने, 8 घंटे तक की ड्यूटी, उचित मजदूरी, अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क का निर्माण, भारी प्रदूषण पर रोक लगाने, विस्थापित परिवारों को पहचान पत्र जारी करने, पुनर्वास नीति 2013 लागू कर सीएसआर मद का अधिकांशतः राशि खर्च करते हुवे पुनर्वास समिति का गठन तथा खनन क्षेत्रों को समतलीकरण कर उपजाऊ भूमि बनाकर भूरैयतों को अविलंब वापस करने की मांगें शामिल है। वहीं लोगों की मानें तो उपरोक्त मांगों की पूर्ती होने तक लोग अपनी कमर कस चुके हैं, जिसके लिये आंदोलन यथावत रखते हुये आगे चरणबद्ध आंदोलन करने की भी बातें कही जा रही है।

## जमीन के 'अवैध' बंदोबस्त को लेकर राजस्व कर्मचारी से मिले ग्रामीण, दी जानकारी

**लातेहार।** सदर प्रखंड की सांसग पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को लातेहार अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड के पतरातू खेल मैदान को गांव के ही ददन सावऔर मदन साव द्वारा अवैध तरीके से बंदोबस्त करा लिया गया है। इससे सभी समुदाय के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा है। इस खेल मैदान में वर्षों से फुटबॉल टूनार्मेंट और रामनवमी का अखाड़ा आयोजन होने के अलावा सप्ताहिक बाजार लगते चले आ रहा है। इसके बावजूद इन लोगों के द्वारा गैर तरीके से बंदोबस्त कर जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शिशुपाल सिंह ने कहा कि जिस तरह से जमीन को हड़पने की नीयत से जमीन का बंदोबस्त कराया गया है। यह सरासर गलत है, क्योंकि न तो इनका कभी भी जोत-कोड़ था, न ही कब्जा इसके बावजूद भी अवैध तरीके से बंदोबस्त हो जाना चिंता का विषय है। वहीं संजय साव ने कहा कि पैसे की बदौलत और तानाशाही की बदौलत उक्त लोग जमीन पर अपना कब्जा दिखा रहे हैं। अगर जमीन की बंदोबस्त रद नहीं की गई तो हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर पवन चरण, चंदन साव, कर्मचारी प्रजापति, कैलाश प्रजापति, प्रमोद प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, पिंटू सिंह, कन्हाई पासवान, अबूजर मियां, करीमन सिंह, अमित सिंह इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्यों के मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले पूर्व की बैठक में जिला परिषद सदस्यों के द्वारा उठाए गए मामलों पर कार्रवाई एवं अनुपालन संबंधित एजेंडा को रखा गया। इस पर जिला परिषद अध्यक्ष ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही। वहीं जिला परिषद सदस्यों के उठाए गए मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिला परिषद सदस्यों के द्वारा बतायी गई समस्याओं पर पदाधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सभी जिला परिषद सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला परिषद से होने वाले कार्य पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में 15वीं वित्त आयोग के तहत वर्ष 2022-23 की चयनित योजना के कार्यान्वयन पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग के तहत 2023-24 के लिए जिला परिषद विकास योजना की तैयारी पर सदस्यों ने विचार प्रकट किया। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं, जल आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद उपाध्यक्षा अनीता देवी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव समेत सभी जिप सदस्य एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।





**पहल** क्षेत्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बैरक का निर्माण महत्वपूर्ण

# पुलिस बैरक का एसपी ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

थाना परिसर में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिस बैरक का उद्घाटन एसपी राकेश रंजन व एनटीपीसी परियोजना प्रमुख स्वप्नेंदु कुमार पांडा ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से किया।

अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि इसके निर्माण से सुरक्षाकर्मियों को जहां काफी सहुलियत होगी वहीं क्षेत्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बैरक का निर्माण महत्वपूर्ण है। साथ ही परियोजना प्रमुख ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों को रहने व कार्य करने में बेहतरीन सुविधा हेतु सीएसआर के तहत उक्त निर्माण कराया गया है। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, एजीएम मानव संसाधन अनिल चावला, एसआर-एचआर अभिषेक आनंद, डीजीएम-एचआर धीरज गुप्ता, एसआर वित्त व प्रबंधन रविंद्र शर्मा, एसआर- एचआर मानव संसाधन सनी सेठ, सीनियर प्रबंधक एचआर रघुवीर मीणा, सीएसआर अधिकारी एन. शिपो, एजीएम सिविल एनडीके पांडेय, डीजीएम सीसीडी आनंद स्वामी तथा सीनियर प्रबंधक उज्जवल कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



## माइनिंग इंस्पेक्टर ने दो बालू लदे ट्रैक्टर किए जब्त

**टंडवा।** माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा ने शुक्रवार देर शाम अवैध बालू उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध टंडवा थाना क्षेत्र में औचक छापेमारी किया। जिसमें उड़सू के समीप दो बालू लोडेड ट्रेक्टरों को जब्त कर कार्रवाई के लिये स्थानीय थाना को सुपूर्द कर दिया है। साथ हीं दो चालकों को भी पकड़ा गया है। निरीक्षक हांसदा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बगैर चालान बालू की ढुलाई होने की गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गई है। बहरहाल, खनन विभाग की इस कार्रवाई से जहां नदियों से बालू का अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने वाले तस्करों में हड़कंप मचा हुवा है। वहीं विभिन्न परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर बालू के भंडारण पर विभागीय चुप्पी साधे होने पर अब चचाओं का बाजार गर्म है।

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**
**PR No.-306205 Dated : 04.09.2023**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **122/2023-24** दिनांक :-27.10.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-13/2023-24 | काण्डी | 1 | मंझिआंव बौराह से नवडीहवा टोला तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.050 कि०मी०) | 1236.182 | बारह करोड़ छत्तीस लाख अठारह हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरडीहा | 2 | लोका मोड़ से कुन्दरीहे तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.370 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 3 | पुरहे से बलिगढ़ होते हुए हथिया चट्टान तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.300 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 4 | कौआखोह से सननी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.400 कि०मी०) | | | |
| | | मझिआंव | 5 | आमर से भुसुआ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.680 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–30.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 08.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–09.11.2023 .अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 309985 (Rural Work Department)23-24*D

## गागर में सागर

### सेवा भारती का स्वास्थ्य शिविर कल

**लोहरदगा।** सेवा भारती द्वारा 72वां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जा रहा है। अपर बाजार के चुन्नीलाल प्लस टू विद्यालय परिसर में गत 1 जून 2022 से सेवा भारती द्वारा प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह रविवार को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक एक घंटे का शिविर आयोजित करते हुए मरीजों की निशुल्क सेवा सदस्यों द्वारा की जाती है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सराफ ने बताया कि स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से सेवा भारती से जुड़े इ.अ.ट.र (इ.व) डॉ कुमुद अग्रवाल शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच करते हुए इलाज करेंगे। उन्होंने कहा है कि स्वस्थ जीवन के लिए समय-समय पर अपना एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। आपका तन ठीक रहेगा तभी आप अपना सभी कार्य अच्छे से कर सकेंगे। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से अपने शरीर के स्वास्थ्य का ध्यान रखिए। उन्होंने जिलेवासिओं से अपील करते हुए कहा है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें।

### अज्ञात शव की हुई शिनाख्त, परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मांगा शव

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह में सड़क दुर्घटना में मारे गए साइकल सवार अज्ञात अधेड़ व्यक्ति दो दिन बाद समाचार पत्र के माध्यम से शिनाख्त हुई। पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल बुडका टाइन टोली निवासी धुरन महली के पुत्र हरि महली ने मृतक की पहचान अपने बड़े भाई हीरू महली के रूप में की। बताया कि हीरू 23 अक्टूबर को बुडका टाइन टोली स्थित अपने घर से बहनोई राजेश महली के घर गढ़कसमार नवाडीह गया था। वहां नवमी को संधिबली कार्यक्रम के पश्चात दूसरे दिन घर आने के लिए निकला था, परंतु वह घर नहीं पहुंचा। 26 अक्टूबर की शाम 7 बजे समाचार पत्र के माध्यम से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत की खबर की जानकारी मिली। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि शव की शिनाख्त के उपरांत जांचोपरांत पहचानी पुष्टि करवाते हुए परिजनों को शव सौंपने की अग्रतर कारवाई की जा रही है।



### विशाल सूंगारी पहाड़ में जतरा 30 को

**कैरो।** जिले के कैरो प्रखंड में स्थित विशाल सूंगारी पहाड़ में सोमवार को आयोजित होने वाली जतरा को लेकर ग्राम प्रधान सानिया पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जतरा को सुचारू ढंग से संम्पन्न कराने के लिए जतरा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष फूलकुमार भगत, उपाध्यक्ष जगबंधन भगत, जगरनाथ उरांव, विनोद साहू, मनोज यादव, कयूम अंसारी, कोषाध्यक्ष नगवा उरांव, शशि उरांव, सह कोषाध्यक्ष जिता उरांव, प्रदीप महली, सचिव शंकर उरांव, जयशिंग उरांव को बनाया गया एवं सभी ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गई। यह जतरा इसलिए भी मशहूर है क्योंकि यह पहाड़ की चोटी पर आयोजित किया जाता है, जहां हजारों लोग दूर-दूर से पहाड़ में जतरा देखने के लिए आते हैं। कैरो प्रखंड के साढाबे गांव में यह पहाड़ है, जिसे सुंगारी पहाड़ के नाम से जाना जाता है। बैठक में लखन उरांव, विजय कुमार एक्का, धना साहु, चंद्रदेव भगत, चरकु उरांव, धुचु उरांव, गनेश उरांव, होसने उरांव, राजेश्वर भगत सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### भंडरा में सीओ व बीडीओ ने किया मतदाता सूची प्रकाशन का निरीक्षण



**भंडरा।** मतदाता सूची का प्रकाशन लोहरदगा एवं बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सभी बुथो का निरीक्षण सीओ दिनेश कुमार गुप्ता एवं बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। इस क्रम में सभी मतदान केदो में बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें मतदाताओं के द्वारा अपने नाम का सूची में वेरिफिकेशन किया गया। इस मौके पर मतदाताओं के द्वारा सूची के निरीक्षण करने के बाद नाम दर्ज करवाने, त्रुटि निराकरण करने, फोटो में सुधार करने सहित अन्य बिंदुओं पर बीएलओ को जानकारी दी।

### कुडू पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बाइक चोरी पर लगाम लगने की उम्मीद

# बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

बीते गुरुवार को कुडू बाजार टांड से चोरी हुई बाइक का कुडू पुलिस ने उद्भेदन करते हुए थाना क्षेत्र के लावागाई निवासी नईम खान का पुत्र अदनान अल्तमश (22) को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। साथ ही उसके पास से चोरी की गई बाईक भी बरामद कर ली है। ज्ञात हो कि गुरुवार 21 अक्टूबर को कुडू निवासी विनय कुमार की बाइक घर के बाहर से चोरी कर ली गयी थी। इसके बाद विनय कुमार ने कुडू थाने में लिखित शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिस आज्ञात चोर के खिलाफ कांड संख्या 118/23 दर्ज कर अनुसंधान में जुटी थी। मिली जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को सूचना मिली कि उक्त बाइक को एक व्यक्ति टाटी के पास लेकर खड़ा है। इसपर तत्काल केस के अनुसंधानकर्ता सअनि सुकु सोरेन को दल बल के साथ टाटी के लिए रवाना किया। वहां पहुंचने पर युवक बाइक को लेकर जल्दबाजी में टाटी कैरो रोड में भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पुलिस को मिली इस सफलता से उम्मीद जताई जा रही है कि लंबे समय से कुडू में हो रही बाइक चोरी पर लगाम लगेगी।

## सेन्हा में मारपीट के आरोप में तीन व्यक्ति गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



रानीगंज साप्ताहिक बाजार से लौटने के दौरान वाहन से साइड मांगने पर हुआ विवाद में तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन चालक स्व. सगीर खान के पूत्र इम्तियाज खान न्यू रोड लोहरदगा निवासी से मारपीट के दौरान घायल हो गया था। वहीं इम्तियाज खान ने लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पुलिस को आवेदन देकर कहा कि साप्ताहिक बाजार रानीगंज से बुधवार को देर शाम लोहरदगा सवारी लेकर आ रहे थे। तभी बदला मेला मैदान के पास साइड लेने को लेकर कुछ लोगों से विवाद हुआ। इस पर निगनी गांव निवासी जय गोविंद साहू के पूत्र जितेंद्र कुमार साहू, बालकेश्वर साहू के पूत्र केशरी कुमार साहू तथा सुरेश साहू के पूत्र संतोष कुमार साहू ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। घायल इम्तियाज खान के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने थाना कांड संख्या 136/23 दर्ज कर नामजद तीनों आरोपी को गिरिफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की मारपीट मामला की पुष्टि के उपरांत तीनों आरोपी को गिरिफ्तारी कर जेल भेजा गया।

## 12 फीट लंबे अजगर को वन विभाग ने किया रेस्क्यू जंगल में ले जाकर छोड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत भरनो थाना स्थित नेशनल हाईवे एनएच-23 मुख्य पथ पर 12 फीट लंबे एक अजगर सांप को लोगों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। इस पर वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को घटनास्थल पर भेजा। टीम ने उक्त अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। बताया जाता है कि गुमला जिला सहित पूरे झारखंड राज्य में उक्त अजगर के कई विभिन्न आकार प्रकार के प्रजातियां पाई जाती हैं और कई अजगर सांप की प्रजातियां लुप्त हो चुकी है। अतः उन्हें संरक्षित करना अति आवश्यक हो गया है। अजगर से लोग भयभीत जरूर होते हैं, लेकिन बताया जाता है कि छोटे अजगर सांप जानलेवा विषैला और जहरीला नहीं होता है तभी तो अधिकांश लोग उक्त अजगर सांप को पड़कर, विशेष कर छोटे अजगर सांपों को सपेरा - साधु - संतों द्वारा और अन्य लोग द्वारा भी अपने शरीर में लपेटकर घूमते और तरह-तरह के कर्तव्य दिखाते नजर आ जाते हैं।

## योजनाओं की समीक्षा की

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान विभाग अंतर्गत महत्वपूर्ण योजना जैसे कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मातृ वंदना योजनाओं आदि की समीक्षा की गई। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के समग्र विकास को लेकर किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर एप के अपडेटेड डाटा का विश्लेषण किया, प्राप्त डाटा के अनुसार वजन मापी के तहत एप में 95.41 प्रतिशत एवं गृह भ्रमण के क्रम में 85.91 प्रतिशत की उपलब्धि देखने को मिली।वहीं पोषण ट्रैकर एप में पंजीकृत लाभुकों एवं आधार सत्यापन के कार्य में 95.07 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त हुई।

## डीसी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ के साथ ली सेल्फी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया और संबंधित बीएलओ के साथ सेल्फी ली गई। इन मतदान केंद्रों में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हो का मतदान केंद्र संख्या 214, राजकीय बुनियादी विद्यालय हिरही का मतदान केंद्र संख्या 207, 208, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा का मतदान केंद्र संख्या 281, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय का मतदान केंद्र संख्या 279 एवं 280 शामिल हैं। उपायुक्त द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा को नये बीएलओ का प्रशिक्षण कराये जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने, मतदाता की अर्हता तिथि आदि से अवगत कराया गया। निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### समिति अध्यक्ष ने आमजनों का आभार व्यक्त किया

**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने शारदीय नवरात्र भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से संपन्न होने पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने शारदीय नवरात्र को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लगे केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी संरक्षक, पदाधिकारी, सदस्य, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, दंडाधिकारी, मीडिया, सुरक्षा बल, मेडिकल की टीम, अग्नि शमन की टीम, सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी व माता रानी के भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी ने अपने अपने स्तर से पूजा के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी निभाई। वहीं पदाधिकारियों से कहा कि उन्होंने पूजा में एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल, प्रतिमा, विद्युत सज्जा, विधि व्यवस्था बनाने में अहम योगदान दिया है। साथ ही अनुशासन पूर्ण व्यवस्था बनाते हुए भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराई।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी में सरगर्मी हुई तेज

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**





जिला परिसदन में कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा लोकसभा स्तरीय बैठक लेने कांग्रेस पार्टी के एसटी एससी ओबीसी के कोऑर्डिनेटर के राजू लोहरदगा पहुंचे। राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, संयोजक प्रदीप तुलसियान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू सहित लोहरदगा गुमला और मांडर क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक स्तर के नेता और कोऑर्डिनेटर समिति के सदस्य शामिल हुए।

लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने पिछली बार की बैठक में दिए गए टास्क की समीक्षा की। कांग्रेस पार्टी के कोऑर्डिनेटर के राजू ने झारखंड प्रदेश में कांग्रेस के सभी 14 लोकसभा सीटों को लेकर अल्पसंख्यक मॉनेटरी ओबीसी एसटी एससी को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य और टास्क देने का काम किया है ताकि पिछला वर्ग से नए नेतृत्व को आगे लाया जा सके। और आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है तो वही लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड प्रदेश के जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में आएगी और इस बार भाजपा को शिखस्त देगी। हम गांधी को मानने वाले हैं गोडसे के पथ पर चलने वालों को जनता सबक सिखाएगी।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भंडरा विधानसभा क्षेत्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को जिले के भंडरा प्रखंड में ड्रॉप पब्लिकेशन के क्रम में वाचन निरीक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 69-बिशनपुर के मतदान केंद्र 80 एवं 81 का निरीक्षण किया। बीएलओ से प्राप्त जानकारी के बाद मतदाताओं का एपिक कार्ड, जिसका स्पीड पोस्ट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस के द्वारा वितरण किया जाता है, की समीक्षा के क्रम में बीएलओ द्वारा मतदाता अंजली कुमारी के मतदाता पहचान पत्र के संबंध में डिलीवरी की जानकारी हेतु मसमानो पोस्ट ऑफिस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पोस्ट ऑफिस में 19 मतदाता पहचान पत्र अन-डिलीवर्ड पाया गया। इसके विषय में बीपीएम और पोस्टमैन से पूछताछ की गई, जिनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। सभी मतदाता कार्ड का आर्टिकल नंबर और एपिक नंबर का डिलीवरी का जांच करने हेतु अपने साथ संख्या के साथ सूची बनाकर सूची से वेरीफाई करने के लिए साथ ले गए। पोस्ट ऑफिस के द्वारा एपिक कार्ड वितरण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ आदि उपस्थित थे।


### उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खनन शाखा)

**रद्द संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिला अन्तर्गत Category-II के श्रेणी A एवं श्रेणी B के कुल 17 बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण हेतु सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से दिनांक 21.04.2023 को प्रकाशित की गई थी, जिसका PR 295588 Lohardaga (23-24) D dt. 21.04.2023 था, में भाग लिये प्रतिभागियों द्वारा Quote किये गए Sand mining Fee का दर अव्यवहारिक पाये जाने एवं Model tender Document के भाग 8.5(J) में उल्लेखित Sand Mining Fee Abnormally Lower or Higher स्पष्ट नहीं होने के कारण प्रबंधक निदेशक, झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 रांची से मार्गदर्शन की मांग की गई थी। जिसके आलोक में प्रबंधक निदेशक द्वारा संशोधित Model tender Document उपलब्ध कराई गई है, जिसके अनुसार MDO चयन हेतु वित्तीय– निविदा आमंत्रित किया जाना है।

अतएव लोहरदगा जिला अन्तर्गत Category-II के कुल 17 बालू घाटों का MDO चयन हेतु आमंत्रित वित्तीय– निविदा PR 295588 Lohardaga (23-24) D dt. 21.04.2023 को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 309996 Lohardaga(23-24).D


## खगोलीय घटना मेष, वृषभ, मिथुन, कन्या, धनु मकर वालों के लिए बहुत शुभ होगा


# भारत में आंशिक चंद्र ग्रहण का सूतक होगा मान्य

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

इस साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण शरद पूर्णिमा को लग रहा है। यह ग्रहण शनिवार की रात 1 बजकर 5 मिनट से शुरू होकर 2 बजकर 23 मिनट तक रहेगा। चंद्र ग्रहण के ठीक 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू होगा। इस दौरान सभी मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे। सूतक के दौरान किसी भी तरह की पूजा और अनुष्ठान नहीं किए जाते हैं। चंद्रग्रहण का सूतक काल दोपहर 4:05 मिनट से शुरू हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य रामाधार पाठक ने बताया कि यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। यह भारत में भी दिखाई देगा और इसलिए इसको सूतक काल भी माना जाएगा। यह चंद्र ग्रहण भारत समेत एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, साउथ अमेरिका के अधिकतर हिस्सों में और हिंद महासागर, पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक और अंटार्कटिका में भी दिखाई देगा। इस दौरान विशेष सावधानी बरते की जरूरत होगी।

### इस राशि में लगेगा ग्रहण

29 अक्टूबर को लगने वाला यह चंद्र ग्रहण मेष राशि में लगेगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा मेष राशि में रहेंगे। चंद्रमा के मेष राशि में रहने के साथ इस राशि में पहले से ही गुरु और राहु ग्रह उपस्थिति होंगे। वैदिक ज्योतिषाचार्य पाठक के अनुसार ग्रहण के शुभ-अशुभ प्रभाव सभी राशि के जातकों पर पड़ेंगे। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण मेष, वृषभ, मिथुन, कन्या, धनु और मकर वालों के लिए बहुत शुभ रहने वाला है। यह ग्रहण इन राशि के जातकों को बहुत लाभ पहुंचाने वाला है। इन राशि के लोगों के सारे रुके हुए काम जल्द ही पूरे हो



जाएंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। अचानक से धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कई उपलब्धियां प्राप्त होगी। नौकरी में प्रमोशन और वेतन वृद्धि के योग बनेंगे। शरद पूर्णिमा पर ग्रहण होने से इसका सूतक दोपहर 4.05 से ही शुरू हो जाएगा। शास्त्रों में सूतक के समय पूजा-पाठ करना, मंदिर में दर्शन करना, खाना बनाना और खाना मना किया गया है। इस वजह शरद पूर्णिमा से जुड़े शुभ काम 28 की दोपहर के बाद करना संभव नहीं है। इसलिए शरद पूर्णिमा से जुड़ी परंपराएं एक रात पहले यानी आश्विन शुक्ल चतुर्दशी (27 अक्टूबर) की रात निभा सकते हैं। बद्रीनाथ धाम में भी शरद पूर्णिमा से जुड़ी पूजा-पाठ 27 तारीख को ही की जाएगी। पूर्णिमा पर ग्रहण होने से रात में इस पर्व से जुड़ी पूजा-पाठ नहीं हो सकेंगे, न ही खीर नहीं बनाई जा सकेगी। 27 अक्टूबर को चतुर्दशी तिथि पर चंद्रमा की पूर्णिमा से सिर्फ एक कला कम रहेगी, इसलिए पूर्णिमा से एक रात पहले खीर बनानी चाहिए और भगवान को भोग लगाना चाहिए। उज्जैन के बड़ा गणपति मंदिर में भी 27 अक्टूबर की रात शरद पूर्णिमा के आयोजन होंगे। वहीं वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर, इस्कॉन में शरद पूर्णिमा पर ग्रहण होने से एक दिन बाद यानी 29 अक्टूबर को इस पर्व से जुड़ी पूजा-पाठ की जाएगी।

### चंद्र ग्रहण के सूतक के समय क्या करें क्या न करें

चंद्र ग्रहण का सूतक ग्रहण शुरू होने से ठीक 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है और ग्रहण खत्म होने तक रहता है। इस समय में पूजा-पाठ, मंदिर दर्शन, विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, व्यापार प्रारंभ जैसे शुभ काम नहीं किए जाते हैं। इसी वजह से सूतक शुरू होते ही सभी मंदिर बंद कर दिए जाते हैं। ग्रहण खत्म होने के बाद मंदिर की शुद्धि होती है, इसके बाद भक्तों के लिए मंदिर खोले जाते हैं। सूतक काल में देवी देवताओं के मंत्रों का जप करना चाहिए। दान-पुण्य कर सकते हैं।


### समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0-04, लातेहार।

**-:अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार में सरकारी पुलिस वाहन का टायर एवं ट्यूब क्रय करना आवश्यक है, जिसकी निविदा सूचना पटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाना है, जिसका अल्पकालीन निविदा सूचना पटट् के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | टायर का साईज | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | मिनी बस | 7.50-16-16PR | |
| 2 | टाटा 709 ट्रक | 7.50-16-16PR | |
| 3 | टाटा 407 ट्रक | 7.50-16-16PR | |
| 4 | जिप्सी किंग | F78-15 | |
| 5 | थार जीप | 185/85 R16 | |
| 6 | टाटा सुमो गोल्ड | 215/75R15 | |
| 7 | टाटा सुमो एम्बुलेंश | 195R-15 | |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–13/11/2023 तक अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, लातेहार न्यू पुलिस केन्द्र, लातेहार में समय–11:00 बजे पूर्वा0 तक सील बन्द लिफाफा में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–14/11/2023 को समय–11:00 बजे निविदादाता के समक्ष परिवहन शाखा, आई0आर0बी0–04, लातेहार में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चयात् किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदाझारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निंबधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GSTहोना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम राशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01(एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदादाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोटः– इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार।

PR 309974 (Police) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### शेयर बाजार में आया सुधार, सेंसेक्स 63600 के ऊपर, निफ्टी 19,000 के पार




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को जोरदार गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटती दिखी है जिससे निवेशकों को कुछ राहत मिली है। सेंसेक्स और निफ्टी की शुरूआत बढ़त के हरे निशान के साथ हुई है। बैंक निफ्टी की शुरूआत में भी आज अच्छी उछाल देखी जा रही है और इसके लेवल करीब 300 अंक के पास चढ़े हैं। घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत में बीएसई का सेंसेक्स आज 442.45 अंकों के उछाल के साथ 63,559 के लेवल पर खुला है और एनएसई का निफ्टी 71.5 अंकों के उछाल के साथ 18,928 के लेवल पर ओपन हुआ है। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है और केवल 1 शेयरों में ही गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है। इसमें एशियन पेंट्स का शेयर ही केवल 0.35 फीसदी गिरकर कारोबार कर रहा है। निफ्टी के 50 में से 47 शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है और 3 शेयर आज गिरावट के दायरे में कारोबार कर रहे हैं। इसमें एशियन पेंट्स, आईटीसी और एचयूएल के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। इस समय तक सेंसेक्स में 485।15 अंक या 0.77 फीसदी की उछाल के साथ 63,633 के लेवल पर कारोबार देखा जा रहा है और एनएसई का निफ्टी 143.45 अंक या 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 19,000 के लेवल पर ट्रेड करता देखा जा रहा है। सेक्टोरल अपडेट्स देखें तो आज निफ्टी के सभी 15 इंडेक्स में उछाल के साथ तेजी के हरे निशान में कारोबार देखा जा रहा है।

### सोना 61000 के हुआ पार, चांदी में भी तेजी

**नई दिल्ली।** त्योहारों के सीजन की शुरूआत के साथ ही लोग जमकर गोल्ड-सिल्वर आदि की ज्वेलरी खरीदते हैं। अगर आप भी आज सोना खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो बता दें कि गोल्ड आज 61,000 के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 60,915 रुपये के स्तर पर खुला है। इसके बाद सुबह 10.15 मिनट तक यह कल के मुकाबले 72 रुपये यानी 0.12 फीसदी महंगा होकर 61,024 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। गुरुवार को यह 60,952 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था।

**चांदी की चमक भी बढ़ी :** सोने के अलावा चांदी की चमक में भी शुक्रवार को इजाफा हो रहा है। शुरूआती दौर में चांदी 71,745 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली है। इसके बाद 10. 15 मिनट तक चांदी में और भी बढ़त दर्ज की गई है और कल के मुकाबले 287 रुपये यानी 0. 40 फीसदी महंगी होकर 71,867 रुपये के स्तर पर बनी हुई है। कल वायदा बाजार में चांदी 71,580 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुई थी।

### कर्ज की वसूली को लेकर ग्राहकों को शाम 7 बजे के बाद नहीं करें कॉल : आरबीआई



**नई दिल्ली।** कर्ज की वसूली के लिए वक्त-वेवक्त बैंक के एजेंटों के कॉल को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक कड़े नियम लेकर आ रहा है। आरबीआई द्वारा प्रस्तावित नियमों के मुताबिक अगर कोई ग्राहक समय पर लोन की ईएमआई नहीं भरता है तब भी लोन के लिए रिकवरी एजेंट कर्जदार को सुबह 8 बजे से पहले और शाम में 7 बजे के कॉल नहीं कर सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि वित्तीय संस्थानों द्वारा किसी कार्य के लिए आउटसोर्सिंग करने के बाद भी उनकी जिम्मेदारी खत्म नहीं होती है। ग्राहकों के प्रति वह उतने ही उत्तरदायी हैं। इसके साथ ही आरबीआई ने इस मसौदे में प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों, प्रत्यक्ष विपणन एजेंट और वसूली एजेंटों के नियम बनाने के बात कही है । यह नियम पब्लिक, प्राइवेट और एनबीएफसीएस तीनों पर लागू हो चाहिए। इसके साथ ही आरबीआई ने कहा है कि रिकवरी एजेंट्स को इस बात की ट्रेनिंग मिलनी चाहिए कि वह लोन रिकवरी करते वक्त कॉल या मैसेज पर ग्राहक से कब और कैसे बातचीत करें। इसके साथ ही ग्राहकों के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों को यह भी निर्देश दिया है कि वह अपने रिकवरी एजेंट को यह समझा दें कि वह लोन रिकवरी के लिए धमकी या उत्पीड़न का सहारा नहीं ले सकते हैं। इसके साथ ही रिकवरी एजेंट कर्जदारों से को अपमानित भी नहीं कर सकते हैं। वित्तीय संस्थान यह ध्यान रखें कि लोन रिकवरी के वक्त कर्जदारों की निजता का पूरा सम्मान होना चाहिए। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी और बैंकों को भी यह नसीहत दी है कि वह जरूरी पॉलिसी मैनेजमेंट जैसे केवाईसी के नियमों, लोन की मंजूरी जैसे कार्यों को दूसरी कंपनियों को आउटसोर्स करने से बचें।

### महिला के ऊपर गिरी गर्म कॉफी, रेस्टोरेंट चुकाएगा 24 करोड़ रुपये

जॉर्जिया। रेस्टोरेंट में कॉफी सर्व करते हुए कर्मचारी के हाथ से एक कस्टमर पर कॉफी गिरना काफी महंगा पड़ा गया। दरअसल, साल 2021 में जॉर्जिया के एक रेस्टोरेंट में कॉफी सर्व करते हुए कर्मचारी के हाथ से एक महिला के ऊपर गर्म कॉफी गिर गई थी जिसका अब रेस्टोरेंट को बड़ी भरपाई करनी होगी। दरअसल, महिला इस हादसे से बुरी तरह जल गई और मामला कोर्ट तक पहुंचा। यहां के लॉ फर्म मॉर्गन एंड मॉर्गन के बेंजामिन वेल्च ने कहा कि 70 साल की महिला के इस हादसे के बाद इतने जख्म हुए कि उसे दोबारा चलना सीखना पड़ा जिससे आज भी उसे रोजमर्रा के काम करने में परेशानी होती है इतना ही नहीं उसके मेडिकल इलाज में अब तक करीब 200,000 डॉलर (1.66 करोड़ रुपए) से अधिक खर्च हुए हैं। मुकदमे में महिला ने आरोप लगाया कि अगर कर्मचारी ने कॉफी कप पर ढक्कन ठीक से लगाया होता तो दुर्घटना नहीं होती। जिसके बाद मंगलवार को, डंकिन लोकेशन का संचालन करने वाली फ्रेंचाइजी महिला को उसकी चोटों के लिए मुआवजा देने के लिए 3 मिलियन डॉलर (24.95 करोड़ रुपए) के समझौते पर सहमत हुई।

### आसमान में अमेरिकी विमान से टकराते टकराते बचा चीनी जेट

**बीजिंग।** चीन का लड़ाकू जेट और अमेरिकी वायुसेना दोनों टकराते-टकराते बचे। अमेरिका ने दावा किया कि चीन ने दक्षिण चीन सागर में रूटीन ऑपरेशन कर रहे अमेरिकी वायुसेना के इ-52 विमान को गलत तरीके से रोकने की कोशिश की। जिससे आसमान में विमानों के आपस में टकराने का खतरा बन गया था। इस घटना पर अमेरिका ने ऐतराज भी जताया। बता दें कि विगत 24 अक्टूबर मंगलवार देर रात चीन का लड़ाकू जेट अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर पर नियमित संचालन कर रहे अमेरिकी वायु सेना के इ-52 बमवर्षक विमान के 10 फीट से भी ज्यादा करीब आ गया था। अमेरिकी सेना के इंडो-पैसिफिक कमांड ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि चीनी लड़ाकू पायलट की ऐसी हरकतों की वजह से दोनों ही जहाज के आपस में टकराने की आशंका बढ़ गई।

### देश में सस्ते होंगे साबुन, डिटरजेंट बॉडी वॉश जैसे प्रोडक्ट्स

नई दिल्ली। भारत में जल्द ही प्रीमियम सेगमेंट में आने वाले एक प्रमुख ब्रांड के प्रोडक्ट्स के दाम घटने वाले हैं। ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि ये एफएमसीजी दिग्गज भारत में कीमतों के मामले में नरम रुख अपनाने के संकेत दे रही है। भारत में हिंदुस्तान यूनिलीवर की पेरेंट फर्म यूनिलीवर के आने वाले समय में कई कैटेगरी के उत्पादों के दाम सस्ते करने की उम्मीद है और कंपनी ने इसका एलान भी किया है। यूनिलीवर के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर ग्रीम पिटकेथली ने कहा है कि आने वाले कुछ समय में ग्लोबल रिकवरी के चलते भारत में कुछ कैटेगरी के प्रोडक्ट्स के दाम घटाने के बारे में विचार किया जा रहा है। यूनिलीवर के सीएफओ ने हालांकि इस बात को साफ किया है कि दामों में ये कटौती केवल कुछ ही कैटेगरी के लिए लागू होगी।


स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

NATIONAL HEALTH MISSION

## कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक -सह- मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी, पलामू

### अल्पकालीन निविदा

ए0एन0एम प्रशिक्षण पलामू कार्यालय में लेखन सामाग्री / मशिन उपकरण, उपस्कर एवं अन्य सामाग्री का क्रय किया जाना है। इसके इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–30.10.2023 से 16.11.2023 तक कार्यालय अवधी में 2000(दो हजार ) रूपये के बैंक ड्राफ्ट (असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी, पलामू) के नाम से जमा करने के उपरान्त उक्त सभी सामाग्री की सूची विशिष्टता एवं निविदा के शर्त एवं विड प्राप्त कर सकते है।

**निबंधित डाक के द्वारा निविदा जमा करने की तिथि 30.10.2023 से 16.11.2023 अपराहन 5 बजे तक निविदा खोलने तिथि 17.11.2023 को निर्धारित की गई है।**

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 310033 District(23-24)#D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक– 959 / दिनांक– 26.10.2023

**अति अल्पकालीन/दर आमंत्रण सूचना : 31 / 2023–24 (पुर्ननिविदा 3rd Call)**

नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु विभिन्न प्रकार की Furniture की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / विक्रेता दिनांक 06.11.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन / दर नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

| क0 सं0 | उपकरण / सामग्री का नाम | मात्रा | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Office Table | 03 | | |
| 2 | Doctor Chair | 01 | | |
| 3 | Staff chair | 06 | | |
| 4 | Almirah Godrej | 01 | | |
| 5 | Rack for Medicine | 03 | | |
| 6 | Patient Examination table | 01 | | |
| 7 | Wall Clock | 02 | | |
| 8 | Door Mat | 03 | | |
| 9 | Lock (Link) | 06 | | |
| 10 | Patient waiting chair | 01 | | |
| 11 | Patient stool | 02 | | |
| 12 | Office Chair | 06 | | |

नोटः– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिऑव

PR 309962 Urban Development (23-24)_D

## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन शाखा)
अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–730(B) / भू0अ0, पलामू, दिनांक :–26.10.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना–गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर **ROR** निर्माण हेतु ग्राम–रेहला कला, थाना–रेहला, थाना सं0–45, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में कुल कमोवेश 0.1850 एकड़ यानि 0.0748 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक मान से कमोवेश 0.1850 एकड़ यानि 0.0748 हेक्टेयर है और जो ग्राम–रेहला कला, थाना–रेहला, थाना सं0–45, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 5 | 10 | रैयती | टांड़ | 0.0920 | जिरमनिया देवी वो फुलमनिया देवी पति स्व0 करीमन राम | 6P | 10P | 8P | 10P |
| 2 | 23 | 124 | रैयती | टांड़ | 0.0930 | नन्दु राम, सुग्रीव राम, पिता मंगरू राम | 125P | 123P | 127P | 8P |
| | | | | कुल रकबा :– | 0.1850 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 310016 Palamu(23-24)D

## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन शाखा)
अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–730(A) / भू0अ0, पलामू, दिनांक :–26.10.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना–**गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर ROR निर्माण** हेतु ग्राम–**सबौना**, थाना–**रेहला**, थाना सं0–**43**, अंचल–**विश्रामपुर**, **जिला–पलामू** में कुल कमोवेश **0.1420 एकड़** यानि **0.0574 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक मान से कमोवेश **0.1420 एकड़** यानि **0.0574 हेक्टेयर** है और जो ग्राम–**सबौना**, थाना–**रेहला**, थाना सं0–**43**, अंचल–**विश्रामपुर**, **जिला–पलामू** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 73 | रैयती | टांड़ | 0.1420 | लालबिहारी राम वो प्रेम राम पिता बनारसी राम वो घुरा राम, महेन्द्र राम पिता गणेश राम वो करीमन राम वो सरयु राम वो हरिहर राम पिता बेलास राम वो जसमति कुवंर पति स्व0 बेलास राम वो घुरहु राम, उमेश राम, मेहन्द्र राम, नन्हकु राम, पिता कैलास राम वो जगीया कुवंर पति कैलास राम पवन राम पिता स्व0 निहोरा राम, मंगरू राम, पिता स्व0 तपेश्वर राम, वासो कुवंर पति अमेरिका राम, मुना कुवंर, पति खखनु राम वो जय राम, सीता राम वो बिरजु राम पिता स्व0 महाबीर राम | 73P | 72P | 72P | 52P |
| | कुल रकबा :– | | | | 0.1420 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 310015 Palamu(23-24).D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

### ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 02/2023-24/EE/RWD/LATEHARदिनांक : 27.10.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/LATEHAR 2/ SRPKG-16/2023-24 | (1) पी0डब्लू0डी0 रोड से गुमला बार्डर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.250 कि0मी0)<br>(2) पी0डब्लू0डी0 रोड से करकट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.900 कि0मी0)<br>(3) पी0डब्लू0डी0 रोड आराहंस से ग्राम माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.500 कि0मी0)<br>(4) पी0डब्लू0डी0 रोड से केवरकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.600 कि0मी0) | 1292.093 | रू0 बारह करोड़ बानवे लाख नौ हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 09 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR 3/2023-24 | आर0ई0ओ0 रोड से अविराम नर्सिंग कॉलेज तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 0.900 कि0मी0) | 99.906 | निनान्वे लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये मात्र। | 09 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.11.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 310038 (REO) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक– 958 / दिनांक– 26.10.2023

**अति अल्पकालीन / दर आमंत्रण सूचना : 30 / 2023–24 (पुर्ननिविदा 4th Call)**

नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के अंतर्गत Tele- consultantion के संचालन हेतु विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / विक्रेता दिनांक 06.11.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन / दर नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा।

List of equipment for tele consultation Urban Health and Wellness Centre, NP Manjhiaon

| Tele Consultation Items | | | Company/Brand | Rate per pcs. | Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl No | Name of Items | Unit | Specification attached here | | |
| 1 | All in one computer (i5 11 Generations) | 1 | Desktop computer All in one 20-24' inc- Intel core/511th generation onwards RAM-8GB, Hard Drive 1TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS Office | | |
| 2 | Head phone with Microphone | 1 | | | |
| 3 | (View Stand) X-ray stand | 1 | | | |
| 4 | Camera | 1 | | | |
| 5 | Speaker | 2 | | | |
| 6 | Color Printer with Scanner | 2 | HP/Cannon/Epson | | |
| 7 | Internet (5G fiber) | 1 | | | |
| 8 | Computer table wodden 1 | 1 | | | |

नोटः– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR309966 (Urban Development)23-24*D

## कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा
### सदर अस्पताल परिसर, चतरा

पत्रांक :– 683 / चतरा, दिनांक :– 27.10.2023

**अति अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

**कार्य की प्रवृति :– 108 एम्बूलेंस वाहन की मरम्मति।**
**चतरा जिलान्तर्गत सभी गैराज / ऑटो रिपेयर सेंटर / सर्विस सेंटर।**

जिले में कुल 08 (आठ) 108 एम्बूलेंस वाहन की मरम्मति कार्य हेतु इच्छुक निविदादाता से सील बन्द लिफाफा में कोटेशन दिनाँक 04.11.2023 के अपराहन् 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कोटेशन का निस्तारण दिनाँक 4.11.2023 के अपराहन् 4.00 बजे क्रियान्वयन समिति के समक्ष किया जाएगा।

**नोट** :– विभिन्न 108 एम्बूलेंस वाहन में की जाने वाली मरम्मति कार्य की विस्तृत जानकारी Annexure-I कार्यालय के सूचना पट्ट या जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

**निविदा की शर्तें :–**

1. निविदा हेतु EMD-1000/- रूपये का बैंक ड्राफ्ट सिविल सर्जन, चतरा के नाम से कोटेशन के साथ समर्पित करना होगा जो Non- Refundable होगा।
2. निविदा दाता को मरम्मति कार्य का कम–से–कम तीन साल का अनुभव होना चाहिए।
3. सफल निविदादाता को मरम्मति योग्य 108 एम्बूलेंस वाहन सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त कर स्वयं के खर्च पर ले जाना होगा।
4. प्राथमिकता के आधार Off Road वाहन की मरम्मति पहले करना सुनिश्चित करना होगा।
5. वाहन प्राप्ति के 7 दिनों के अन्दर वाहन की मरम्मति कर कार्यालय को सुपूर्द करेंगे।
6. वाहन मरम्मति के उपरान्त संबंधित जिला के मोटरयान निरीक्षक के निरीक्षण के उपरान्त प्राप्त फिटनेस सर्टिफिकेट के आधार पर भुगतान किया जाएगा।
7. वाहन प्राप्त करने के 7 दिनों के अवधि बीत जाने के उपरान्त प्रति वाहन 500 / – प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क की कटौती की जाएगी।
8. निस्तारण के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
9. निविदा के शर्तों में संशोधन करने या बिना कारण बताये किसी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने या निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 310028 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 / 2023–24
**2nd Call**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 03.11.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.11.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.11.2023 को 3:30 बजे अपराहन तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2, धुर्वा, राँची, झारखण्ड।
   : (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
   : (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिसई कुम्हार मोड़ से घाघरा वाया सहेजाना कोडेदाग पथ पर के 8वें कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण पुल का पहुँच पथ का कार्य एवं विभिन्न पथांशों में Crus Berriar कार्य। | 50.00 | 100000 | 5000.00 | 3 Months |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla

PR 310029 (Road) 23-24 (D)

सभी को सुख देने की क्षमता भले ही हमारे हाथ में न हो किन्तु किसी को दुःख ना पहुंचे या तुम्हारे हाथ में ही हैं।

– अज्ञात



# सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

***झारखंड*** में हर साल डैम व जलप्रपातों में हो रही मौत डरावनी है। दशहरे के मौके पर राज्य के कई हिस्सों में मूर्ति विसर्जन के दौरान पानी में डूबने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। देखा जाये तो औसतन हर साल डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत डूबने से होती है। इसमें अधिक संख्या युवाओं की होती है। खासकर स्कूली छात्र स्नान के दौरान अपनी जान गंवा चुके हैं। लापरवाही या चूक के कारण ये जानें असमय जा रही हैं। पिछले दिनों हजारीबाग की घटना को हमलोग अभी तक नहीं भूले हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जलाशयों के पास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। किसी तरह के बोर्ड भी नहीं लगे हैं। जो चौकन्ना कर दे कि यह जगह नहाने के लिए सेफ नहीं है। इन जगहों पर चेतावनी के बोर्ड अवश्य लगनी चाहिए। जिसमें यह लिखा हो कि आगे नहीं जायें,यह खतरनाक जगह है। इन जगहों पर जैकेट के साथ गोताखोर की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए जिला प्रशासन की चौकसी जरूरी है। साथ ही पानी की गहराई का बोर्ड अवश्य लगा देनी चाहिए। बहरहाल यह एक बड़ी समस्या बनते जा रही है। इस पर अवश्य रोक लगनी चाहिए। राज्य के मेदिनीनगर में कोयल नदी का जलस्तर बढ़ जाने पर भी कई घटनायें घट चुकी हैं। नहाने के दौरान कई बच्चों की जान जा चुकी है। यह प्रत्येक वर्ष होती है। लेकिन आदतन इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। यह देखा जाता है कि नदी के किनारे बसी आबादी बेपरवाह होती जा रही है। घर के सदस्य अधिकतर बाहर रहते हैं। महिलायें अपने बच्चे की निगरानी करने में असफल होती जा रही हैं। उन्हें लगता है कि बच्चा घर में मोबाइल या टीवी देख रहा है। वह रसोईघर में भोजन की व्यवस्था में जुटी रहती हैं। इसका फायदा उठाकर बच्चे नदी में अपने दोस्तों के साथ नहाने चल देते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके बावजूद भी सर्तकता का नहीं बरता जाना दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं। इन दुर्घटना का आखिर जवाबदेह कौन है? इसका सीधा सा जवाब होगा,हम सब की लापरवाही। कारण सावधानी हटी ,दुर्घटना घटी। कारण व्यक्ति के जीवन में लापरवाही की कोई जगह नहीं है। अगर हम अपने घर के बेडरूम में हैं,तो भी सावधानी की जरूरत है। वहां भी दुर्घटना के शिकार हम हो सकते हैं। ऐसे में जीवन को संयम से जीने के लिए व्यवस्थागत आचरण बहुत जरूरी है। बहरहाल हमारे आंगन में खुशियों की किलकारी गूंजे,इसके लिए सावधानी जरूरी है। चाहे वह पानी हो या बिजली। मौत हमारा हर समय इंतजार कर रही है। असमय हुई मौतें भयावह होती हैं। इसमें कई परिवार टूट जाते हैं। उन्हें संभालना कठिन हो जाता है। इसलिए हम सब को संयमित और सावधानी से जीवन जीने की आदत डालनी चाहिए। हालांकि मौत की तारीख मुर्करर नहीं होती हैं। वह असमय होती हैं। हां,इतना जरूर है कि उसके लक्षण अवश्य दिखाई पड़ने लगते हैं। जिसकी आहट नहीं सुनाई पड़ती। ऐसे में जलाशयों की तरफ सरकार के साथ समाज के प्रबुद्व वर्ग को सामने आने की जरूरत है। ताकि डूबकर कोई मौत नहीं हो। लाख कोशिश के बाद भी दशहरे में मूर्ति विसर्जन के दौरान हादसे को नहीं रोका जाना यह दर्शाता है कि हमारी विधि व्यवस्था में कई खामियां हैं,जिसे दूर करने की जरूरत है।

**पिछले दिनों हजारीबाग की घटना को हमलोग अभी तक नहीं भूले हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जलाशयों के पास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। जो चौकन्ना कर दे कि यह जगह नहाने के लिए सेफ नहीं है। इन जगहों पर चेतावनी के बोर्ड अवश्य लगनी चाहिए। जिसमें यह लिखा हो कि आगे नहीं जायें,यह खतरनाक जगह है।**

# नशे के कैंसर से देश को बचाने का दायित्व किसका





प्रो. प्रेम कुमार धूमल

***आज*** हमारे सामने नशे की सबसे बड़ी गम्भीर समस्या है। नशे का यह कैंसर जिस तीव्रता से समाज में फैल रहा है उसे देखकर, सुनकर आदमी सिहर उठता है और लगता है जिस गति से नशा समाज को विनाश की गर्त में ले जा रहा है उससे तो समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। प्रतिदिन नशे से होने वाली युवाओं की मौतों की खबरें और नशे की बड़ी खेप पकड़े जाने के समाचार डराते हैं। मानव समाज के अस्तित्व को खतरे में डालने वाला स्वयं मानव समाज ही है। आदमी पैसे के लालच में अंधा होता जा रहा है। एक समय था जब तम्बाकू, सिगरेट, बीड़ी और अधिक से अधिक शराब को नशा माना जाता था। आज अफीम, चरस, गांजा, कोकीन, चिट्टा और न जाने कौन-कौन से नये नामों के साथ नशा समाज में तबाही मचा रहा है। इस धंधे से होने वाली बेपनाह कमाई के लालच में लोग इस दलदल में फंसते हैं और जो फंस गये वे फिर निकल नहीं पाते। वैसे ही बेईमानी का धन कमाने में पुलिस प्रशासन और अन्य एजेंसियां, जिन को इस पर नियंत्रण करना है, वो भी रिश्वत के चक्कर में आंखें मूंद लेते हैं। इसका भयंकर परिणाम यह हो रहा है कि छोटे बच्चे, विद्यार्थी और युवा नशेड़ी बन जाते हैं। परिवार नियोजन के कारण बहुत सारे परिवारों में एक ही बच्चा, लड़का या लड़की होती है और वह मासूम जब नशे की लत का शिकार हो जाते हैं तो मां-बाप की जिंदगी वैसे ही नरक बन जाती है। यदि युवा पीढ़ी नशेड़ी होगी तो न सेना के लिये न वीर सैनिक मिलेंगे। न पुलिस प्रशासन में स्वस्थ जागरूक कर्मचारी, अधिकारी मिल पायेंगे। इससे कृषि क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र और सेवाओं का क्षेत्र भी अछूता नहीं बचेगा। नशे का यह जहर सारे समाज को खोखला करके समाप्त कर देगा। ऐसे में प्रश्न उठता है कि करें क्या? इस संकट को दूर करने के लिए कोई बाहर से आकर समाधान नहीं निकालेगा। हमें यानी हर नागरिक को अपने परिवार के प्रति, समाज के प्रति और राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाना होगा। कुछ समय से मैं देख रहा हूं कि परिवार की परिभाषा पति, पत्नी और बच्चों तक ही सीमित हो गई है। समाज के अन्य लोगों का सुख-दुख हमारा अपना नहीं होता। इसी प्रकार से हमारा सुख-दुख समाज के लोगों का नहीं होता। इसी कारण मनुष्य कष्ट या समस्या के समय सामाजिक प्राणी होते हुए भी अपने आप को अकेला पाता है। कुछ समय पहले तक किसी का भी बच्चा अगर सिगरेट, बीड़ी या शराब आदि का नशा करते किसी को मिलता था तो प्रत्येक व्यक्ति अपना सामाजिक दायित्व समझते हुए उसे रोकता था। उसके परिवारजनों को सूचना देता था तो एक प्रकार से कुरीतियों पर दुष्प्रभावों पर पारिवारिक नियंत्रण के साथ सामाजिक नियंत्रण भी होता था। नशे की बात हो, महिलाओं से छेड़छाड़ की बात हो या कोई दुर्घटना हो जाय तो आंख बचाकर निकलने में ही

**प्रतिदिन नशे से होने वाली युवाओं की मौतों की खबरें और नशे की बड़ी खेप पकड़े जाने के समाचार डराते हैं। मानव समाज के अस्तित्व को खतरे में डालने वाला स्वयं मानव समाज ही है। आदमी पैसे के लालच में अंधा होता जा रहा है।**

## इन दिनों

भलाई समझी जाती है। इसलिए पहले तो सभी अपना पारिवारिक दायित्व निभाएं केवल बच्चे पैदा करना ही अपना दायित्व न समझें बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार देना, बच्चों को समय देना और समाज को सुसंस्कृत, सभ्य नागरिक देना भी सभी का दायित्व है। सामाजिक दायित्व को समझते हुए उसके खिलाफ खड़े होने का नैतिक साहस अपने अंदर पैदा करें और सामाजिक दायित्व को निभायें। गलत किसी के साथ भी हो रहा है तो उसके खिलाफ आवाज उठायें। परिवार और समाज के साथ सरकार पर भी बहुत बड़ा दायित्व आता है। इन बुराइयों को कुचलने के लिए सरकार को सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। इसमें वर्तमान कानूनों में अगर किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो केंद्र और प्रदेश की सरकारें मिलकर सख्त कानून बनायें। पुलिस प्रशासन के लोग अकसर यह शिकायत करते हैं कि हम तो केस पकड़ते हैं लेकिन अदालत से लोग छूट जाते हैं क्योंकि पकड़ी गई नशे की खेप की मात्रा कम होती है। तो क्या अपराधी इतनी कम मात्रा में लाते हैं या पकड़ने वाले पकड़ी गई खेप की मात्रा कम दिखाते हैं। इसलिए सख्त कानून की आवश्यकता केवल धन के लालच में लगे समाज विरोधी ड्रग तस्करों के लिए नहीं अपितु इसे बनाने वालों, तस्करी करने वालों, नशा फैलाने वालों, प्रयोग करने वालों और पुलिस प्रशासन तथा राजनीतिक संरक्षण देने वालों समेत सब के लिये सख्त कानून की आवश्यकता है। इसके लिए सब को इन सभी समाजविरोधी गतिविधियों में संलिप्त सभी लोगों के विरुद्ध सख्त दृष्टिकोण अपनाना होगा और सामान्य कानूनों के तहत मिलने वाले संरक्षण से इन्हें बाहर रखना होगा। मुझे याद है 1995 में संसद की 'पर्यटन और परिवहन' की स्थाई समिति के सदस्य के तौर पर सिंगापुर जाने का अवसर मिला। उन दिनों अमेरिका के दो नागरिक नशे की तस्करी के आरोप में सिंगापुर में पकड़े गये थे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने उन्हें छुड़ाने के भरसक प्रयास किये लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री ली ने एक न सुनी और तीस लाख की आबादी वाले सिंगापुर ने दुनिया के सबसे ताकतवर देश के नशे के दो तस्करों को अपने देश के कानून के अनुसार फांसी पर लटका दिया। क्या 140 करोड़ की आबादी वाला नया भारत और यहां के विभिन्न दलों के शासक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नशे के इस कैंसर से देश को मुक्त करने की इच्छाशक्ति दिखायेंगे और विश्वशिक्त बनने वाला भारत 'नशा मुक्त' भी होगा? यही हमारी सबसे बड़ी परीक्षा है और पास कर ली तो सबसे बड़ी उपलब्धि भी होगी। **(लेखक, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने छठ पूजा की पौराणिक कथा*

***एक*** पौराणिक लोककथा के अनुसार लंका विजय के बाद राम राज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की। सप्तमी को सूर्योदय के समय पुनः अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। सबसे पहले सूर्य पुत्र कर्ण ने सूर्य देव की पूजा शुरू की। कर्ण भगवान सूर्य का परम भक्त था। वह प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देता था। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बना था। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही पद्धति प्रचलित है। कुछ कथाओं में पांडवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा भी सूर्य की पूजा करने का उल्लेख है। वे अपने परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी उम्र के लिए नियमित सूर्य पूजा करती थीं। एक कथा के अनुसार राजा प्रियवद को कोई संतान नहीं थी, तब महर्षि कश्यप ने पुत्रेष्टि यज्ञ कराकर उनकी पत्नी मालिनी को यज्ञाहुति के लिए बनाई गई खीर दी। इसके प्रभाव से उन्हें पुत्र हुआ परंतु वह मृत पैदा हुआ। प्रियवद पुत्र को लेकर श्मशान गये और पुत्र वियोग में प्राण त्यागने लगे। उसी वक्त भगवान की मानस कन्या देवसेना प्रकट हुई और कहा कि सृष्टि की मूल प्रवृत्ति के छठे अंश से उत्पन्न होने के कारण मैं षष्ठी कहलाती हूं। राजन तुम मेरा पूजन करो तथा और लोगों को भी प्रेरित करो। राजा ने पुत्र इच्छा से देवी षष्ठी का व्रत किया और उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। यह पूजा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को हुई थी। मूलतः सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। यह पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है।

**(क्रमशः)**

# वर्धा विश्वविद्यालय में गांधी के नाम पर तिजारत




के. विक्रम राव

***कामसूत्र*** पर साधु समाज में चर्चा। निजी पूंजी की श्रेष्ठता पर माओवादी सभा में गोष्ठी। क्या अभिप्राय होता है ? ठीक ऐसा ही हुआ 25 अक्टूबर को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (वर्धा) में। यहां ब्रिटिश नृशंस उपनिवेशवादी थॉमस मैकाले की 223वीं जयंती मनाने की तैयारी की गई। कार्यभारी कुलपति दलित प्राध्यापक लेल्ला कारुण्यकर ने यह सब रचा। वे अंबेडकर दलित अध्ययन केंद्र के निदेशक भी हैं। तेलुगुभाषी हैं। लखनऊ में भी रहे हैं। भला हो राष्ट्रवादी छात्रों का जिन्होंने बवंडर उठाया कि भारतीय शिक्षा पद्धति के घोर शत्रु और नाशक मैकाले की जन्मगांठ बापू की संस्था में न मने ? मानो कृष्ण मंदिर में गौ हत्या होने से बच गई। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कादर नवाज खान ने तत्काल नोटिस द्वारा प्रो. कारुण्यकर को निर्देश दिया कि भारतीय संस्कृति, दृष्टि और भावना के विपरीत रहे मैकाले की जयंती कदापि न मनाई जाय। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 से ऐसा समारोह तालमेल नहीं रखता। शायद ही भारत का कोई शिक्षा संस्थान है जिसका इतना सीधा नाता राष्ट्रपिता से रहा हो तथा जहां नीति गांधीवादी चिंतन, नीति, कार्य, निर्णय और व्यवहार के सरासर प्रतिकूल ऐसा हुआ हो। इस विश्वविद्यालय की स्थापना भारत सरकार ने सन 1996 में संसद द्वारा पारित एक अधिनियम द्वारा की थी। मगर यह शिक्षा संस्थान कम्युनिस्ट और कांग्रेस सत्तावानों की कुटनीतियों का केंद्र रहा। जब रिटायर्ड पुलिसवाले वीएन राय इसके कुलपति नामित हुए तो इसमें बिना अर्हता, योग्यता और अमान्य लोगों की कई नियुक्तियां की गईं। अतः उनके जाते ही, वे सब हटा दिये गये। इस विश्वविद्यालय के कुलपति रहे प्रकाण्ड विद्वान पं. गिरीश्वर मिश्र जी ने इन घटनाओं पर क्षोभ तथा विषाद व्यक्त किया है। उनके अग्रज स्व. पं. विद्यानिवास मिश्र जी नवभारत टाइम्स के संपादक रहे हैं। इस समस्त प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच मोदी काबीना के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल करनी चाहिए। समस्त वित्तीय अनियमिततायें, प्रशासनिक धांधलियां, यौन शोषण प्रकरण, पद का दुरुपयोग, भाई-भतीजावादी नियुक्तियों आदि की पड़ताल हो। यहां बापू के नाम पर तिजारत हुई। बुनियादी शिक्षा पद्धति का सेवाग्राम एक प्रस्थान बिंदु रहा। गांधीजी ने 23 अक्टूबर 1937 को 'नयी तालीम' की योजना बनायी थी जिसे राष्ट्रव्यापी व्यावहारिक रूप दिया जाना था। उनके शैक्षिक विचार समकालीन शिक्षाशास्त्रियों के विचारों से मेल नहीं खाते थे। इसलिये उनके विचारों का विरोध हुआ। गांधीजी ने कहा था कि नयी तालीम का विचार भारत के लिए उनका अन्तिम एवं सर्वश्रेष्ठ योगदान है। गांधीजी के लम्बे समय तक विचारों के गहन मंथन के परिणामस्वरूप नयी तालीम का दर्शन एवं प्रक्रिया का प्रादुर्भाव हुआ। दुर्भाग्यवश इस कल्याणकारी शिक्षा-प्रणाली का राष्ट्रीय स्तर पर भी समुचित प्रयोग नहीं हो पाया। फलस्वरूप आजतक भारत गांधीजी के सपनों के अनुरूप सार्थक और सही स्वराज प्राप्त करने में असमर्थ रहा। देश में पूजीपतियों पर आश्रित सभी शिक्षण-संस्थाएं व्यावसायिक रूप में सक्रिय तो हैं, पर गरीबों की पहुंच से बाहर हैं। भारत की स्वाधीनता के 75 से अधिक वर्ष बीतने के पश्चात भी ऐसे बच्चों की संख्या काफी अधिक है, जिन्होंने विद्यालय के द्वार तक नहीं देखे हैं। जो विद्यालय जाने का सामर्थ्य रखते हैं, उन्हें लॉर्ड मैकाले की परम्परा से चली आ रही अंग्रेजी शिक्षा के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नहीं होता। अतः चर्चा हो मैकाले पर ही। यह राजनेता बड़ा स्पष्ट था कि भारतीय शिक्षा पद्धति ऐसी हो कि केवल ब्रिटिश राज के लिए क्लर्क, दफ्तरी, चपरासी तैयार करें। गुलाम हिंदुस्तानियों में हीन भावना भरी जाये। असली चिंतनशील मस्तिष्क के केवल मानसिक परछाइयां ही बनी रहें।

**भला हो राष्ट्रवादी छात्रों का जिन्होंने बवंडर उठाया कि भारतीय शिक्षा पद्धति के घोर शत्रु और नाशक मैकाले की जन्मगांठ बापू की संस्था में न मने ? मानो कृष्ण मंदिर में गौ हत्या होने से बच गई।**

## विश्वविद्यालय

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# राम नाम के जाप ने बदल दी राह



योगेश कुमार गोयल

***रामायण*** के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल अश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस वर्ष वाल्मीकि जयंती 28 अक्टूबर को है। मान्यता तो यह भी है कि महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में उनकी जयंती रामायण काल से ही मनाई जा रही है। सनातन धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। संस्कृत के प्रथम महाकाव्य 'रामायण' की रचना करने के कारण ही उन्हें आदिकवि कहा जाता है। वाल्मीकिकृत रामायण समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है। यह 21 भाषाओं में उपलब्ध है। यह सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूजनीय है। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक है। वाल्मीकिकृत रामायण को ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यह महाकाव्य जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है। महर्षि वाल्मीकि ने इसमें कई स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों की सटीक गणना की है। इस रामायण को वैदिक जगत का सर्वप्रथम काव्य माना जाता है, जिसमें कुल चौबीस हजार श्लोक हैं। मान्यता यह भी है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की। यही श्लोक संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई। उन्होंने नारद को बंदी बनाकर लूटने का प्रयास किया। तब नारद ने पूछा कि तुम ऐसा निंदनीय कार्य आखिर करते क्यों हो? रत्नाकर ने उत्तर दिया- अपने परिवार का पेट भरने के लिए। तब नारद मुनि ने उनसे पूछा कि जिस परिवार के लिए तुम इतने पाप कर्म करते हो, क्या वह तुम्हारे इस पाप कार्य में भागीदार बनने के लिए तैयार होंगे? इसका उत्तर जानने के लिए रत्नाकर, नारद मुनि को पेड़ से बांधकर घर पहुंचे और एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों से पूछा कि मैं डाकू बनकर लोगों को लूटने का जो पाप करता हूं, क्या तुम उस पाप में मेरे साथ हो? परिवार के सभी सदस्यों ने कहा कि आप इस परिवार के पालक हैं, इसलिए परिवार का पेट भरना तो आपका कर्तव्य है, इस पाप में हमारा कोई हिस्सा नहीं है। सभी से एक सा उत्तर सुनकर रत्नाकर उदास हुए और नारद मुनि के पास पहुंचकर उनके पैरों में गिर पड़े। तत्पश्चात नारद ने रत्नाकर को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। रत्नाकर ने उनसे अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा तो नारद मुनि ने उन्हें 'राम' नाम जपने की सलाह दी लेकिन रत्नाकर ने कहा कि मुनिवर! मैंने जीवन में इतने पाप किये हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप हो ही नहीं पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें 'मरा-मरा' का जाप करने को कहा और इस प्रकार 'मरा-मरा' का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप 'राम' नाम का जाप होने लगा। राम नाम में वह इस कदर लीन हो गये कि एक तपस्वी के रूप में ध्यानमग्न होकर वर्षों तक घोर तपस्या करने के कारण उनके शरीर पर चीटियों की बांबी लग गई। ऐसी कठोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गये। कुछ पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया, जिन्हें महर्षि वाल्मिकी द्वारा ज्ञान दिया गया। पहली बार सम्पूर्ण रामकथा लव-कुश ने ही भगवान श्रीराम को सुनाई थी। यही कारण है कि वाल्मीकि कृत रामायण में लव-कुश के जन्म के बाद का वृत्तांत भी मिलता है।

**वाल्मीकिकृत रामायण समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है। यह सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूजनीय है। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक है।**

## धर्म

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मलेरिया से रिकवरी के लिए दवा के साथ इन जरूरी बातों का भी रखें ध्यान




ज्यादातर लोग मलेरिया के इलाज को मेडिकल देखभाल तक सीमित कर देते हैं, परंतु यदि आप इसे जल्दी रिकवर करना चाहती हैं, तो दवाइयों के साथ-साथ आपको घर पर खुद से उचित देखभाल करने की आवश्यकता होती है। मलेरिया एक बेहद सामान्य बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। खासकर यह उन एरिया में ज्यादा पाई जाती है, जहां पानी तथा जंगल का जमाव होता है। सीधे शब्दों में समझे तो वैसी जगह जहां मच्छर आसानी से पनप सकते हैं। मलेरिया की बीमारी महिला मच्छर के काटने से होती है। वहीं मच्छर के काटने के लगभग 6 दिनों के बाद इसके लक्षण नजर आना शुरू होते हैं और 6 से लेकर 30 दिनों तक नजर आ सकते हैं। कुछ लोगों मैं मलेरिया के लक्षण समय के साथ कम हो जाते हैं तो कुछ लोगों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकती है।

ज्यादातर लोग मलेरिया के इलाज को मेडिकल देखभाल तक सीमित कर देते हैं, परंतु यदि आप इसे जल्दी रिकवर करना चाहती हैं, तो दवाइयों के साथ-साथ आपको घर पर खुद से उचित देखभाल करने की आवश्यकता होती है। खासकर डाइट पर ध्यान देना बेहद महत्वपूर्ण है। क्या खाना है और क्या नहीं, इस बारे में आपको उचित जानकारी होनी चाहिए।

हेल्थ शॉट्स ने इस विषय पर मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के इंटरनल मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर विकास देशवाल से बात की। डॉक्टर ने डेंगू से जल्दी रिकवरी के लिए मेडिसिंस के अलावा इन खास डाइट टिप्स पर ध्यान देने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि किन चीजों से आपकी रिकवरी जल्दी होती है, और किन चीजों से आपकी रिकवरी में डिले हो सकता है।

## मलेरिया में नजर आने वाले लक्षण

**ठंड से शरीर में कंपन होना**
**हाई फीवर होना**
**असमय पसीना आना**
**उल्टी महसूस होना और उल्टी आना**
**डायरिया होना**
**सिर दर्द रहना**
**अधिक थकान महसूस होते रहना**
**बदन में ऐंठन होना**
**त्वचा का पीला पड़ जाना**
**मल में खून आना**

**क्यों होता है मलेरिया :** मलेरिया प्लाज्मोडियम पैरासाइट्स के कारण होता है। यह पैरासाइट्स इंफेक्टेड मच्छरों के काटने से फैलता है। केवल महिला मच्छर ही मलेरिया पैरासाइट्स को फैला सकती है। यह पैरासाइट्स दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में पाए जाते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ओवरलैप होते हैं और संक्रमण कितना गंभीर हो सकता है, इसके संदर्भ में भिन्न होते हैं।

## दवाइयों के अलावा मलेरिया को कैसे करना है ट्रीट

**न्यूट्रिशियस फूड्स का सेवन करें :** मलेरिया से ग्रसित व्यक्ति को बॉडी कैलोरी और पोषक तत्वों की रिक्वायरमेंट को बढ़ाने की आवश्यकता होती है। इसे बीएमआर और बॉडी मेटाबॉलिक रेट कहते हैं। इसके साथ ही मलेरिया में जब आपका बॉडी टेंपरेचर बढ़ता है, तो आपको अपनी कैलोरी इंटक को भी बढ़ा लेना चाहिए। हाई काबोर्हाइड्रेट डाइट लें, इसके साथ ही गेहूं और मिलेट्स कि जगह चावल का सेवन करें। चावल आसानी से पच जाता है और यह ऊर्जा का भी एक समृद्धि स्रोत है।

ताजे फल और सब्जियों का सेवन मलेरिया के मरीज के लिए बेहद प्रभावी रूप से कार्य करता है। वहीं स्टडी की माने तो विटामिन ए, विटामिन सी, से भरपूर चुकंदर, गाजर, पपीता, बेरीज, नींबू, संतरा बॉडी को डिटॉक्सिफाई कर इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं। जो की एक मलेरिया के मरीज के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है।

**फ्लूइड इंटेक को बढ़ाएं :** ज्यादातर लोगों को फीवर में भूख की कमी महसूस होती है, ऐसे में उनके लिए खाना खाना बहुत मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में शरीर में ऊर्जा शक्ति को बनाए रखने के लिए, ग्लूकोज वॉटर, फ्रूट जूस, कोकोनट वॉटर, नींबू चीनी पानी और इलेक्टरल वॉटर पीने से मदद मिलेगी। अपनी नियमित पानी को बॉयल करके रख लें और जब यह ठंडा हो जाए तो इसे पियें। इसके अलावा चावल और दाल का पानी भी एक अच्छा आईडिया है। शरीर में पर्याप्त मात्रा में फ्लूइड होने से बॉडी टॉक्सिंस को बाहर निकलने में मदद मिलती है, जिससे रिकवरी की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा मलेरिया की स्थिति में अजवाइन पानी का सेवन आपके लिए कमाल कर सकता है। यह ब्लोटिंग को कम कर देता है और गैस को बाहर निकालता है। साथ ही साथ पाचन प्रक्रिया को संतुलित रखता है।

**डाइट में प्रोटीन की मात्रा को बढ़ाएं :** मलेरिया के मरीज में बहुत अधिक टिश्यू लॉस होता है, ऐसे में बॉडी में प्रोटीन की मात्रा को बढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए हाई कार्बोहाइड्रेट सहित हाई प्रोटीन डाइट लेने से मदद मिलेगी। यह टिश्यू को रिपेयर कर इसे बिल्ड करने में भी मदद करते हैं। दही, लस्सी, बटर मिल्क जैसे खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करें।

**नट्स और सीड्स का सेवन करें :** मलेरिया के मरीजों को डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स के इंटक को बढ़ा लेना चाहिए। नट्स और सीड्स में फाइटोन्यूट्रिएंट्स, हेल्दी फैट और प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। इसे रोस्ट करके किसी एयर टाइट कंटेनर में पैक कर लें। जब दो मिल्स के बीच में भूख लगे तो आप रोस्टेड नट्स और सीड्स को ले सकती हैं।

## मलेरिया में बेहतर रिकवरी के लिए इन खाद्य पदार्थों से करें परहेज

हरी पत्तेदार सब्जियां, थिक स्किन वाले फल, साबुत अनाज जैसे बहुत अधिक फाइबर वाले खाद्य पदार्थों से बचें। हाई फैट वाले खाद्य पदार्थ जैसे फ्राइज, चिप्स, पेस्ट्री, बहुत अधिक पनीर वाली कोई भी चीज, मैदे से बने व्यंजन आदि से पूर्ण रूप से दूर रहें। मसालेदार या गर्म तासीर वाले भोजन से परहेज रखना जरूरी है, इससे अनावश्यक पेट संबंधी समस्याएं और सीने में जलन हो सकती है। मलेरिया के मरीज के डाइट में कभी भी सॉस और अचार जैसे खाद्य स्रोत शामिल नहीं किए जाने चाहिए। कॉफी, चाय, कोको, कोला या किसी अन्य कैफीनयुक्त पेय पदार्थ के सेवन से भी परहेज करना जरूरी है। इलेक्ट्रोलाइट्स पीने के साथ ही विटामिन की कमी पर काम करना अधिक महत्वपूर्ण है। सूप, या फलों का रस, दाल का पानी, नारियल पानी आदि पीना महत्वपूर्ण है। विटामिन सी और ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे पपीता, चुकंदर और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स वाले अन्य खट्टे खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करें, यह मलेरिया के मरीजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं।

# स्किन में जवां निखार ला सकता है चुकंदर व आंवले का जूस

**चुकंदर तो सलाद में आप खाते ही होंगें, लेकिन चुकंदर के जूस को आंवले के साथ मिलाकर इसका सेवन करने से आपको ग्लोइंग स्किन पाने में मदद मिल सकती है। इस सीजन कॉस्मैटिक्स से पहले इसे ट्राई करें।**



शादियों का सीजम शुरू होने वाला है, कोई ब्राइड टू बी होगी तो कोई ग्रूम टी बी होगा। इसके लिए आपने महंगे सैलून के सेशन भी बुक करा लिए होंगे। लेकिन सिर्फ बाहर से अगर आर गोल्डन, सील्वर, प्लैटिनम फेशियल करवाते रहेंगे तो आपको उतना निखार नहीं मिलेगा जितना आपको स्किन को अंदर से पोषण देने में मिलेगा। स्किन में निखार लाने के लिए सबसे पहले उसे आपको अंदर से पोषित करना होगा। इसमें आपकी मदद करेगा आंवले और चुकंदर का जूस।

शादी का दिन किसी के लिए बहुत बड़ा दिन होता है। ऐसे में कोई भी अपनी फोटो में खराब नहीं दिखना चाहता है। फोटो में अच्छा दिखने के लिए स्किन का अच्छा होना और अदंर से पोषित होना बहुत जरूरी है। इसलिए आपकी भी शादी है या आने वाली है तो स्किन का अंदर चुकंदर और आंवला के जूस से फेशियल करना शुरू कर दें।

## चुकंदर और आंवले का जूस स्किन को कैसे ग्लोइंग बनाता है

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :** चुकंदर और आंवला दोनों ही एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो आपकी त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। मुक्त कणों के कारण समय से पहले एजिंग आ सकता है और त्वचा बेजान हो सकती है। आंवले में विटामिन सी और चुकंदर में बीटालेंस जैसे एंटीऑक्सिडेंट, इन मुक्त कणों से लड़ने और उन्हें बेअसर करने में मदद करते है।

**विटामिन सी से भरपूर है आंवला :** किसी भी खट्टे फल में विटामिन सी होता है और खट्टेपन में आंवला की मुकाबल कोई नहीं कर सकता है। आंवला अपने उच्च विटामिन सी सामग्री के लिए प्रसिद्ध है। विटामिन सी कोलेजन उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो त्वचा की लोच को बनाए रखने और झुर्रियों को रोकने के लिए जरूरी है। यह क्षतिग्रस्त त्वचा कोशिकाओं की मरम्मत करने और अपने स्किन कांप्लेक्शन को सुधारने में मदद करता है। आंवले में विटामिन सी की उच्च मात्रा त्वचा को ग्लोइंग और एक समान स्किन कांप्लेक्शन दे सकता है। यह हाइपरपिगमेंटेशन और काले धब्बों को कम करने में मदद कर सकता है।

**ग्लोइंग स्किन के लिए हाइड्रेशन है जरूरी :** कहा जाता है जो स्किन हाइड्रेट है वो सबसे अच्छी स्किन होती है। स्किन अगर हाइड्रेटिड है तो एजिंग के लक्षण भी देर से आते है। चुकंदर और आंवले का रस त्वचा को हाइड्रेशन देने में मदद करता है। अच्छे, ग्लोइंग कांप्लेक्शन के लिए स्किन के अच्छे तरीके से हाइड्रेट होना जरूरी है। जब आपकी त्वचा अच्छी तरह से हाइड्रेटेड होती है, तो यह सॉफ्ट और अधिक ग्लोइंग दिखाई देती है।

चुकंदर अपने डिटॉक्सिफिकेशन गुणों के लिए जाना जाता है। यह शरीर से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे त्वचा साफ और स्वस्थ हो सकती है। जब आपका शरीर डिटॉक्सिफिकेशन करता है, तो यह आपकी त्वचा की में साफ तौर पर दिख सकता है।

**रक्त परिसंचरण में सुधार :** चुकंदर में नाइट्रेट होते हैं जो रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करने और रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। बेहतर रक्त प्रवाह का मतलब है कि त्वचा को अधिक पोषक तत्व और ऑक्सीजन मिलते हैं, जिससे त्वचा स्वस्थ और चमकदार होती है।

❖ संध्या सिंह

# सर्दी-जुकाम के हमले से बचना है तो इन आयुर्वेदिक नुस्खों पर करें भरोसा

मौसम बदलते ही हमें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गर्मी से सर्दी की ओर मौसम का बदलाव होने पर सर्दी-जुकाम, अलर्जी और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बिना किसी साइड इफेक्ट के आयुर्वेद ही शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आयुर्वेद न केवल कई बीमारियों का इलाज करता है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम में भी मदद करता है। एक्सपर्ट से जानते हैं कि कैसे आयुर्वेद मौसम में आये बदलाव के कारण हुए सर्दी जुकाम और एलर्जी की समस्या से राहत दिलाता है।

**कैसे आयुर्वेद मदद करता है :** आयुर्वेद के अनुसार, जीवन की तीन प्राथमिक शक्तियों, जिन्हें दोष कहते हैं- वात, पित्त और कफ मन और शरीर को प्रभावित करते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इन तीनों दोषों को संतुलित करना बहुत अधिक जरूरी है। पोषक तत्वों से भरपूर और पौष्टिक भोजन से ही ये दोष संतुलित होते हैं। मौसम बदलने पर विशेषज्ञ बताती हैं कि खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, एलर्जी और कमजोर प्रतिरक्षा के लिए सुपर प्रभावी आयुर्वेदिक टिप्स हैं।



## आयुर्वेदिक होम रेमेडीज

**गोल्डन हल्दी दूध :** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. चैताली राठोड़ अपने इन्स्टाग्राम पोस्ट में बताती हैं, ह्य एक कप गाय का दूध उबाल लें। इसमें 1 इंच कच्ची हल्दी और 1 इंच ताजी अदरक को कुचल लें। सूखी अदरक और दालचीनी का एक छोटा टुकड़ा और काली मिर्च डालें। इसे 5 मिनट तक उबालें। फिर कप में छान लें और पियें। 1 कप नियमित रूप से पीने पर इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

**मुलेठी की चाय :** डॉ. चैताली राठोड़ बताती हैं कि मुलेठी की चाय से एलर्जी दूर होती है और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इसके लिए1 छोटा कप उबला हुआ पानी लें। इसमें 2-3 ग्राम मुलेठी पाउडर अच्छी तरह मिलाएं। इसे घूंट-घूंट करके पियें। यदि आप डायबिटीज की मरीज हैं, तो परहेज करें।

**आयुर्वेदिक इम्यून शॉट्स :** हल्दी, सोंठ, शहद से तैयार आयुर्वेदिक इम्यून शॉट्स कफ और जुकाम से मुक्ति दिलाता है। इसके लिए हल्दी आधी छोटी चम्मच, सोंठ - 1/4 छोटी चम्मच सोंठ, 1 बड़ा चम्मच शहद लें। इन सभी सामग्रियों को एक छोटी कटोरी में मिला लें। और इसे दिन में एक या दो बार कच्चा खाना है।

**स्टीम लेना :** डॉ. चैताली राठोड़ के अनुसार, यदि एलर्जी या सर्दी-जुकाम के कारण नाक बंद हो गई है, तो राहत पाने के लिए स्टीम लेना सबसे बढ़िया तरीका है। इसमें कुछ हर्ब भी डाल लें। अजवाइन, तुलसी के पत्ते, हल्दी पाउडर, अदुर्सी के पत्ते डाल लें। इसमें पुदीने के पत्ते, दालचीनी का छोटा टुकड़ा, 1-2 बूंदें नीलगिरी तेल भी डाल सकती हैं।

**गर्म पानी पिएं :** गर्म पानी पीने से कफ दूर करने में मदद मिलती है। गर्म पानी से बोवेल मूवमेंट में भी मदद मिलती है।

**आसानी से पचने वाले भोजन खाएं :** फाइबर वाले फूड से भोजन को पचाने में आसानी होती है। यदि आप एलर्जी और सर्दी जुकाम से परेशान हैं, तो इस समय हमारी पाचन अग्नि सबसे कम होती है। इसलिए पेट को हल्का और ताजा भोजन खिलाएं।

❖ स्मिता सिंह

## सूडोकु नवताल- 6866

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6865 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**28 अक्टूबर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.36 ब.से |
| चंद्र | मेष में | धनु | 09.52 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 11.57 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.44 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 15.17 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मेष | 16.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.27 बजे से |
| राहु | मेष में | मिथुन | 20.25 बजे से |
| केतु | तुला में | कर्क | 22.39 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.55 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कन्या | 03.07 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.18 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 301 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 07.31 बजे तदनन्तर अश्विनी 05.54 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** वज्र 22.52 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.04 बजे तदनन्तर बव 01.54 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 57' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871780 **जूलियन दिन** 2460245.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 12 **विशेष** अश्विन पूर्णिमा, कोजागरा पूजा, शरद पूर्णिमा, चंद्र ग्रहण, वाल्मीकि जयंती, मीराबाई जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7928

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

**शब्द पहेली -7927 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | ध | न | ■ | आ | द | मी | ■ |
| क | द | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ल |
| त | ■ | ■ | क | या | म | त | ■ | जा |
| रा | य | ता | ■ | र | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | क | ला | ■ | आ | स | ■ | ■ |
| प | का | ना | ■ | मा | ■ | ना | का | म |
| ना | ■ | ■ | भ | न | क | ■ | ■ | न |
| ह | त्या | ■ | व | ■ | स | ■ | म | न |
| ■ | ग | ल | न | ■ | र | ट | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृष राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मिथुन राशि :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क राशि :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह राशि :** कुछ कार्य भी सिद्धि होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कुंभ राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।




# भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करेगा : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में तेजी से बदलती दुनिया के समय में आयोजित यह कार्यक्रम करोड़ों लोगों का भविष्य बदलने की क्षमता रखता है। एक समय था जब हम भविष्य की बात करते थे, तो उसका अर्थ अगला दशक, 20-30 साल का समय या फिर अगली शताब्दी होता था। आज हर दिन टेक्नोलॉजी में तेजी से होते परिवर्तन के कारण हम कहते हैं कि भविष्य यहीं और अभी है।



कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी में लगे स्टॉल्स का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी में मैंने उसी भविष्य की झलक देखी। टेलीकॉम हो, टेक्नोलॉजी हो, कनेक्टिविटी हो, 6जी हो, एआई हो, साइबर सिक्योरिटी हो, सेमीकंडक्टर हो, ड्रोन या स्पेस सेक्टर हो या फिर दूसरे सेक्टर्स, आने वाला समय बिल्कुल ही अलग होने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये हम सभी के लिए खुशी की बात है कि हमारी युवा पीढ़ी देश के भविष्य का नेतृत्व कर रही है, हमारी टेक रेवोल्यूशन को लीड कर रही है। पिछले वर्ष हम यहां 5जी रोलआउट के लिए एकत्र हुए थे। उस ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद पूरी दुनिया भारत को हैरत भरी नजरों से देख रही थी। आखिर भारत में दुनिया का सबसे तेज 5जी रोलआउट हुआ था। हम उस सफलता के बाद भी रुके नहीं। हमने 5जी को भारत के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम शुरू किया। यानी हम रोलआउट स्तर से रीच आउट स्तर तक पहुंचे। मोदी ने कहा कि 5जी के लॉन्च के एक साल के भीतर ही भारत में लगभग 4 लाख 5जी बेस स्टेशन बन गए हैं। इनसे देश के 97 प्रतिशत शहरों और 80 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या को कवर किया जा रहा है। हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं, बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में विकास का लाभ हर वर्ग, हर क्षेत्र तक पहुंचे, भारत में संसाधनों का सभी को लाभ मिले, सभी को सम्मानजनक जीवन मिले और सभी तक टेक्नोलॉजी का फायदा पहुंचे, इस दिशा में हम तेजी से काम कर रहे हैं। मेरे लिए यही सबसे बड़ा सामाजिक न्याय है। नागरिकों के लिए पूंजी तक पहुंच, संसाधनों तक पहुंच और प्रौद्योगिकी तक पहुंच हमारी सरकार की प्राथमिकता में है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत नेट प्रोजेक्ट ने अब तक करीब 2 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा है। हमारी अटल टिकरिंग लैब के पीछे भी यही विचार है। 10 हजार लैब्स के जरिए हम करीब 75 लाख बच्चों को अग्रणी तकनीक से जोड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत की सबसे महत्वपूर्ण सफलता की कहानियों में हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम भी एक महत्वपूर्ण स्थान ले चुका है। बहुत कम समय में हमने यूनीकॉर्न का शतक लगाया है और हम दुनिया के टॉप 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बने हैं। 2014 से पहले भारत के पास मात्र कुछ सौ स्टार्टअप थे। अब ये संख्या 1 लाख के आसपास पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन सिर्फ अपनी घरेलू डिमांड ही नहीं बल्कि दुनिया की जरूरत पूरी करने के मिशन पर आगे बढ़ रहा है।

## रोजगार मेला : मोदी आज 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर 1 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नवनियुक्त 51,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में शामिल होंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तीकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर कुलपतियों का सम्मेलन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन पर पश्चिमी जोन के कुलपतियों के सम्मेलन में शामिल हुए। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी इस अवसर की मौजूद थे। यहां धर्मेंद्र प्रधान ने एनईपी-2020 के जमीनी कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए इस प्रथम जोन-स्तरीय सम्मेलन के आयोजन सराहना की। उन्होंने कहा कि एनईपी-2020 जो 2022 में काशी में गंगातट पर शिक्षा समागम से शुरू हुई, आज नर्मदा के पठार पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन तक पहुंची है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए दृष्टिकोण, रोडमैप एवं रणनीतियों को स्पष्ट करने की यह यात्रा भारत का उज्जवल भविष्य निर्मित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। इस एनईपी के प्राथमिकता वाले क्षेत्र भारतीय भाषा, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल, रोजगार और उद्यमिता शिक्षा हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह क्षेत्रीय सम्मेलन एक नई संस्कृति के विकास और बहु-विषयक शिक्षा की सर्वोत्तम पद्धतियों, एक से अधिक बार प्रवेश-निकास और प्रभावी एनईपी कार्यान्वयन के जरिए सभी के लिए समान अवसरों की राह बनाएगा। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह क्षेत्रीय सम्मेलन एनईपी के कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर विचार-विमर्श कर रहा है, विशेष रूप से शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षा में स्किल प्रदान करने का इकोसिस्टम, अनुसंधान, शिक्षा में नवाचार और उद्यमिता, भारतीय ज्ञान परंपरा तथा अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे क्षेत्रों पर।



## गागर में सागर

### पाकिस्तान ने अरनिया सेक्टर में दागे गोले, भारत ने दिया माकूल जवाब

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अरनिया सेक्टर की सभी आठ बॉर्डर आउटपोस्ट पर गुरुवार देररात जमकर गोलीबारी हुई है। पाकिस्तान ने यहां रिहायशी इलाके में गोले दागे। भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई पोस्ट तबाह हो गईं। लगभग पांच-सात रेंजरों के भी मारे जाने की सूचना है। इस गोलीबारी में बिक्रम पोस्ट पर तैनात कर्नाटक के जवान बसपाराज के पैर और हाथों में शेल के स्पिलिंटर लगे हैं। जब्बोवाल पोस्ट पर जवान के पैर में गोली लगी है। दोनों को जम्मू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। चार नागरिक भी घायल हुए है। उनका उपचार भी अस्पताल में जारी है। रिहायशी क्षेत्रों अरनिया, सुचेतगढ़, सई, जब्बोवाल व त्रेवा में पाकिस्तान के 25 से ज्यादा मोर्टार शेल गिरे हैं। भारी गोलीबारी के चलते बीएसएफ ने पूरे इलाके में हाई अलर्ट कर दिया है। बीएसएफ ने बॉर्डर क्षेत्र के लोगों को अपने घरों में रहने की हिदायत दी है। साथ ही अरनिया सहित सीमा क्षेत्र में हाईअलर्ट कर दिया है। पुलिस ने सीमा की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग करके वाहनों की तलाशी शुरू की है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री बबनराव का निधन



**मुंबई।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री बबनराव दादाबा ढाकने (87 वर्ष) का गुरुवार को देर रात अहमदनगर जिले के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। निमोनिया के चलते बबनराव ढाकने पिछले कुछ दिनों से अहमदनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में बेटा प्रतापराव ढाकने, बहू और पोते-पोतियां हैं। शनिवार दोपहर 1 बजे पगोरी पिंपलगांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बबनराव ढाकने का जन्म 10 नवंबर, 1937 को महाराष्ट्र के अकोला में हुआ था। अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत बबनराव ढाकने ने बाजार समिति के माध्यम से की। इसके बाद वह एक के बाद एक पंचायत समिति, जिला परिषद, विधानसभा और लोकसभा जैसी सफलता की सीढियां चढ़ते गए। वह एक संघर्षशील और आक्रामक राजनीतिक नेता के रूप में जाने जाते थे।

# देश में आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का होगा अहम रोल : शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले दिनों में देश की आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का एक अहम रोल होने वाला है। इसी को देखते हुए मोदी सरकार ने 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की। इसका उद्देश्य देश की पुलिस सेवाओं को टेक्नोलॉजी की दृष्टि से विश्व में सबसे सुसज्जित बनाना, पुलिसिंग में और देश की आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाना और पुलिस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपराधियों से हमेशा दो कदम आगे रहे, ऐसी व्यवस्था करना है। शाह ने शुक्रवार को हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड के निरीक्षण के बाद 75वें बैच को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां से दीक्षित हो रहा 75 आरआर बैच का बहुत महत्व है, क्योंकि जब देश आजादी की शताब्दी मनाएगा तब आप लोग पुलिस व्यवस्था में 25 वर्ष की सेवा के बाद नेतृत्व कर रहे होंगे और देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी आपके हाथों में होगी।



आप इस मौके को अपने परिश्रम, निष्ठा, बलिदान और देश के प्रति समर्पण से इसे और ऐतिहासिक बनाएं। शाह ने कहा कि 75 आरआर बैच में 175 प्रशिक्षु अधिकारियों में 34 महिला अधिकारी हैं, जो अब तक सबसे बड़ा महिला भागीदारी का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ हमने जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी अपनाई है। अब हमें इससे आगे बढ़कर जीरो टॉलरेंस स्ट्रेटेजी और जीरो टॉलरेंस एक्शन की ओर जाना है। अब समय है हमें रिएक्शन, रेस्पांस पुलिसिंग से आगे बढ़कर प्रिवेंटिव पुलिसिंग, प्रेडिक्टिव पुलिसिंग और प्रो-एक्टिव पुलिसिंग की तरफ जाना होगा।

# मुख्तार अंसारी गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार दस साल की जेल

**एजेंसी। गाजीपुर**



माफिया मुख्तार अंसारी और उसके एक सहयोगी को गैंगस्टर एक्ट में न्यायालय द्वारा दोषी करा देते हुए बीते दिनों फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसी मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। उसके साथी को 5 साल की सजा और दो लाख जुर्माना लगाया है। गैंगस्टर मामले में आरोपी अंसारी और उसके शार्गिद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ, जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था। वर्ष 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। 7 अक्टूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्टूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। 17 अक्टूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी व सोनू के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने फैसले के लिए तिथि नियत की थी। न्यायालय ने 26 अक्टूबर की शाम चार बजे निर्णय सुनाते हुए मुख्तार अंसारी और सोनू को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाया। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई और सजा निर्धारण के लिए 27 अक्टूबर की तिथि तय की थी।

# यूपी के मिजार्पुर में बस पलटने से पांच की मौत, 26 घायल

**मिजार्पुर।** उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर में शुक्रवार को बस पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस ने दी। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मिजार्पुर स्थित संत नगर थाना क्षेत्र में सवारियों को लेकर जा रही प्राइवेट बस पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत की हो गई है। 26 लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि बस में कुल 31 लोग सवार थे। यात्रियों के अनुसार बस जैसे ही हलिया ददरी मार्ग के ददरी बंधा मोड़ पर पहुंची कि तेजगति होने के कारण अनियंत्रित होकर पटलते हुए सड़क किनारे गोते लगाते हुए बंधी के पास पहुंच गई। इससे उसमें सवार यात्री घायल होकर शोर मचाने लगे। बस के पलटने से यात्री दब गए। चीख पुकार मच गई।

# राजस्थान के सीएम गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को राहत

**एजेंसी। जयपुर**

ईडी ने विदेशी मुद्रा कानून के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को 30 अक्टूबर तक का समय दिया है। उन्हें दिल्ली स्थित कार्यालय में शुक्रवार को बुलाया गया था। वैभव ने 15 दिन का और समय मांगा था। हालांकि, जांच एजेंसी ने उन्हें सिर्फ चार दिन का समय दिया है। ईडी ने गुरुवार को विदेशी मुद्रा कानून के कथित उल्लंघन से संबंधित मामले में पूछताछ के लिए वैभव गहलोत को समन जारी किया था। समन मिलने के बाद वैभव गहलोत ने ईडी के समक्ष पेश होने के लिए नई तारीख मांगी और तर्क दिया कि ईडी जांचकताओं को दस्तावेज सौंपने के लिए 2011 से अब तक के दस्तावेज इकट्ठा करने होंगे। इस संबंध में हुई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि साल 2011 में होटल के 2500 शेयर खरीदकर मॉरीशस स्थित फर्म से ट्राइटन होटल्स को फंड डायवर्ट किया गया था।

## वाणी सरार्जू राव होंगी इटली में भारत की अगली राजदूत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव वाणी सरार्जू राव को इटली में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार वह जल्द ही कार्यभार संभालेंगी। वाणी राव भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की अधिकारी हैं। वह अगस्त 2020 की शुरूआत में संयुक्त सचिव के रूप में विदेश मंत्रालय में अमेरिका डिवीजन में शामिल हुईं। वह 2017 से 2020 तक फिनलैंड और एस्टोनिया में राजदूत और संयुक्त सचिव (प्रवासी भारतीय मामले) थीं। उन्होंने 2011 से 2014 तक मिशन के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया और भारतीय दूतावास, इजराइल में वाणिज्यिक विंग का नेतृत्व किया।






## फिल्म 'रामायण' में हनुमान के किरदार में दिखेंगे सनी देओल, 45 करोड़ पर हुए तैयार

बॉलीवुड के प्रिय अभिनेताओं में शुमार सनी देओल ने तीन दशक में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। कुछ महीने पहले रिलीज हुई सनी देओल की 'गदर-2' ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। अब खबर आई है कि सनी देओल नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में हनुमान का किरदार निभाएंगे। कहा जाता है कि इस रोल के लिए सनी ने काफी बड़ी रकम ली है। जानकारी के अनुसार फिल्म 'रामायण' में 'हनुमान' के किरदार के लिए सनी देओल को कास्ट किया गया है। खबर है कि हनुमान के किरदार के लिए सनी ने 45 करोड़ की रकम चार्ज की है। कुछ दिनों पहले उन्होंने 'रामायण' से जुड़ी एक फिल्म में काम करने की इच्छा भी जताई थी। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर प्रभु राम और सीता के किरदार में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी नजर आएंगी। सीता के रोल के लिए पहले आलिया भट्ट के नाम पर चर्चा चल रही थी, लेकिन किसी वजह से उन्होंने इस फिल्म से नाम वापस ले लिया है। कहा जा रहा है कि 'केजीएफ' फेम एक्टर यश रावण का किरदार निभाएंगे।



## मामी फेस्टिवल के लिए मुंबई पहुंचीं 'देसी गर्ल'



**"ग्लोबल स्टार"** प्रियंका चोपड़ा कई महीनों के बाद मुंबई आई हैं। आज सुबह पपराजी ने उन्हें एयरपोर्ट पर देखा। बहन परिणीति चोपड़ा की शादी में प्रियंका शामिल नहीं हुईं लेकिन अब वह मामी फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंची हैं। यह फेस्टिवल आज से शुरू हो रहा है और यह फिल्म फेस्टिवल 5 नवंबर तक चलने वाला है। प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक ब्लैक क्रॉप टॉप, ग्रे पैंट, ब्लैक जैकेट था। साथ ही गले में "मालती" नाम का पेंडेंट भी आकर्षक था। जैसे ही प्रियंका एयरपोर्ट से बाहर आईं, पपराजी ने उन्हें घेर लिया। नेटिजेंस ने देखा कि एक्ट्रेस इस बार थोड़ी घबराई हुई लग रही थीं। साथ ही प्रियंका को अकेले आते देखा गया और उनके साथ बेटी मालती मैरी नहीं होने से प्रशंसक निराश हो गए।

## 'टाइगर 3' की हॉलीवुड अभिनेत्री मिशेल ली ने कहा, फिल्म का टॉवल सीक्वेंस चुनौतीपूर्ण था

**फाइट** सीक्वेंस में हॉलीवुड अभिनेत्री मिशेल ली सलमान खान की आगामी 'टाइगर 3' में अभिनेत्री कैटरीना कैफ के साथ एक्शन करती नजर आएंगी।

ली ने 'ब्लैक विडो' में स्कारलेट जोहानसन, 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में जॉनी डेप, 'बुलेट ट्रेन' में ब्रैड पिट और 'वेनोम' में टॉम हार्डी के साथ अभिनय किया है। ली ने खुलासा किया कि कैटरीना और उन्होंने हमाम में सीन शूट करने से पहले दो सप्ताह से अधिक अभ्यास किया था।



उन्होंने कहा, जब हम इसकी शूटिंग कर रहे थे तो मुझे लगा कि सीन बहुत भव्य होगा। हमने कुछ हफ्तों तक फाइट सीखी और अभ्यास किया और फिर इसे शूट किया। सेट डिजाइन बिल्कुल भव्य था और फाइट वास्तव में मजेदार थी। यह एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पर होना अद्भुत था।

ली ने अभिनेत्री कैटरीना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एक्शन दृश्यों को बेहतर बनाने के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, कैटरीना शालीन और पेशेवर थीं। उन्होंने इसे सटीक बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## महोत्सव 'मेरी माटी मेरा देश' के समापन समारोह में बहादुरों को श्रद्धांजलि देंगे पीएम

# 'मेरा युवा भारत' की भी होगी शुरूआत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ/विजय चौक पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में 766 जिलों के 7000 ब्लॉकों से अमृत कलश यात्री भी उपस्थित होंगे। इस समापन समारोह के लिए 8500 से अधिक कलश 29 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के समापन का भी प्रतीक होगा। आपको बता दें कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पिछले दो सालों में दो लाख से अधिक कार्यक्रम भारत के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में स्वायत्त निकाय मेरा युवा भारत (माय भारत) की भी शुरूआत होगी, जो युवा आधारित विकास पर सरकार का ध्यान केंद्रित करेगा और युवाओं को विकास का एक्टिव ड्राइवर बनाने में मदद भी करेगा। इस स्वायत्त निकाय का उद्देश्य युवाओं को सामुदायिक परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निर्माता बनने के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य कर सकें।

कर्तव्य पथ/विजय चौक पर आयोजित इस दो दिवसीय मेरी माटी मेरा देश अभियान के समापन समारोह में भाग लेने के लिए 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 हजार से अधिक अमृत कलश यात्री विशेष रूप से समर्पित ट्रेनों, बसों और स्थानीय परिवहन जैसे विभिन्न साधनों से 29 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे। ये अमृत कलश यात्री दो शिविरों- गुड़गांव में धनचिरी शिविर और दिल्ली में राधा स्वामी सत्संग ब्यास शिविर में रूकेंगे।

### ये है कार्यक्रम की रूपरेखा

30 अक्टूबर को, सभी राज्य अपने-अपने ब्लॉक और शहरी स्थानीय निकायों का प्रतिनिधित्व करते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाते हुए अपने कलश से मिट्टी को एक विशाल अमृत कलश में डालेंगे। अमृत कलश में मिट्टी डालने की रस्म के दौरान प्रत्येक राज्य के लोकप्रिय कला रूपों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा और देर शाम तक चलेगा। 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत कलश यात्रियों समेत संपूर्ण राष्ट्र को संबोधित कर उन बहादुरों को याद करेंगे, जिन्होंने भारत को स्वतंत्र रूप से सांस लेने और समृद्ध बनाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान की उपलब्धियां

आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के उपलक्ष्य में शुरू किया गया मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के वीर-वीरांगनाओं के सम्मान में शुरू किया गया अभियान है। यह अभियान देश के वीरों को नमन और देश की पवित्र मिट्टी का वंदन करता है। इस अभियान को दो चरणों में मनाया गया। पहले चरण में स्वतंत्रता सेनानियों और सुरक्षा बलों के लिए शिलाफलकम, पंच प्राण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन और वीरों का वंदन जैसी पहल शामिल थी, जो बहादुरों के बलिदान का सम्मान करती थी। अपने पहले चरण में, अभियान को भारी सफलता मिली, जिसमें 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 2.33 लाख से अधिक शिलाफलकम बनाए गए, लगभग 4 करोड़ पंच प्राण प्रतिज्ञा सेल्फी अपलोड की गईं और देश भर में 2 लाख से अधिक वीरों का वंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## लोकहित अधिकार पार्टी का सामाजिक न्याय रथ यात्रा तैयारी बैठक संपन्न

# 'पिछड़ों को हक दिलाना पार्टी की प्राथमिकता'




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भामाशाह नगर कांके होचर पंचायत सचिवालय परिसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में लोकहित अधिकार पार्टी का सामाजिक न्याय रथ यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक रखा गया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा लोकहित अधिकार पार्टी देशव्यापी निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने के साथ झारखंड सहित पूरे देश में सामाजिक न्याय एवं असंख्य दबे कुचले वंचित शोषित उपेक्षित वर्ग जिन्हें आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी राजनीतिक भागीदारी से दूर रखा गया, झारखंड के साथ पूरे देश में जाति जनगणना कराकर आबादी के अनुसार हिस्सेदारी व पिछड़ों को अपना हक दिलाना पार्टी की प्राथमिकता होगी। इसकी शुरूआत रांची जिला से एक नवंबर 2023 से लेकर 22 दिसंबर 2023 तक निरंतर सामाजिक न्याय रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में व्यापक रूप से जन संपर्क जागरूकता अभियान पार्टी के नेतृत्व में चलाया जाएगा। बैठक को जिला के मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति, जिला संयोजक अजीत कुमार साहू, लालू महतो, कुंज बिहारी, जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर दानेश्वर साहू, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, पार्वती देवी, सुग्गी देवी, कशीला देवी,सत्यानंद उरांव, बालमुकुंद मुंडा, अघनू मुंडा, उप मुखिया जितेंद्र कुमार साहू, मंत्री संजय लोहरा, संजीब घोष, विक्रम सिंह, रामसूरत साहू, देवा नायक, राजकुमार मुंडा, सुबोध कुमार, दीपक कुमार एवं राजकुमार लोहरा ने भी संबोधित किये। तैयारी बैठक में जनक महतो, बेनी साहू,मनीष कुमार नायक, मुकेश प्रजापति, रामजतन साहू, आकाश लोहरा, बाबूलाल साहू, अनिल कुमार, विजय साहू, हरि कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पृष्ठ एक के शेष

**स्थापना दिवस पर कोर्स मॉड्यूल लाने...**
इलाकों में रहने वाले गैर जनजातीय लोग भी इन भाषाओं का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन बीते 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे पर रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आईएएस-आईपीएस अफसरों से पूछा था कि आपमें से कितने लोग झारखंड की जनजातीय भाषाएं जानते हैं? किसी भी अफसर ने इस पर जवाब नहीं दिया था। तब, सीएम ने कहा था कि आप झारखंड के लोगों को एक ईमानदार और कुशल प्रशासन देना चाहते हैं तो उनकी भाषा को समझना और उसमें संवाद करना आवश्यक है। सीएम ने इसके बाद कल्याण विभाग को निर्देश दिया था कि अफसरों के लिए छह प्रमुख जनजातीय भाषाओं के पाठ्यक्रम की संरचना तैयार की जाए।

**झारखंड में ट्राइबल डिजिटल एटलस...**
मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों और संघों को संगठित करके आजीविका में सुधार समेत अन्य सुविधाओं से आच्छादित किया जा सके। विकास की लकीर खींचने का प्रयास : ट्राइबल डिजिटल एटलस कल्याण विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम चरण में सभी पीवीटीजी बस्तियों का मूल्यांकन और मैप कर डेटाबेस तैयार किया होगा। जिसके आधार पर प्रमुख सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आजीविका केंद्रित पहलों के कार्यान्वयन के लिए एक व्यापक कार्य योजना को मिशन मोड में लागू किया जाएगा। ताकि अगस्त 2024 तक राज्य में चिन्हित कुल 67,501 पीवीटीजी परिवार और 3, 705 गांवों में की करीब 2,92,359 जनसंख्या के विकास हेतु लकीर खिंची जा सके।

**विभिन्न आयामों से जोड़ने का होगा कार्य :** अति कमजोर जनजातीय समूह को एक ओर जहां सामाजिक-बुनियादी ढांचे में समाहित किया जाएगा। वहीं इनके पारंपरिक आजीविका की गतिविधियों को मजबूत करने का कार्य होगा । जेटीडीएस चने की खेती और एसएचजी और क्लस्टर आधारित एफपीसी और महिला समूहों के माध्यम से जेएसएलपीएस इसके लिए कार्य करेगा । सिदो कान्हू वनोपज फेडरेशन के माध्यम से इनके उत्पादों का बाजारों तक पहुंच बनाकर आय में वृद्धि की जाएगी। समूह में पाए जाने वाले एनीमिया, विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया और कुपोषण की व्यापकता में कमी सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा (डाकिया योजना) लाभ और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने को प्रमुखता दिया जायेगा।

**पीवीटीजी युवाओं के लिए देश का पहला निः शुल्क आवासीय कोचिंग :** मुख्यमंत्री की पहल पर असुर, कोरबा, माल पहाड़िया, बिरहोर, सबर, बिरजिया, सौर पहाड़िया जैसे आठ अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय के युवक-युवतियों के नियोजन हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग का शुभारम्भ कुछ माह पूर्व किया गया है। प्रथम चरण में 150 युवाओं को विभिन्न परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। इसमें 60 से अधिक युवतियां हैं। अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय के लिए यह देश का पहला आवासीय कोचिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है।

**संकल्प सभा आज रांची में, जेपी...**
कर तैयारियों का जायला लिया। संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम के दौरान मुख्य संबोधन राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा, वहीं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य वक्ता होंगे। सभा में प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का संबोधन भी में होगा।

**तीन दशक बाद विश्रामपुर को नया...**
संबंधी कारणों से इन दोनों ही धुरंधरों के चुनाव न लड़ने की चर्चा जोरों पर है।

**दिग्गजों के परिजनों ने क्षेत्र में बढ़ाई गतिविधि :** वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के पुत्र व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व पूर्व विधायक ददई दुबे के पोते दिव्यांशु दुबे की विधान सभा क्षेत्र में बढ़ती गतिविधि को आम जनमानस उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देख रही है। वहीं दोनों ही दलों से अन्य दावेदार भी सामने आ रहे हैं। जिसमें सीएस दुबे और कांग्रेस से प्रदेश पदाधिकारी विजय कुमार चौबे के नाम प्रमुख हैं।

**वर्ष 1962 में अस्तित्व में आया विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र :** आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए विधान सभा चुनाव में विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र लेस्लीगंज विधान सभा में शामिल था। इसमें विश्रामपुर के साथ मनातू, पाटन व पांकी विधान सभा क्षेत्र भी शामिल था। संवैधानिक प्रावधानों के तहत उस समय क्षेत्र में सामान्य व एससी-एसटी वर्ग के लिए अलग-अलग दो विधायक चयनित किये गये। पहली विधान सभा में लेस्लीगंज से सामान्य कोटे से भुवनेश्वर चौबे व एससी-एसटी कोटे से जीतू राम विधायक बने। वर्ष 1961 की जनगणना के बाद नये परिसीमन के उपरांत बिश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र अस्तित्व में आया।

**विश्रामपुर विस में...**
तीन दशक से भी अधिक समय से कांग्रेस का विधान सभा में दबदबा रहा है। किंतु पिछले दो चुनावों से उतरोत्तर कांग्रेस का ग्राफ गिरता जा रहा है। वर्ष 2014 के विधान सभा चुनाव में पहली बार मुख्य लडाई से बाहर होते हुए कांग्रेस जहां तीसरे स्थान पर खिसक गई थी। वहीं 2019 के चुनाव में तो कांग्रेस की हालत और भी खस्ता हो गई थी। पिछले चुनाव में बसपा दूसरे व निर्दलीय नरेश सिंह तीसरे स्थान पर रहे थे। चुनाव के बाद से ही नरेश सिंह ने राजद का दामन थाम लिया है। अब वे बतौर राजद प्रत्याशी क्षेत्र में अपनी गतिविधि बढ़ाये हुए हैं। एक वार्ता के दौरान नरेश सिंह ने बताया कि यदि गठबंधन के तहत सीट पार्टी के खेमे में आई तो ठीक है। अन्यथा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन में वे दोस्तान संघर्ष के लिए भी तैयार हैं। विधान सभा क्षेत्र की जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है। बहरहाल प्रमंडल की प्रमुख विधान सभा सीट पर इस बार रोचक संघर्ष की संभावना जताई जा रही है।

## दिल्ली जाने के लिए 28 अक्टूबर से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रांची।** दुर्गा पूजा के खत्म होने के बाद दिल्ली लौटने वाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हटिया से दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। रांची रेल मंडल के मुताबिक, ट्रेन संख्या 08857 हटिया नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन की यात्रा 28 अक्टूबर और ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली- रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 10 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 11 कोच, एवं रसोई यान का 01 कोच , कुल 24 कोच होंगे। 28 अक्टूबर को ट्रेन हटिया से रात 8:15 मिनट पर प्रस्थान करेगी। रांची से प्रस्थान 8:50 बजे, मुरी से प्रस्थान 10 बजे, बोकारो स्टील सिटी से प्रस्थान 11 बजे, गोमो से प्रस्थान रात बारह बजे, कोडरमा आगमन से प्रस्थान रात एक बजकर 20 मिनट पर होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रस्थान सुबह 07:55 बजे, प्रयागराज से प्रस्थान 11:55 बजे, कानपुर से प्रस्थान 2:20 मिनट पर, नयी दिल्ली आगमन रात के 11 बजे होगा। ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(जिला भू-अर्जन शाखा)

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(संशोधित 3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–जोरकट, थाना–मेदिनीनगर, थाना नं0–208
पत्रांक– 728 (A)/भू0अ0, दिनांक– 26/10/2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जोरकट | 20 | 467 | 0.2661 | टांड़ | 0.2661 | 1 | इन्द्री कुंवर पति कमेश सिंह व उपेन्द्र सिंह पि0 स्व0 भूलन सिंह, रामचरितर सिंह नावल्द मृत | दखल सैमसन कुजूर पि0 स्व0 घुरन कुजूर |
| 2 | | 55 | 372/P | 1.3060 | टांड़ | 1.3060 | 2 | गणेश सिंह पि0 स्व0 बनवारी सिंह, राजमोहन सिंह, सुखारी सिंह पि0 स्व0 युगेश्वर सिंह, टुनु सिंह, गोपीनाथ सिंह, उदय सिंह पि0 स्व0 धून सिंह, सुनिल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सरकार सिंह, पाको सिंह पि0 स्व0 बिलट सिंह | मकान टुनु सिंह, पिता स्व0 धुन सिंह मकान धर्मेन्द्र सिंह, सरकार सिंह, पिता स्व0 बिलट सिंह |
| 3 | | 33 | 514 | 0.7393 | टांड़–3 | 0.7393 | 3 | नरेश सिंह वगै0 पि0 स्व0 नकछेदी सिंह, विश्वास सिंह पि0 स्व0 अकलू सिंह | |
| 4 | | 85 | 468 | 0.3212 | टांड़–3 | 0.3212 | 4 | निर्मल साव, दिपक साव पि0 स्व0 सीताराम साव, किशोर साव, महेन्द्र साव, उमेश साव पि0 स्व0 रामवृक्ष साव, सुशीला देवी पति स्व0 राजेन्द्र साव, सुरेन्द्र साव, नागेन्द्र साव, नगु प्रसाद गुप्ता पि0 स्व0 राजेन्द्र साव, मायावती कुंवर पति स्व0 रामजीत साव | चापाकल–1 बोरिंग–1 |
| 5 | | 53 | 332/P | 0.4293 | टांड़ | 0.4293 | 5 | प्रमिला देवी पति गोपाल लाल अग्रवाल | किरानी सिंह, पिता स्व0 सागर सिंह, विवादित |
| 6 | | 96 | 511 | 0.4917 | टांड़–3 | 0.4917 | 6 | यशवंत सिंह, कृष्णा सिंह, धनंजय सिंह, संजय सिंह पि0 स्व0 परमानंद सिंह वो लीलावती देवी पिता स्व0 नेपनारायण सिंह, शिवपति देवी पिता स्व0 युगेश्वर सिंह, मनोज सिंह पि0 छत्रधारी सिंह, संजय सिंह, भीष्मनारायण सिंह पि0 स्व0 राजदेव सिंह, रघुनाथ सिंह पि0 स्व0 रीतु सिंह, सरस्वती देवी, पिता स्व0 मंगर सिंह | |
| 7 | | 17 | 533 | 0.1546 | टांड़–3 | 0.1546 | 7 | सीता देवी, पति राजकुमार सिंह | मकान विजय शंकर सिंह, पिता राजमनी सिंह भूमि एग्रीमेंट से प्राप्त है। तौल कॉटा रणधीर सिंह, पिता महेन्द्र प्रताप सिंह |
| 8 | | 36 | 333/P | 0.8900 | टांड़–3 | 0.8900 | 8 | सीताराम सिंह पि0 स्व0 महादेव सिंह, जगदीश सिंह पि0 स्व0 महादेव सिंह | |
| | | 36 | 333/P | 0.1100 | मकान | 0.1100 | | तदैव | चापाकल जगदीश सिंह |
| | | | कुल | 4.7082 | कुल | 4.7082 | | | |

नोट :– इस कार्यालय के पत्रांक– 45/भू0अ0, दिनांक– 18.01.2023 के द्वारा 3G का प्रकाशन करते हुए 3G के अनुसार मूल्यांकन तैयार कर राशि की मांग NHAI से की गई थी, जिसके पश्चात् NHAI के पत्रांक–3660, दिनांक– 10.02.2023 के द्वारा निदेशित किया गया की 3A एवं 3D तथा अंचल अधिकारी, सदर मदिनीनगर के पत्रांक–1190/दिनांक– 06.09.2023 के अनुसार कुल रकबा 13.5925 ए0 का मूल्यांकन हेतू पूर्व में प्रकाशित 3G को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः 3G प्रकाशन कर तैयार किया जाए, जिसका संशोधित 3G तैयार किया गया है।

ह0/– कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | ह0/– अपर समाहर्त्ता, पलामू। | ह0/– उपायुक्त, पलामू।
PR 310032 Palamu (23-24)_D


## हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए खेल रहे हैं आदिवासी कार्ड : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संकल्प यात्रा के अंतिम चरण में शुक्रवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा हुई। जनसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि सोरेन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए आदिवासी कार्ड खेल रहे हैं। साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन कांग्रेस के गोद में बैठकर झारखंड आंदोलन करते रहे लेकिन कांग्रेस ने अलग राज्य के सपने को साकार नहीं किया। भाजपा ने अलग राज्य झारखंड की सौगात दी। साथ ही गांव-गांव तक सड़क नदी नालियों पर पुल पुलिया बनाने व गांव गांव तक बिजली की व्यवस्था दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बने पुल पुलिया और सड़कों का रिपेयरिंग भी हेमंत सरकार नहीं करवा पा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करण भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। हेमंत सोरेन भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में लगे हैं। ईडी ने दर्जनों बार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा को लिखा लेकिन हेमंत ने फाइल को दबा रखा है। उन्होंने कहा कि ईडी के कार्रवाई पर हेमंत सोरेन आदिवासी कार्ड खेलते हैं जबकि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, छवि रंजन कोई आदिवासी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमें पता था कि कुछ लोग झारखंड को लूटने का कार्य करेंगे।


## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या ........../भू0अ0,गढ़वा, दिनांक ....................

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–श्रीनगर**, थाना–काण्डी, थाना सं0–77, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अन्तर्गत रोहतास जिलाधीन सोन नदी पर बिहार–झारखण्ड माया पण्डुका के पास पहुँच पथ सहित दो लेन उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल–सह–पहुँच पथ निर्माण** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–श्रीनगर**, थाना–काण्डी, थाना सं0–77, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **2.2693** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड से) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 19 | 369 | रैयती | टाड़ दो | 0.123 | शिवकुमारी देवी वो विमला देवी वो बचवा देवी पिता रामेश्वर राम | नाला | रामसागर राम | नाला | नीज |
| 2 | 19 | 362 | रैयती | टाड़ दो | 0.3066 | पचु राम पिता फकिरा राम ग्राम– श्रीनगर | सोन नदी | सीताराम वगै0 | मधु राम | नीज |
| 3 | 19 | 372 | रैयती | टाड़ दो | 0.1084 | मधु राम पिता योगी राम ग्राम श्रीनगर | प्लॉट 373 | सीताराम | नीज | पचु राम |
| 4 | 19 | 373 | रैयती | टाड़ दो | 0.0468 | मधु राम पिता योगी राम ग्राम श्रीनगर | सोन नदी | नीज | नीज | पचु राम |
| 5 | 28 | 414 | रैयती | टाड़ एक | 0.3611 | सागर कहार पिता तिलक कहार ग्राम–श्रीनगर | प्लॉट 413 | रास्ता | प्लॉट 412 | नीज |
| 6 | 10 | 371 | रैयती | टाड़ दो | 0.7119 | सिता राम वो बसंत राम पिता जुठन राम ग्राम–श्रीनगर | पचु राम, मधु राम | नाला व प्लॉट 413 | नीज | नीज |
| 7 | 41 | 412 | रैयती | टाड़ एक | 0.15 | कृष्णा राम पिता श्यामदेव राम ग्राम–श्रीनगर | सीताराम वगै0 | रास्ता | सिरामन वगै0 | प्लॉट 414 |
| 8 | 41 | 412 | रैयती | टाड़ एक | 0.29 | सिरामन राम वो पैरनाथ राम वो राम क्रेस राम पिता सुकन राम ग्राम श्रीनगर | सीताराम वगै0 | रास्ता | प्लॉट 411 | कृष्णा राम |
| 9 | 37 | 411 | रैयती | टाड़ एक | 0.1065 | चम्पा देवी पति रामदेनी चौधरी ग्राम श्रीनगर | बिफन राम | रास्ता | नारायण राम | प्लॉट 412 |
| 10 | 37 | 411 | रैयती | टाड़ एक | 0.05 | नरायण राम पिता सुकर राम ग्राम– श्रीगनर | बिफन राम | रास्ता | प्लॉट 409 | चम्पा देवी |
| 11 | 07 | 409 | रैयती | टाड़ एक | 0.015 | चुल्हन राम पिता छकौड़ी राम ग्राम– श्रीनगर | नीज | रास्ता | नीज | नारायण राम |
| | | | | कुल :– | 2.2693 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा।
PR 309972 (Land Reforms) 23-24 (D)



GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
National Career Service

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला

### रोजगार मेला– 31 अक्टुबर 2023
### रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में Government ITI सी0आर0पी0एफ0 कैम्प सिलम तिर्रा कार्यालय परिसर में दिनांक–31.10.2023 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–
सीनः– Government **ITI** सी0आर0पी0एफ0 कैम्प सिलम तिर्रा कार्यालय गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required: Essential | Qualification Required: Desirable | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NATIONAL PUBLIC SCHOOL THANA ROAD SISAI | COMPUTER OPRATOR | 02 | BCA Pass | TALLY, C++ | 1 Years | 25-35 Years | 9,000-13,000/- Per Month | SISAI, GUMLA, JHARKHAND |
| | | COMPUTER OPRATOR | 01 | BCA | - | 1 Years | 20-35 Years | 8,000-10,000/- Per Month | SISAI, GUMLA, JHARKHAND |
| | | SCIENCE TEACHER (ENGLISH MEDIUM) | 01 | B.SC, B-ED , ENGLISH SPEAKING SKILLS | ENGLISH SPEAKING SKILLS ARE MANDATORY | 2 Years | 25-40 Years | 13,500-15,500/- Per Month | SISAI, GUMLA, JHARKHAND |
| | | ENGLISH TECACHER | 02 | BA, B-ED , ENGLISH SPEAKING SKILLS | ENGLISH SPEAKING SKILLS ARE MANDATORY | 2 Years | 25-40 Years | 13,500-15,500/- Per Month | SISAI, GUMLA, JHARKHAND |
| 2 | SGRS ACADEMIC PVT.LTD | SET TRAINER | 10 | Self Employ Tailor, Trainer of Training. (MALE and FEMALE Both) | 12TH PASS | 2 Years | 18-28 Years | 12,000-16,000/- Per Month | GUMLA, JHARKHAND |
| 3 | LIC OF INDIA | AGENCY & LICENTIATESHIP OF LIC | 100 | 10TH & ABOVE (MALE and FEMALE Both) | - | - | 21 – 65 Years. | 35% COMMISSION | GUMLA, JHARKHAND |
| 4 | INTEGRATED PERSONNEL SERVICES LIMITED | MACHINE OPERATOR, | 100 | ITI WELDER/ FITTER, DIPLOMA PASS ( ONLY MALE) | - | - | 18-30 Years | 14,000/per Month | MAHARASHTRA |
| | | MACHINE TRAINEE OPERATOR | 200 | 12TH, GRADUATE, ITI WELDER/ FITTER, DIPLOMA PASS ( ONLY MALE) | - | - | 18-30 Years | 13,000/per Month | PUNE MAHARASHTRA |
| | | MACHINE TRAINEE OPERATOR | 200 | ITI WELDER/ FITTER, DIPLOMA PASS ( ONLY MALE) | - | - | 18-30 Years | 13,000/per Month | PUNE MAHARASHTRA |
| 5 | UPTO SKILLS | APPRENTICESHIP TRAINEE | 300 | 12TH PASS, ITI , DIPLOMA, ( ONLY MALE) | - | - | 18-35 Years | 12,000-20,000/- Per Month | UP, UTTRAKHAND, BIHAR |
| | | CUSTOMER SUPPORT REPRESENTATIVE | 100 | ,GRADUATION/ BBA/, MBA/ PASS (ONLY FEMALE) | - | - | 18-30 Years | 15,000-20,000/- Per Month | DELHI, NOIDA |
| | | APPRENTICESHIP TRAINEE | 100 | DIPLOMA MECHANICAL. ( ONLY MALE) | - | - | 18-35 Years | 12,500/- Per Month | BAWAL, HARYANA |
| 6 | GRAMIN SIKSHA AVAM PRASIKSHAN FOUNDATION | QUALITY INSPECTOR | 20 | Diploma In mech. | - | 1 Years | 18-32 Years | 16000/- | Ahmedabad, Gujrat. |
| | | M/C OPERATOR | 80 | 10th 12th ITI, Diploma | - | 1 Years | 18-35 Years | 15000/- | Ahmedabad, Gujrat. |
| | | ASSEMLY LINE | 80 | 10th 12th ITI Pass | - | 1 Years | 18-35Years | 15000/- | Ahmedabad, Gujrat. |
| 7 | INODAYA PRECEPTORS PVT LTD | MACHINE OPERATOR, QUALITY INSPECTOR AND HELPER . | 350 | 10TH, 12TH, ITI PASS ( ONLY MALE) | - | - | 18-30 Years | 18,773/- Per Month | KOLAR, KARNATAKA |
| | | TRAINEE OPERATOR | 300 | 10TH, 12TH, ITI PASS ( ONLY MALE) | - | - | 18-30 Years | 15,620/- Per Month | BANGALORE , KARNATAKA |
| | | FORGING OPERATOR AND HELPER. | 350 | 8TH 10TH, 12TH, ITI , DIPLOMA PASS (ONLY MALE) | - | - | 18-28 Years | 14000-24000/- Per Month | KOLAR |
| 8 | G4S SECURE SOLUTIONS Pvt Ltd. | SECURITY GUARD Height Male 5'3", Female 5'2". | 500 | 10TH Pass (MALE and FEMALE Both) | - | - | 18-40 Years | 14,000 UPTO 20,500/- Per Month (Immediate Joining) | HYDERABAD ,DELHI, CHENNAI KOLKATA, GUJARAT, BHUNESHWAR , BANGULURU. |

नोटः– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला
PR 310023 Labour Employment and Traning(23-24).D

## विश्वकप 2023 : पाकिस्तान सेमिफाइनल की रेस से बाहर

# साउथ अफ्रीका एक विकेट से हुआ विजयी

**एजेंसी। चेन्नई**

चाइनामैन तबरेज शम्सी की शानदार गेंदबाजी (10 ओवर, 60 रन, चार विकेट) के बाद एडन मारक्रम के 91 रनों की जबरदस्त अर्धशतकीय पारी (93 गेंद, सात चौके, तीन छक्के) के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को आईसीसी पुरुष विश्वकप के मुकाबले में यहां पाकिस्तान को एक विकेट से हरा दिया। सांसें रोक देने वाले मुकाबले में केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने आखिरी विकेट के लिए 11 नाबाद रन जोड़कर टीम को जीत की मंजिल पर पहुंचाया। केशव महाराज 21 गेंद पर सात रन और शम्सी छह गेंद पर चार रन बनाकर नाबाद रहे। महाराज ने मोहम्मद नवाज की गेंद पर चौका जड़कर टीम को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान बाबर आजम और सउद शकील के अर्धशतकों की मदद से 270 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका ने 47.2 ओवर में नौ विकेट पर 271 रन बनाकर मैच जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका की छह मैचों में यह पांचवीं जीत है। इसके साथ ही वह प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गया। वहीं पाकिस्तान अपने छह में से चार मैच हार चुका है। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं रही और 34 रन पर ओपनर क्विंटन डी कॉक शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। हालांकि सेकेंड डाउन बल्लेबाजी करने आए मारक्रम ने एक छोर संभाले रखा। वह 41वें ओवर की पहली गेंद पर जब सातवें विकेट के रूप में आउट हुए उस समय टीम का स्कोर 250 रन हो चुका था और जीत के लिए महज 21 रनों की जरूरत थी। वह लेगब्रेक गेंदबाज उसामा मीर को उठाकर मारने के चक?कर में कप्तान बाबर आजम को कैच थमा बैठे। उनके अलावा कोई और बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना सका। अगले ओवर में इसी स्कोर में गेराल्ड कोएट्जी को अफरीदी ने मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराकर चलता किया। हारिस रऊफ ने 46वें ओवर की तीसरी गेंद पर लुंगी एनगिडी को अपनी ही गेंद पर कैच कर लिया। उस समय टीम का स्कोर 260 रन था। पाकिस्तान की ओर से अफरीदी ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। मोहम्मद वसीन, उसामा मीर और रऊफ के खाते में दो-दो विकेट आए। इससे पहले, पाकिस्तान ने पिछले मैचों के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मैच में बेहतर बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 46.4 ओवर में 270 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया। हालांकि, उसकी शुरूआत खराब रही और उसके दोनों ओपनर 38 रन तक पवेलियन लौट गए। लेकिन उसके बाद के बल्लेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कप्तान बाबर आजम ने 50 और सउद शकील ने 52 रन बनाए। एक समय पर बाबर और इफि्तखार का विकेट गंवाने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पाकिस्तान की टीम 240 का आंकड़ा भी शायद पार न कर सके लेकिन शादाब और सऊद ने पहले कमाल की पारी खेली और फिर नवाज ने भी एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली। पिच स्पिन गेंदबाजों को मदद कर रही है।




### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 10 | +2.032 |
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 | +1.353 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.481 |
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 3 | 2 | 6 | +1.142 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.205 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.387 |
| अफगानिस्तान | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.969 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.253 |
| इंग्लैंड | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.634 |
| नीदरलैंड्स | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.902 |

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 9 | 17 | 1 | 0 |
| इमाम-उल-हक | 12 | 18 | 2 | 0 |
| बाबर आजम | 50 | 65 | 4 | 1 |
| मोहम्मद रिजवान | 31 | 27 | 4 | 1 |
| इफि्तखार अहमद | 21 | 31 | 1 | 1 |
| सऊद शकील | 52 | 52 | 7 | 0 |
| शादाब खान | 43 | 36 | 3 | 2 |
| मोहम्मद नवाज | 24 | 24 | 1 | 2 |
| शाहीन शाह अफरीदी | 2 | 4 | 0 | 0 |
| मोहम्मद वसीम | 7 | 9 | 0 | 1 |
| हारिस रउफ | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 19, **कुल :** 270/10 (46.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-20, 2-38, 3-86, 4-129, 5-141, 6-225, 7-240, 8-259, 9-268, 10-270 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मार्को यानसन 9-1-43-3, लुंगिसानी एनगिडी 7.4-0-45-1, एडन मारक्रम 4-0-20-0, केशव महाराज 9-0-56-0, जेराल्ड कट्जी 7-0-42-2, तबरेज शम्सी 10-0-60-4

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तेम्बा बवूमा | 28 | 27 | 4 | 1 |
| क्विंटन डिकॉक | 24 | 14 | 5 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 21 | 39 | 0 | 0 |
| एडन मारक्रम | 91 | 93 | 7 | 3 |
| हाइनरिक क्लासन | 12 | 10 | 0 | 1 |
| डेविड मिलर | 29 | 33 | 2 | 2 |
| मार्को यानसन | 20 | 14 | 2 | 1 |
| जेराल्ड कट्जी | 10 | 13 | 0 | 0 |
| केशव महाराज | 7 | 21 | 1 | 0 |
| लुंगिसानी एनगिडी | 4 | 14 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी | 4 | 6 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 21, **कुल :** 271/9 (47.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-34, 2-67, 3-121, 4-136, 5-206, 6-235, 7-250, 8-250, 9-260 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** इफ्तिखार अहमद 3-0-23-0, शाहीन शाह अफरीदी 10-0-45-3, मोहम्मद नवाज 6.2-0-40-0, हारिस रउफ 10-0-62-2, मोहम्मद वसीम 10-1-50-2, उसामा मीर 8-0-45-2

## आज धर्मशाला में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच होगी भिड़ंत



**एजेंसी। धर्मशाला**

आईसीसी विश्व क्रिकेट कप के लीग मैच में शनिवार को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया की टीमें आपस में भिड़ने वाली हैं। धर्मशाला में होने वाला यह मैच रोमांचक होने वाला क्योंकि फिलहाल यह दोनों टीमें टेबल प्वाइंट पर तीसरे और चौथे नम्बर पर हैं। ऐसे में यह दोनों टीमें इस मैच को जीतकर टेबल प्वाइंट पर अपनी स्थिति और बेहतर करना चाहेंगी।

इस विश्व कप का धर्मशाला में न्यूजीलैंड की टीम का यह दूसरा मैच है। जबकि आस्ट्रेलिया शनिवार को धर्मशाला में विश्व कप का अपना पहला मैच खेलेगा। न्यूजीलैंड की टीम बीते 22 अक्टूबर को भारत के साथ यहां अपना लीग मैच खेल चुकी है जिसमें उसे पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। धर्मशाला में शनिवार को खेले जाना वाला यह मैच दिन का है जो सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा।

### ईडन गार्डंस पहुंचा विश्व कप का कारवां

## बांग्लादेश के सामने गंभीर चुनौती

**एजेंसी। कोलकाता**

विश्व कप का कारवां अब ईडन गार्डंस पहुंच गया है जहां शनिवार को नीदरलैंड और बांग्लादेश सेमीफाइनल में पहुंचने की थोड़ी बहुत उम्मीदें बनाये रखने के लिये एक दूसरे के आमने सामने होंगे। खेलों को लेकर दीवानगी के लिये मशहूर शहर दुगार्पूजा के बाद अब क्रिकेट का उत्सव मनाने के लिए तैयार है। विश्व कप शुरू हुए 23 दिन और 27 मैच हो चुके हैं लेकिन ईडन पर यह पहला मुकाबला है। विश्व कप को लेकर यहां रोमांच हालांकि नजर नहीं आ रहा । इस मैदान पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के मैच के अलावा दूसरा सेमीफाइनल भी होना है। बांग्लादेश और नीदरलैंड ने अब तक चार में से एक ही मैच में जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराकर शानदार शुरूआत की थी लेकिन इसे बदकिस्मती कहें या रणनीति का



अभाव, बाकी के मैचों में उसने लय खो दी। पूर्व चैम्पियन इंग्लैंड, पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड और मेजबान भारत के खिलाफ पिछले तीन मैचों में बांग्लादेश पूरी तरह नाकाम रहा। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने शाकिब अल हसन की टीम को करारी शिकस्त दी। टीम का मनोबल इस कदर गिर गया कि शाकिब को टूर्नामेंट के बीच में अपने बचपन के कोच नजमुल फहीम के साथ मिलकर कुछ तकनीकी मसले सुलझाने के लिए स्वदेश लौटना पड़ा। अब देखना यह है कि आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर शाकिब की तकदीर पलटती है या नहीं।

## हंगरी में यूरो 2024 क्वालीफायर की मेजबानी करेगा इजरायल

**यरुशलम।** इजरायल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने कहा है कि इजरायल स्विट्जरलैंड और रोमानिया के खिलाफ अपने अगले दो घरेलू यूरो 2024 क्वालीफाइंग मैचों की मेजबानी हंगरी में करेगा। मौजूदा इजरायल -हमास संघर्ष और सुरक्षा स्थिति के कारण देश में मैच आयोजित करने पर यूईएफए के निलंबन के कारण ग्रुप क के दो मैच इजरायल के बाहर आयोजित किए जाएंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दो मैच क्रमशः 15 और 18 नवंबर को निर्धारित हैं, इसके अलावा इजरायल के 12 नवंबर को कोसोवो और 21 नवंबर को अंडोरा के खिलाफ दो मैच होंगे।

### महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023

# जापान ने मलेशिया को 3-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में शुक्रवार से शुरू हुई सातवीं महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में जापान ने पहले ही मैच से अपना विजय अभियान शुरू किया। उसने एकतरफा मुकाबले में मलेशिया को 3-0 से पराजित कर दिया। जापान ने इसके पहले 2011 में कोरिया में आयोजित इस चैंपियनशिप में विजेता का खिताब हासिल किया था। दर्शकों से खचाखच भरे जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में हुए मुकाबले में जापान ने शुरूआत से दबदबा बनाए रखा। पहले हाफ में जापान ने मलेशिया



के खिलाफ मिले पेनाल्टी कार्नर का फायदा उठाकर पहला गोल किया। इसके बाद मैच के तीसरे और लास्ट क्वार्टर में भी जापान ने एक के बाद एक लगातार दो गोल दागे। अंतिम क्वार्टर में मलेशिया को लगातार 3 बार पेनाल्टी कार्नर मिला, लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी।

### कोरिया ने चीन को1-0 से हराया

झारखंड वीमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 का दूसरा मैच चीन और कोरिया के बीच शुक्रवार को शुरू हुई। 18 वें मिनट में कोरिया ने चाइना पर 1-0 की बढ़त बनायी। कोरिया ने पहले पेनाल्टी कॉर्नर का



फायदा उठाते हुए एएन सुजिन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। मैच के क्रम में चीन को 10 पेनाल्टी शूट आउट का मौका मिला, लेकिन इस मौके का फायदा उठाने में टीम असफल रही, तीसरे क्वाटर में भी कोरिया 1-0 से आगे रही। जबकि आखिरी मिनट तक चीन गोल के लिए संघर्ष करती दिखी, लेकिन चीन ने इस मैच को काफी आक्रामक तरीके से खेला। इसके बाद भी कोरिया ने 1-0 से मैच जीत लिया।




### एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ

# शुभम जगलान का शानदार प्रदर्शन पहले दौर के बाद 9वें स्थान पर



### एशियन पैरा गेम्स पदक तालिका

| पद | देश | सोना | चांदी | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 196 | 159 | 138 | 493 |
| 2 | जापान | 39 | 44 | 56 | 139 |
| 3 | आईआर ईरान | 39 | 39 | 37 | 115 |
| 4 | दक्षिण कोरिया | 28 | 30 | 37 | 95 |
| 5 | उज्बेकिस्तान | 26 | 21 | 32 | 79 |
| 6 | भारत | 25 | 29 | 45 | 99 |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मेलबर्न में खेले जा रहे एशिया-पैसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारत के शुभम जगलान आज कठिन परिस्थितियों में 1-ओवर 72 का स्कोर करते हुए पहले दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर पहुंच गए।

बारिश और तेज हवाओं के कारण अन्य भारतीय खिलाड़ियों को संघर्ष करते देखा गया। भारत के अन्य खिलाड़ी युवराज सिंह (74) टी-27, राघव चुघ और कृष्णव निखिल चोपड़ा ने 6-ओवर 77 का स्कोर करके टी-51 स्थान हासिल किया, जबकि 13 वर्षीय कार्तिक सिंह (78) टी-62 थे। शौर्य भट्टाचार्य (83) टी-98 और वेदांत सिरोही (85) टी-107 थे।

न्यूजीलैंड के काजुमा कोबोरी ने रॉयल मेलबर्न में कंपोजिट कोर्स के नौवें, शुरूआती टी से शुरूआत करने के बाद 5-अंडर का स्कोर बनाकर टॉप पर थे।

22 साल के जगलान ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, "यह अद्भुत था। मैंने पूरा दिन काफी अच्छा खेला। मुझे ऐसा लगा जैसे हर बार जब मैंने अपनी जैकेट उतारी, तो बारिश फिर से शुरू हो गई। यह काफी चुनौतीपूर्ण था। पूरे दिन हवा चलती रही। मुझे ऐसा लगता है कि इस कंडीशन में मैंने अच्छी तरह खेला है।"

तीन खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलियाई बिली डाउलिंग और जैस्पर स्टब्स और दक्षिण कोरिया के ह्यून यूके किम ने 3-अंडर का स्कोर किया।

# एमएस धोनी ने क्यों लिया था अचानक संन्यास, सामने आया चौंकाने वाला सच

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा है कि 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भारत की हार के बाद उन्होंने यह फैसला कर लिया था कि यह नीली जर्सी में उनका आखिरी मैच होगा। 2019 विश्व कप में भारत के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद 13 महीनों में धोनी क्रिकेट के क्षेत्र से दूर रहे और फिर 15 अगस्त, 2020 को संन्यास का ऐलान



किया। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, धोनी ने खुलासा किया कि सेमीफाइनल के बाद उन्होंने फैसला किया कि यह भारत के लिए उनका आखिरी मैच था। उन्होंने कहा, जब आप एक करीबी मैच हार जाते हैं तो अपनी भावनाओं को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। मेरे लिए, वह आखिरी दिन था जब मैंने भारत के लिए क्रिकेट खेला। मैंने एक साल बाद संन्यास लिया, लेकिन तथ्य यह है कि उस दिन मैं सेवानिवृत्त हो चुका था।"

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद, पूर्व कप्तान आईपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक सक्रिय खिलाड़ी बने हुए हैं और उन्होंने 2023 में अपनी टीम को 5वें खिताब तक पहुंचाया। इतना ही नहीं उन्होंने फैंस से वादा किया था कि वह आईपीएल 2024 में वापसी करेंगे।

## शैलेश, राकेश व मन्नु को तकनीकी अधिकारी बनाये जाने पर तैराकी संघ ने दी बधाई





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड तैराकी संघ के पदाधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी, वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी, राकेश कुमार पाठक (सीसीएल, रांची) एवं मन्नु कुमार राणा (हजारीबाग), को 37 वें राष्ट्रीय खेल के सफल आयोजन संपन्न कराने के लिए भारतीय तैराकी संघ ने तकनीकी अधिकारी के रूप में मनोनीत किया है। इस उपलब्धि पर झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्ष बरखा सिन्हा, चेयरमैन राम बालक सिंह, अर्चित आंनद सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी,अमर सिंह, राजेश यादव, रंधीर कुमार, अरविंद शर्मा,चिंटू सिंह और संघ के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### विश्व कप | हार्दिक की गैर मौजूदगी ने अश्विन का चयन किया मुश्किल

# कोहली को करनी पड़ सकती है गेंदबाजी

**एजेंसी। लखनऊ**

रविचंद्रन अश्विन को तीसरे स्पिनर के तौर पर लखनऊ में उतारने का फैसला आसान होता लेकिन स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी ने भारतीय टीम प्रबंधन को रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप के मैच से पहले सोचने पर मजबूर कर दिया है। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले तीसरे तेज गेंदबाज हार्दिक अंतिम एकादश को संतुलन देते हैं। धर्मशाला में उनकी गैर मौजूदगी में भारतीय टीम में दो बदलाव करने पड़े थे। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की थी।

हार्दिक के रहने से भारत के








पास गेंदबाजी के छह विकल्प होते हैं लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम पांच गेंदबाजों के साथ उतर सकती है। हार्दिक की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव को मौका दिया गया जबकि शार्दुल ठाकुर को बाहर रखा गया था। रोहित शर्मा एंड कंपनी ने 9 अलग -अलग स्थानों पर 9 लीग मैचों में हालात के अनुरूप टीम के चयन की रणनीति अपनाई है।

स्पिनरों की मददगार पिच पर अश्विन उनकी पसंद है लेकिन सपाट पिच पर शार्दुल को चुना जाता है। हार्दिक की अनुपस्थिति में यह मुश्किल हो गया है। लखनऊ में अगर अश्विन को उतारा जाता है तो भारत के पास दो ही विशेषज्ञ तेज गेंदबाज रह जाएंगे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज और शमी में से एक को चुनना होगा। शमी ने धर्मशाला में पांच विकेट लेकर ड्रेसिंग रूम में चयन की दुविधा बढ़ दी है।

भारत के पूर्व चयनकर्ता और स्पिनर शरणदीप सिंह का मानना है कि हार्दिक की गैर मौजूदगी में भी भारत को छठा गेंदबाजी विकल्प रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यहार्दिक रहे या नहीं रहे, गेंदबाजी में छठा विकल्प होना चाहिए। बुमराह का खराब दिन होने या कुलदीप के महंगा साबित होने पर उसकी जरूरत पड़ेगी। छठा गेंदबाज नहीं होने पर विराट कोहली को दो या तीन ओवर डालने पड़ सकते हैं।'

## धर्मराज सोलाइराज ने लंबी कूद-टी64 स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**हांगझू।** भारतीय एथलीट धर्मराज सोलाइराज ने शुक्रवार को हांगझू में चल रहे एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की लंबी कूद-टी64 में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। सोलाइराज ने फाइनल इवेंट में 6.80 अंक हासिल कर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। श्रीलंका के मथाका गमागे ने 6.68 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। वहीं, जापान के माटायोशी कोटो को 6.35 अंकों के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अपने चौथे प्रयास में सोलाइराज ने 6.36 अंक बनाए। हालांकि अपने आखिरी और छठे प्रयास में भारतीय एथलीट ने 6.80 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। मथाका का दूसरा प्रयास उनका सर्वश्रेष्ठ था और उन्होंने स्कोरबोर्ड पर 6.68 अंक लगाए।

## राइफल निशानेबाज अर्जुन व तिलोत्तमा को रजत, हासिल किया ओलंपिक कोटा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता और तिलोत्तमा सेन ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप में पुरूषों और महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शुक्रवार को रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। 24 वर्ष के बाबुता, दिव्यांश सिंह पंवार और ह्रदय हजारिका ने 1892.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। बाबुता ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारत के नौवें निशानेबाज बन गए। महिला और पुरूष वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले वह छठे राइफल निशानेबाज बन गए। 15 वर्ष की तिलोत्तमा ने महिलाओं के फाइनल में 252.3 अंक बनाकर भारत के लिए दसवां कोटा हासिल किया। वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गई। कोरिया की युंजी क्वोन ने 252.4 अंक के साथ स्वर्ण जीता। भारत की ही रमिता को कांस्य पदक मिला। भारतीय निशानेबाजों ने राइफल में सात कोटा स्थान, शॉटगन में दो और पिस्टल में एक कोटा हासिल किया है। दस मीटर एयर राइफल में इससे पहले रूद्रांक्ष पाटिल ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।